e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 14
# प्रभात मंत्र
शनिवार
14.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आप प्रेम ढूंढे ये अच्छी बात है, लेकिन आपको बिना खोजे सच्चा प्रेम मिल जाए तो ये सबसे अच्छा है।

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## पीएम मोदी ने किया दुनिया की सबसे लंबी क्रुज यात्रा का शुभारंभ

# युवाओं को रोजगार देगा क्रुज टूरिज्म का दौर : मोदी

एजेंसी

**वाराणसी :** वाराणसी से दुनिया की सबसे लंबी क्रुज यात्रा की शुरुआत शुक्रवार को हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर गंगा विलास क्रुज को काशी से रवाना किया। इस दौरान सीएम योगी भी मौजूद रहे। गंगा विलास क्रुज 3200 किमी की यात्रा तय करेगा और ये सफर 51 दिनों का होगा। गंगा विलास को रवाना करने के साथ ही पीएम ने गंगा पार रेत में बसाए गए टेंट सिटी का भी उद्घाटन किया। पीएम ने क्रुज को रवाना करने से पहले हर-हर महादेव के उद्घोष से अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि मैं सभी विदेश पर्यटकों का स्वागत करता हूं। पीएम ने जलमार्ग को सबसे सस्ता साधन बताया। गंगा विलास क्रूज 25 अलग-अलग नदियों से होकर गुजरेगा। देश में कुल 111 जलमार्ग हैं जिनमें 5 पुराने, 106 नए जलमार्ग है। 20,275 किमी. के जलमार्ग 24 राज्यों में फैले हुए हैं।

जलमार्ग से सबसे बड़ा फायदा है। इससे सड़क की जाम में फंसने का कोई झंझट नहीं होता। इसके अलावा एक्सीडेंट का खतरा सबसे कम होता है। भारी सामानों की ढुलाई अन्य साधनों के मुकाबले जलमार्ग से आसान है। 111 राष्ट्रीय जलमार्गों को विकसित किया जा रहा है। क्रूज टूरिज्म का ये नया दौर युवाओं को रोजगार देगा। पीएम मोदी से पहले सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले तीन दिनों में गंगा विलास के पर्यटकों ने वाराणसी और आसपास के स्थानों का दौरा किया और यहां की संस्कृति को जाना। काशी आज एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रही है। बता दें कि गंगा विलास क्रूज आत्मनिर्भर भारत का उदाहरण है। कहा कि युवाओं के लिए रोजगार, व्यापार के अवसर बढ़ेंगे.वहीं विदेशी पर्यटकों के लिए भी ये आकर्षण का केंद्र होगा.

### क्रुज का इंटीरियर देश की संस्कृति को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है

क्रुज का इंटीरियर देश की संस्कृति और धरोहर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इंटीरियर में सफेद, गुलाबी, लाल और हल्के रंगों का इस्तेमाल किया गया है। वुडेन फ्लोरिंग और रंगों का बेहतर समन्वय पर्यटकों को सबसे अधिक पसंद आ रहा है।क्रूज में तीन डेक हैं। तीनों डेक पर अलग-अलग सुविधाएं हैं। क्रूज पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। कचरों को एक जगह एकत्र कर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया जाता है। प्रदूषण का स्तर शून्य रखने के लिए इंधन के रूप में हाई स्पीड डीजल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें लगे ऑयल स्प्रेडर्स डीजल को गंगा में जाने से बचाते हैं। क्रूज में 60 हजार लीटर पानी स्टोर करने की क्षमता है। क्रूज को इस तरह डिजाइन किया गया है कि पर्यटकों को प्लास्टिक की बोतलों की जरूरत ही ना पड़े। क्रूज में आधुनिक उपकरणों से लैस एसटीपी लगाई गई है।




### यात्रा के लिए कुल 3 पैकेज, एक दिन का किराया 25 हजार

गंगा विलास क्रुज की यात्रा और उसका किराया भी रॉयल है। कुल 51 दिन के ट्रिप का किराया 15,300 डॉलर या करीब 13 लाख रुपये है। यानी एक रात के लिए करीब 25,000 रुपए चुकाने होंगे। टिकट के दाम भारतीय और विदेशी दोनों के लिए एक ही है। क्रूज यात्रा के कुल 3 पैकेज हैं। पहला- बनारस से डिब्रूगढ़ तक की यात्रा का प्रति यात्री खर्च 13 लाख रुपये है। दूसरा- कोलकाता से बनारस तक के 12 दिन की यात्रा का पैकेज 4 लाख 37 हजार रुपये है।तीसरा- चार दिन के इनक्रेडिबल बनारस पैकेज की कीमत 1 लाख 12 हजार रुपए है।

# नहीं रहे जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव




एजेंसी

**नई दिल्ली :** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का निधन हो गया। इसकी सूचना गुरुवार देर रात उनकी बेटी सुभाषिनी शरद यादव ने ट्वीट कर दी। फोर्टिस अस्पताल की ओर से जारी बयान के अनुसार शरद यादव को अचेत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। उनकी शरीर में कोई मूवमेंट नहीं थी। एसीएलएस प्रोटोकॉल के तहत उन्हें सीपीआर दिया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में जेडीयू से उनका मतभेद हो गया था जिसके बाद उन्होंने वर्ष 2018 में लोकतांत्रिक जनता दल (एलजेडी) पार्टी बनाई। शरद यादव ने 1999 और 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में विभिन्न मंत्रालयों में कैबिनेट मंत्री का जिम्मा संभाला था। वह सात बार लोकसभा और तीन बार राज्यसभा सांसद रहे।

**शरद यादव के निधन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया**

नई दिल्लीः दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

### शरद यादव सामाजिक न्याय के पुरोधा थे : सीएम



मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने शरद यादव के निधन को भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि समाजवाद और सामाजिक न्याय के पुरोधा शरद जी हमेशा गरीब, वंचित और शोषित समाज के हक-अधिकारों की आवाज बने। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुख की इस विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति दें।

## क्विक न्यूज

### गुमला में विवाद के दौरान पत्नी ने ही की थी आर्मी जवान की हत्या

**गुमला :** आर्मी जवान परना उरांव हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए गुमला पुलिस ने उसकी पत्नी बुधेश्वरी देवी व विनय लकड़ा को गिरफ्तार कर शुक्रवार को गुमला जेल भेज दिया। गुमला के एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से थाना परिसर में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में हत्याकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के खोरा जामटोली गांव में 11 जनवरी की रात आर्मी जवान परना उरांव और उसकी पत्नी बुधेश्वरी देवी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान बुधेश्वरी देवी ने लोह के रॉड से परनी उरांव के सिर पर प्रहार कर दिया। वह परिजनों की मदद से परना उरांव को अस्पताल ले जाने लगी लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### नीति आयोग के डेल्टा रैंकिंग में लोहरदगा जिला पहले स्थान पर

**लोहरदगाः** नीति आयोग की देशभर के 112 आकांक्षी जिलों के डेल्टा रैंकिंग में लोहरदगा पहले स्थान पर पहुंच गया है। नवम्बर 2022 की डेल्टा रैंकिंग में लोहरदगा 53.4 कंपोजिट स्कोर के साथ पहले स्थान पर है। इसमें विभिन्न इंडिकेटर्स में से हेल्थ एवं न्यूट्रिशन में स्कोर 75.8 है, जो सबसे ज्यादा है। इसी प्रकार बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर का स्कोर 74.6 है। एजुकेशन का स्कोर 55.7, फाइनेंशियल इनक्लूजन एवं स्किल डेवलपमेंट का स्कोर 36.5 और एग्रीकल्चर एवं वाटर रिसोर्स का स्कोर 14.2 है.डेल्टा रैंकिंग में लोहरदगा जिला नवम्बर 2022 की डेल्टा रैंकिंग में पहले स्थान पर है। स्वास्थ्य में स्कोर 75.8 है जो अक्टूबर 2022 में 68.1 था।

### विधायक रामचंद्र सिंह के भतीजे का शव कुएं से बरामद

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के भतीजे कृष्ण सिंह (35) का शव शुक्रवार को उनके घर से थोड़ी दूर पर स्थित कुएं के बरामद हुआ। मृतक बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा गांव के रहने वाले थे। यह पिछले तीन दिनों से घर से लापता थे। जानकारी के अनुसार कृष्णा सिंह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। इसी बीच पिछले तीन दिनों से घर से लापता हो गए थे। घरवाले उनकी काफी खोजबीन की। लेकिन कोई अता पता नहीं चला। इसी बीच शुक्रवार को कुछ ग्रामीणों ने उनके घर से थोड़ी दूर पर स्थित में शव को तैरता देखा।

## हिट्रोलोगस बूस्टर डोज के रूप कोवोवेक्स वैक्सीन को बाजार में उतारने हुई सिफारिश

# कोरोना में रामबाण की तरह काम करेगी वैक्सीन




एजेंसी

**पुणे :** केंद्रीय औषधि प्राधिकरण विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्णायक फैसला लेते हुए पुणे की सिरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए कोरोना रोधी टीका कोवोवेक्स को बाजार में उपलब्ध कराने के लिए सिफारिश जारी कर दी है। यह वैक्सीन हिट्रोलोगस बूस्टर डोज के रूप में देशवासियों के स्वास्थ्य के अनुरूप रामबाण हथियार के रूप में कार्य करेगी। यह कोरोनारोधी टीका कोविशिल्ड या कोवैक्सीन ले चुके लोग कोवोवेक्स को बूस्टर डोज के रूप में ले सकेंगे।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की एक विशेष विषय विशेषज्ञ समिति ने दो दिनों की बैठक के दौरान विचार-विमर्श किया और कोविशिल्ड या कोवैक्सीन की दो खुराक लेने वाले वयस्कों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में कोरोना रोधी टीका कोवोवैक्स को बाजार में उपलब्ध कराने की सिफारिश कर दी है। इससे पहले सरकारी और नियामक मामले के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने हाल ही में देश के औषधि महानियंत्रक को पत्र लिखकर कुछ देशों में कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के बढ़ते मामलों को लेकर 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में इस वैक्सीन के लिए मंजूरी देने का आग्रह किया था।

**पूनावाला को स्वीकृति की उम्मीद थी:** सिरम इंस्टीट्यूट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला गत दिनों उनके इंस्टिट्यूट द्वारा रामबाण औषधि के रूप में तैयार किए गए टीके की मंजूरी के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन को आवेदन कर चुके थे और उन्हें पूरी उम्मीद भी थी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहां कि केंद्र सरकार के पास आपूर्ति के लिए इस टीके का पर्याप्त भंडार रहेगा।

# गिरिडीह में 15 लाख का इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड पुलिस और एनआईए का मोस्ट वांटेड 15 लाख का इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा गिरफ्तार हुआ है। कृष्णा की गिरफ्तारी गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ के द्वारा संयोग छापेमारी अभियान के दौरान हुई है। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ झारखंड और बिहार के कई थानों में मामले दर्ज हैं। अभियान का नेतृत्व एएसपी गुलशन तिर्की ने किया। सर्च ऑपरेशन अभी जारीहै। कृष्णा हांसदा भाकपा माओवादी रिजनल कमिटी मेंबर है। पिछले कई वर्षों से कृष्णा पारसनाथ के इलाके में अपने दस्ते के साथ सक्रिय है। इस दौरान इसने यहां कई घटनाओं को अंजाम दिया है। कृष्णा को पकड़ने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ लगातार अभियान चला रही थी। कई बार कृष्णा पुलिस के हत्थे आते आते बचा था। कृष्णा मूल रूप से पीरटांड का रहने वाला है। उसको एनआईए ने कांड संख्या 19/2018 और 21/2018 में मोस्टवांटेड घोषित किया है।

### नक्सलियों ने ठेकेदार से मांगी 5.70 करोड़ लेवी



**दुमका :** नक्सल प्रभावित काठीकुंड में सड़क निर्माण करा रही सिलीगुड़ी के कंपनी के ठेकेदार से नक्सलियों ने 5.70 करोड़ लेवी मांगी है। लेवी नहीं देने पर काम रोक देने की धमकी दी है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) बिहार, झारखंड सीमांत जोनल कमेटी के लेटर पैड धमकी भरा पत्र 26 दिसंबर को ठेकेदार अशोक चौधरी को भेजा गया। पत्र में संगठन की कार्य प्रणाली की चर्चा करते हुए इस बात पर नाराजगी जताई है कि बिना सहमति लिए सड़क निर्माण कार्य कैसे शुरू कर दिया। 30 दिसंबर तक 10 प्रतिशत लेवी की दर पर 5 करोड़ 70 लाख रुपये गोपीकांदर में एक निश्चित स्थान पर पहुंचाने का फरमान पत्र में दिया गया था। 29 दिसंबर को अशोक चौधरी को फोन पर भी धमकी भरा कॉल आया था। इस कॉल में लेवी की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि प्रखंड में गांधी चौक से कड़बिंधा पथ का निर्माण करीब 57 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। करीब 22 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण का काम सिलीगुड़ी की कंस्ट्रक्शन कंपनी केमेक इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड को मिला है। अशोक चौधरी केमेक इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत व्यक्ति है। उपराजधानी दुमका के काठीकुंड पुलिस लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई।

### चाईबासा में नक्सली हमले में घायल तीन जवान दिल्ली एयरलिफ्ट

**रांची :** पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में हुए लैंडमाइंस ब्लास्ट में घायल तीन जवानों को शुक्रवार को एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया है। सभी जवान मेडिका अस्पताल में भर्ती थे। मेडिका अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक तीन जवानों की स्थिति गंभीर थी, जिन्हें दिल्ली रेफर किया गया है। घायलों में शाहरुख खान, भरत सिंह राय और अजय लिंडा हैं। अस्पताल से भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के बीच ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उन्हें एयरपोर्ट पहुंचाया गया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम के तुम्बाहाका जंगल के समीप बुधवार को भाकपा (माओवादी) नक्सलियों और सुरक्षा बलों में मुठभेड़ के बाद आईईडी ब्लास्ट में कोबरा बटालियन के छह जवान घायल हो गए थे। सभी जवानों को हेलिकॉप्टर से रांची लाकर मेडिका अस्पताल में भर्ती किया गया था।



## पीडीएस दुकान के सामने राशन कार्डधारियों का प्रदर्शन,

# दुकानदार पर लगाया अनाज घोटाला का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र से जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ निर्धारित से कम राशन देने का मामला आए दिन आते रहता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है। निर्धारित से कम राशन देना पूरे जिले आम बात है। शुक्रवार को करकटा में डीलर (अनुज पासवान) के द्वारा प्रति व्यक्ति 500 ग्राम कम राशन वितरण करने के विरोध में राशन दुकान के पास जम कर हंगामा किया। हंगामे के बाद डीलर द्वारा दुकान बंद कर दिया गया। कार्ड धारकों ने दुकानदार पर आरोप लगाते हुए कहा की फ्री वाला राशन देते है तो पैसे वाला नही देते और पैसे वाला देते हैं तो फ्री वाला नहीं देते, वहीं सितंबर माह का राशन नहीं दिया गया है फिर भी कार्ड में भर दिया है। कार्डधारियों को बिना राशन दिए ही मशीन में अंगूठा लेकर बाद में आने के लिए बोला जाता है। विरोध करते हुए लभुकों ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा की एमओ से शिकायत के बाद भी करवाई नही होता है जिससे डीलर का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। वहीं लभुक राम प्रवेश महतो, ललिता देवी, कोशिला देवी, मनोज कुमार मेहता अरविंद मेहता, शंभु शाह के साथ दर्जनों लभुकों ने कहा की पुरा राशन मांगने पर डीलर द्वारा अभद्रता किया जाता है और धमकी दिया जाता है की जहाँ जाना है जाओ हम सबको देख लेंगे, एमओ को भी पैसा देते है तो बराबर राशन कैसे देंगे। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सतेश्व मेहता ने बताया की डीलर के प्रति पहले भी मामला आते रहा है परंतु अभी तक कोई विभागिय करवाई नही हुआ है, जिससे डीलर का मनोबल इतना बढ़ गया है की सरकार के नियमों को ताक पर रख कर राशन वितरण किया जाता है, सरकार द्वारा मिले तराजू (काँटा)के बाद भी अलग से तराजू में तौल कर कम राशन वितरण किया जा रहा है, जिसकी लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों को देंगे और अगर उचित करवाई नहीं होता है तो बाध्य होकर हम सभी ग्रामीणों कार्डधारी आंदोलन करेंगे। इस संबंध में राशन वितरण कर रही पीडीएस डीलर की पत्नी ने बताया की जैसे सभी डीलर वितरण करते है वैसे ही कर रहे है जिसको लेना है ले हम बराबर राशन वितरण नहीं करेंगे। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क किया परंतु कॉल रिसिव नहीं हुआ।

## लोटवा के चटकपुर में शीघ्र मिलेगी तीन फेज की बिजली : डॉक्टर शशिभूषण मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड नीलांबर पितांबर पुर के पंचायत कुंदरी ग्राम लोटवा के चटकपुर में शीघ्र ही 3 फेज की बिजली मिलेगी। उक्त बातें पांकी विधानसभा के विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कहा। वाह शुक्रवार नीलांबर पितांबर पुर प्रखंड के कुंदरी पंचायत का दौरा कर रहे थे। डॉ मेहता ने कहा कि ग्रामीणों ने बताया कि बिजली 1 फेस लाइन है जिसे बढ़ाया जाए। डॉ कुशवाहा ने तुरंत बिजली विभाग के पदाधिकारियों को यहां की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु कहा है। बिजली विभाग ने आश्वासन दिया जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। ग्रामीणों ने सड़क और पानी की समस्या के बारे में भी बताया। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। बहुत जल्द समस्या निजात मिलेगा। क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क ग्राम लोटवा में आरसीडी रोड से लोटवा तीन मुहान होते हुए कुंदरी यादव टोला होते हुए पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ तक और लोटवा तीन मुहन से रोड तक बहुत जल्द सुदृढ़ हो जाएगा। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, रघुराम, ओम प्रकाश पासवान, पंचम पासवान, चंद्र प्रकाश पासवान, अजय पासवान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पत्रकार को धमकी देने वाले मुखिया पति पर कार्रवाई करें पलामू पुलिस : अवधेश शुक्ला

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने पलामू पुलिस से नावा बाजार के पत्रकार मिथिलेश कुमार शर्मा की जान माल की रक्षा करने की मांग किया है। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने पलामू के पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि पत्रकार मिथिलेश कुमार शर्मा को धमकी देने वाले नावा बाजार प्रखंड के सोहदाग खुर्द के मुखिया पति दामोदर चौधरी वह उसके भाई ने पत्रकार को रुपए से जला डालने की धमकी दिया है। श्री शुक्ला ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान हिंसा नहीं है। उन्होंने कहा कि पत्रकार का काम ही है समाज में शोषित वंचितओं की आवाज उठाने के साथ-साथ समाज में घटित समस्या को समाचार के माध्यम से लोगों के सामने लाना। ऐसी स्थिति में यदि पत्रकारों को धमकी दिया जाएगा तो काम करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए पत्रकार को निर्भीक रहना जरूरी है। श्री शुक्ला ने पलामू पुलिस से मुखिया पति एवं उसके भाई पर कार्रवाई करने की मांग किया है।

## गुरहा कला में किया गया उप स्वास्थ्य केंद्र का चंद्रवंशी ने किया शिलान्यास



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में समुचित विकास का कार्य स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के द्वारा लक्ष्य बनाकर किया जा रहा है। क्षेत्र में नित्य विकास के नए आयाम लिखे जा रहे हैं। प्रत्येक गांवों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसी मुलभुत सुविधाओं को पूरा किया जा रहा। जो स्थानीय विधायक के लिए एक बड़ी उपलब्धि से तनिक भी कम नहीं। उक्त बाते भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा। शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के गुरहा कला गांव में आयोजित उप स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। गुरहा कला गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र बन जाने से लोगों को भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगा, स्वास्थ्य सुविधा सहज हीं उपलब्ध हो सकेंगे।? विश्रामपुर जिला परिषद सदस्य विजय रविदास कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में उप स्वास्थ्य केन्द्र बन कर तैयार है। जहां चिकित्सक व चिकित्सीय कर्मियों के नहीं रहने के कारण लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए भटकना पड़ रहा है। सभी केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मौके पर गुरहा कला मुखिया राधा कृष्ण साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, रामानंद तिवारी, धीरन तिवारी, श्याम नारायण सहित कई लोग मौजूद थे।

## शोक सभा आयोजित कर समाजवादी नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मेन रोड स्थित राजद प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर दिवंगत समाजवादी नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को राजद कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने शरद यादव के राजनीतिक व सामाजिक जीवन को याद किया और देश के लिए उनके योगदान को अद्वितीय करार दिया। बाद में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव ने उन्हें सामाजिक न्याय का मसीहा बताया। वहीं राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, उपाध्यक्ष सूरज यादव छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शरद यादव के सरल व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शरद यादव का निधन भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। समाजवाद और सामाजिक न्याय के पुरोद्धा शरद यादव हमेशा गरीब वंचित और शोषित समाज के हक अधिकारों के आवाज को बुलंद की। शोक सभा में पाचू यादव, राजद प्रखंड सचिव सत्येंद्र भुइंया, विजय यादव, शिवनंदन यादव, अजय कुमार, अशोक जायसवाल, रामजी यादव, शिवनंदन यादव, धनंजय यादव, शशि गुप्ता आदि शामिल थे।

# शिक्षक के अभाव में बच्चों का हो रहा है भविष्य खराब

## दो शिक्षक के भरोसे पढ़ते हैं 273 बच्चे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत रत्नाग पंचायत के बेलहरा स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में मात्र दो शिक्षकों के भरोसे पढ़ रहे हैं (273) दो सौ तिहत्तर बच्चे. बताते चलें कि ईस विद्यालय में वर्ग एक से वर्ग आठ तक के विद्यार्थी पढ़ते। यहां के शिक्षकों की माने तो इस विद्यालय में शिक्षक बढ़ाने हेतु वरीय पदाधिकारियों से कई बार आग्रह भी किया जा चुका है फिर भी आज तक इस विद्यालय में शिक्षकों की बढ़ोतरी नहीं हो सकी। एक तरफ जहां झारखंड सरकार विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षक देने की बात करती है दूसरी तरफ दो सौ तिहत्तर विद्यार्थियों के लिए मात्र दो शिक्षक का होना काफी चिंता का विषय है. विद्यालय के विद्यार्थियों का भविष्य का क्या होगा यह सोचने वाली बात है। हलाकिं ईस पंचायत के मुखिया शशि भूषण पाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा हम लोग जंगली क्षेत्र में रहते हैं इसलिए सरकार भी हम लोगों को नजरअंदाज कर रही है. मुखिया ने तत्काल इस विद्यालय के लिए छात्र के अनुपात में शिक्षक देने की मांग की है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह में जगत जननी माँ महामैंत्रायनी योगिनी का मनाया गया महानिर्वाण दिवस



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोसाईबाग स्थित सर्वेश्वरी समूह में जगत जननी माँ महामैंत्रायनी योगिनी का महानिर्वाण दिवस शुक्रवार को मनाया गया। अघोर परिषद ट्रस्ट पड़ाव वाराणसी के सौजन्य से 208गरीब, असहाय, विधवा, दिव्यांग व जरूरतमंद लोगो के बीच निशुल्क साड़ी का वितरण किया गया। साड़ी वितरण से पूर्व अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान राम व गुरु पद सम्भव राम जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत गरीब-असहाय लोगों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है.उन्होंने कहा कि लगातार हमलोग गरीब असहाय लोगों के बीच मेडिकल कैंप लगाकर दवा का वितरण एवं लोगों के बीच वस्त्र का वितरण किया करते हैं। मौके पर पूर्व मुखिया पंकज प्रताप देव, वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू, नागेंद्र राम, संजीव सिन्हा, आंनद जायसवाल, नवीन कांत सिन्हा, मिथलेश कुमार, नवनीत कुमार, श्रीकांत सिन्हा, राजु कुमार, राजीव कुमार सिन्हा, परमेन्द्र कुमार, सहित बड़ी संख्या लोग लोग उपस्थित थे।

# चैनपुर में चली गोली दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों ने दो व्यक्तियों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा जा रहा है। घायल व्यक्तियों का नाम राजू आर्य और रंजीत आर्य है दोनों चचेरे भाई हैं। वही इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मुख्य सड़क जाम करने वालों की अब खैर नहीं : पांडू थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** पांडू प्रखंड मुख्यालय के मुख्य सड़क को जाम से निजात दिलाने के लिए पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। शुक्रवार के दिन कई लोगों को चेताया भी है। थाना प्रभारी ने सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले, ठेला लगाने वाले, मोटरसाइकिल लगाने वाले, लोगों के साथ-साथ उन दुकानदारों को भी चेताया जो दुकान के बाहर अपना सामान रख कर बेचते है. उन्होंने साफ शब्दों में कहा दुकानदार अपना समान दुकान के अंदर रखकर बेचे. दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ा न करने दें. सब्जी बेचने वालों को पूर्व से बने सेड में सब्जी बेचने की बात कही है। उन्होंने कहा 15 जनवरी रविवार के दिन से कोई भी व्यक्ति पांडू मुख्य सड़क के दोनों तरफ सब्जी बेचते नजर नहीं आना चाहिए। अगर सब्जी बेचते हुए या सड़क को अवरुद्ध करते हुए जो व्यक्ति पाए जाते हैं तो उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी. सभी सब्जी बेचने वाले पूर्व से बने सेड में ही सब्जी बेचेंगे। हालांकि इससे पूर्व पांडू जिला परिषद सदस्य मीना देवी की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय के सड़क को जाम से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से बैठक की जा चुकी है। कोर कमेटी के गठन के बाद बहुत जल्द स्थाई सब्जी बाजार उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

## सड़क सुरक्षा को ले हिन्डालको ने चलाया जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा, पलामू :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को हिन्डालको ने एन एच 75 पर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे लोगों को हेलमेट, जूता पहनकर ही बाइक चलाने एवं चार पहिया चालक व सवारी को सीट बेल्ट पहनने का आग्रह किया. वहीं अधिक स्पीड में वाहन नहीं चलाने की अपील की गई. थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि जीवन अनमोल है इसे बचाने के लिए सतर्कता जरूरी है. प्रभारी ने लोगों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने की अपील की. कहा कि कभी भी शराब पी कर वाहन ना चलायें। चालक गाड़ी के सभी कागजात लेकर चले। कठौतिया माइंस के खान सुरक्षा प्रबंधक केसी मोदक ने कहा कि अपने परिवार के सुखमय जीवन के लिए सुरक्षा मानकों का पालन करना अत्यंत जरूरी है। इस मौके पर अरूप बनर्जी, चेतलाल विश्वकर्मा, एपी सिंह, आरआर शुक्ला, अमरेन्द्र सिंह, जयंत शुक्ला, नीतेश पौराणिक, सुनील सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह, पवन, गौतम, चंदन, अनीता, सुहानी, रविन्द्र सिंह, रासबिहारी, अनील तिवारी, संजय कुमार, अनुज सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## बाइक चालक ने स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर किया घायल



**मेदिनीनगर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेडमा के बिजली विभाग के समीप रोड पर एक मोटरसाइकिल सवार ने स्कूटी सवार महिला को मारकर घटनास्थल से फरार हो गया। घायल महिला को उपचार के लिए लोगों ने सरकारी अस्पताल भेज दिया। मौके पर पैंथर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शशि कांत शुक्ला नामक का जेएच 03 क्यू 0471 ग्लैमर बाइक से मनपसंद होटल के नजदीक टकर हुई। मौके पर पुलिस ने बताई की स्कूटी और बाइक विपरित दिशा से आ रही थी। उन्होने बताया कि वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर पति के साथ जा रही थी। महिला को मामूली चोट आई है स्कूटी का न जेएच 03 क्यू 4171 है। मौके पर प्रत्यक्षदर्शोयो ने बताया कि बाइक सवार की गलती थी।

# म्यूजिक के बिना दुनिया व समाज अधूरा हैः आलोक चौरसिया

## मेदिनीनगर में ओ मेरी जान गाना का हुआ लॉन्चिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** म्यूजिक के बिना दुनिया समाज सब कुछ अधूरा है ।हम सुबह में भी म्यूजिक आनंद लेते हैं शाम में भी म्यूजिक का आनंद लेते हैं। म्यूजिक के लिए कलाकार की आवश्यकता है और कलाकार के बिना हम समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं। उक्त बातें मेदिनीनगर विधानसभा के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा। वह शुक्रवार को स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित ओ मेरी जान गाना के लॉन्चिंग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस हाल में बहुत से ऐसे लोग हैं जो अपनी कलाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से दर्शाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू का बेटा मुंबई में जाकर बॉलीवुड में अपना पहचान बना रहा है यह महत्वपूर्ण बात है। श्री चौरसिया ने संगीत निदेशक रतन रवानी और कलाकार सूरज राज गुप्ता, प्रिया वर्मा की जमकर तारीफ किया। इस अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर से भी कलाकार निकल रहे हैं और दूसरे क्षेत्र में जाकर नाम रोशन कर रहे हैं। यह सराहनीय कदम है। इस अवसर पर समाजसेवी सह माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि कला के क्षेत्र में पलामू किसी से पीछे नहीं है। इस अवसर पर म्यूजिक ग्रुप के निदेशक रतन रवानी ने कहा कि वह मुंबई में कई वर्षों से म्यूजिक डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि वो मेरी जान गाना का शूटिंग झारखंड में किया गया है। गाना में एक्टर के तौर पर स्थानीय पीके मेडिकल के मालिक के पुत्र सूरज राज गुप्ता और रांची के कलाकार प्रिया वर्मा का सराहनीय कार्य रहा । मंच पर जब कलाकारों ने ÷पूछ कर ना होता प्यार करो ना मेरा एतबार÷ गाना गाया तो टाउन हॉल में उपस्थित दर्शक तालियों के साथ कलाकारों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शर्मिला सुमी, श्याम जी चौधरी ,ट्विंकल गुप्ता सहित काफी संख्या में वार्ड पार्षद और श्रोतागण उपस्थित थे।

## नही थम रहा अस्पताल कर्मियों की लापरवाही से मौत का सिलसिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरकार के द्वारा गरीब असहाय लोगों समुचित स्वास्थ्य सुविधा में कराने लाख दावे की पोल समय-समय पर उजागर होता ही रहता है। ऐसा ही एक मामला अनुमण्डलीय अस्पताल का है जहाँ अस्पताल कर्मियों की लापरवाही से 20 वर्षीय महिला की प्रसव के बाद मृत्यु हो गई। परिजनों ने डियूटी पर उपस्थित नर्सो पर लापरवाही के साथ साथ प्रसव कराने के लिए पैसा भी लेने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर उंटारी प्रखंड के मंगदरह ग्राम निवासी वेद प्रकाश चंद्रवंशी की 20 वर्षीय पत्नी ख़ुशी कुमारी को गुरुवार को अहले सुबह अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब कि उक्त महिला का प्रसव दोपहर में लगभग 1बजे हुआ।तीन बजे के बाद अचानक उसकी हालत खराब होने लगी।आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहाँ सदर अस्पताल पहुचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय से पहले रेफर कर दिया जाता तो उसकी मौत नही होती। परिजनों ने कहा कि नर्स ने उससे प्रसव कराने के 1000 रुपये तथा दाई ने 250 रुपये ले लिये है। उसके बाद भी इलाज में लापरवाही बरती गई। परिजनों ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल के द्वारा हम लोगों को एंबुलेंस भी नहीं दिया गया। हम लोग अपने निजी वाहन से सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही मेरी बच्ची की मौत हो गई। जब कि उस समय डियूटी पर मौजूद नर्स ने बताया कि पैसा लेने की बात बिल्कुल गलत है। उसने बताया कि उक्त महिला का प्रसव नार्मल हुआ था। प्रसव के बाद वह बिल्कुल ठीक थी। मेरे डियूटी ऑफ होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे रेफर किया गया। हमने अपने कार्य मे कोई लापरवाही नही बरती है।अच्छी खबर यह है कि नवजात बच्चा बिल्कुल ठीक है। घटना की सूचना पाकर जिला परिषद सदस्य बाला रानी के पति प्रमोद राम ने मौके पर पहुच कर परिजनों को ढाढ़स बधाया। उन्होंने घटना के क्रम की परिजनों से जानकारी लिया। उन्होंने ने कहा कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रबंधक के घोर लापरवाही की वजह से महिला की मृत्यु हुई है। हम इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से करेंगे और न्याय का मांग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### संत ज्ञानोदय स्कूल में कंबल का वितरण

**रांची।** संत ज्ञानोदय स्कूल कैलाश नगर इरगू टोली में 65 बच्चे एवं उनके अभिभावकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण संत ज्ञानोदय स्कूल के अध्यक्ष अजय जैन एवं अजय सिंह के द्वारा किया गया। अजय जैन ने कहा पिछले कई सालों से स्कूल प्रबंधक द्वारा यह सेवा कार्य किया जा रहा है एवं इस विद्यालय में पहली से पांचवी तक की पढ़ाई होती है , हमारी यह प्राथमिकता है , कि निम्न आय वाले अभिभावक अपने बच्चे को यहां पठन-पाठन के लिए भेजें प्रबंधन समिति उनका हमेशा सहयोग करती है । हमारी कोशिश रहती है कि बच्चे लोगों को किताबें, विद्यालय पोशाक हम निशुल्क उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम में जन सेवा समिति के राजेश चौधरी, प्रकाश तिर्की, रतन सिंह, जितेंद्र छबड़ा विद्यालय की शिक्षिकाएं श्वेता सिंह, प्रियंका देवी, खुशी कुमारी सहित कई अभिवावको की गरिमामयी उपस्थिति थीं ।धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सचिव अजय सिंह ने किया।

### बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर के बयान की निंदा की

**रांची** : महावीर मंडल और दुर्गा पूजा महानगर समिति की बैठक में बिहार के शिक्षामंत्री प्रो. चंद्रशेखर के बयान की निंदा की गयी। श्री महाबीर मंडल और रांची महानगर दुर्गा पूजा के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने कहा है कि रामचरितमानस ग्रंथ और भगवान राम पर अमर्यादित टिप्पणी करना बिहार के शिक्षामंत्री प्रो. चंद्रशेखर की मानसिक विकलांगता दर्शाता है। भारत की प्रजातांत्रिक प्रणाली में इस तरह के घटिया बयान, उनकी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने से ग्रसित प्रतीत होता है। बैठक में कैलाश केसरी, राजीव रंजन मिश्रा, रविंद्र वर्मा, राहुल सिन्हा, लंकेश सिंह, किशोर साहू, अशोक चौधरी, मुनचुन राय, आलोक कुमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# शरद यादव के निधन पर सभी दलों ने नेताओं ने दुख जताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रहे शरद यादव के निधन पर झारखंड के सभी दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने भी शोक-संवेदना व्यक्त की है। इन नेताओं ने ट्वीट करके दिवंगत शरद यादव को श्रद्धांजलि दी है।

**शरद यादव का निधन देश के लिए बड़ी क्षति :बाबूलाल मरांडी**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रखर समाजवादी नेता शरद यादव का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। दुख की इस घड़ी में मैं उनके शोकाकुल परिवार और समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

**शरद यादव का निधन अत्यंत दुखद : दीपक प्रकाश**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भी शरद यादव के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे बिहार के वरिष्ठ नेता शरद यादव का निधन अत्यंत दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति : सुबोध कांत सहाय**

पूर्व केंद्र मंत्री सुबोध कांत सहाय ने शरद यादव के निधन को समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति बतायी। उन्होंने कहा कि हमारे साथी देश की समाजवादी धारा के वरिष्ठ नेता, शरद यादव के निधन से दुखी हूं। उन्होंने वंचितों-शोषितों के दर्द को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका निधन समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति है। परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

**राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी के ट्वीट को किया रीट्वीट**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी के ट्वीट को रीट्वीट किया। इसमें राहुल गांधी ने कहा है कि शरद यादव समाजवाद के पुरोधा होने के साथ एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उनके शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। देश के लिए उनका योगदान सदा याद रखा जायेगा।

# लेप्रोसी भी अन्य बीमारियों की तरह ही सामान्य बीमारी : डॉ. कृष्ण कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : लेप्रोसी भी अन्य बीमारियों की तरह ही सामान्य बीमारी है। इसका इलाज पूरी तरह से संभव है। इसके लिए मुफ्त दी जाने वाली दवाएं सभी गवर्नमेंट हॉस्पिटलों में भी उपलब्ध है। इतना ही नहीं अब लेप्रोसी की दवाएं मेडिकल कॉलेजों के ट्रीटमेंट सेंटर में भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे मरीजों का पूरी तरह से इलाज किया जा सकेगा।



यह बात डॉक्टर कृष्ण कुमार ने रांची के एक होटल में इंटीग्रेशन आफ मेंटल हेल्थ सर्विसेज फॉर लेप्रोसी पेशेंट्स पर आयोजित वर्कशॉप में कही। उन्होंने कहा कि अब मरीजों को जागरूक करने के लिए ब्लाक लेवल पर लेप्रोसी चैंपियन को तैयार किया जाएगा, जो मरीजों के पास जाकर उनकी काउंसलिंग भी करेंगे। डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि एक्टिव केस डिटेक्शन से मरीजों का इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में सर्वे किया गया था। झारखंड में लेप्रोसी के ज्यादा मरीज हैं। वहीं सर्वे में एक और बात सामने आई कि 33 प्रतिशत मरीज मेंटल डिप्रेशन के शिकार थे जबकि 19 प्रतिशत मरीजों में एग्जाइटी की समस्या थी। ऐसे मरीजों के इलाज के लिए डॉक्टरों को एक हफ्ते की ट्रेनिंग सीआईपी और रिनपास में दी जाएगी। इसके बाद इलाज के लिए आने वाले मरीजों की इलाज के साथ काउंसलिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पहला राज्य है जहां यह शुरुआत की जा रही है। इसके बाद अन्य राज्यों में भी इसे लागू किया जाएगा।

डॉक्टर सुदर्शन मंडल ने कहा कि यह बीमारी बैक्टीरिया की वजह से होती है। इसे दवा से ठीक किया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी भी की जा रही है ताकि बॉडी के पार्ट्स को बचाया जा सके। इस बीमारी को लेकर मरीज मानसिक रूप से बीमार हो जाते है। साथ ही समाज से उन्हें बाहर कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में वे डिप्रेशन से गुजरते है। इसी को दूर करने के लिए उनकी काउंसलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि झारखंड में लेप्रोसी के 5442 नए लेप्रोसी केस मिले जो कोविड के बाद दो सालों में मिले हैं। उनका इलाज शुरू कर दिया गया है।

# मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) के मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम ने वित्तीय समावेशन और मौद्रिक नीति पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक रांची के महाप्रबंधक संजीव सिन्हा ने श्रोताओं को वित्तीय समावेशन और भारत की मौद्रिक नीति के बारे में जानकारी दी। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आरबीआई मुख्य रूप से मूल्य स्थिरता और विकास के साथ-साथ देश की वित्तीय स्थिरता पर काम करता है। आरबीआई लोगों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने और बैंकिंग प्रणाली में वित्तीय समावेशन के उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर ने राज्य में वित्तीय समावेशन योजनाओं को बढ़ाने में एक्सआईएसएस की भागीदारी को विस्तार से बताया। जिसमें सिन्हा से डिजिटल मुद्राए ग्रीन बांड केंद्रीय बैंकिंग डिजिटल मुद्रा में ब्लॉकचैन के योगदान से जुड़े सवाल पूछे गए। कार्यक्रम का अंत डॉ प्रदीप केरकेट्टा सहायक निदेशक द्वारा धन्यवाद और अतिथियों को मोमेंटो देकर किया गया। इस सत्र में डॉ अमर तिग्गा, डॉ भवानी प्रसाद महापात्रा, मार्केटिंग मैनेजमेंट और फाइनेंशियल प्रबंधन के छात्रों ने भाग लिया।

# साइबर डीएसपी सुमित लकड़ा घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** धनबाद में साइबर डीएसपी के पद पर पदस्थापित सुमित लाकड़ा शुक्रवार को रांची से धनबाद के लिए अपने बाइक से जा रहे थे कि दुलमी प्रखंड के बयांग गांव के पास एक कार के साथ सीधी टक्कर हो गई , जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर दुलमी प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश घटनास्थल पर पहुंचकर घायल डीएसपी सुमित लाकड़ा को बेहतर उपचार के लिए इरबा स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताते चलें कि इसी तरह से बीतें 6 जनवरी को धनबाद जिला के बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू का भी एक सड़क हादसे में वह बाल-बाल बच गई। दुर्घटना जबरदस्त थी, बताया गया कि निशा मुर्मू अपने वाहन से तोपचांची झील के तुरमारी राजगंज सड़क पहाड़ी



के नजदीक यह घटना घटी थी। वहीं बीते 10 जनवरी को ही बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद रामगढ़ गई हुई थी, कि इसी बीच एक बाइक वाले ने आकर अंबा प्रसाद की गाड़ी को सीधी टक्कर मार दी , जिसमें गाड़ी के शीशे भी टूट गई थी और अंबा को हल्की चोट भी आई थी। कहने का तात्पर्य यही है कि इन दिनों सड़क हादसों की संख्या बढ़ रही है , ऐसे आम लोग भी हैं जो आए दिन सड़क हादसे में अपनी जान गवां रहे हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता जरूरी है , वहीं जिला प्रशासन को सड़क हादसे रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है।

# समाजवादी विचारधारा के पुरोधा थे शरद यादवः भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि जबलपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष के रूप में जयप्रकाश आंदोलन में अग्रणी कतारों के नेता शरद यादव समाजवादी राजनीति के पुरोधा थे। डॉक्टर लोहिया एवं मधु लिमए के विचारों से प्रभावित शरद यादव ने अपने जीवन के पांच दशक की राजनीति में गरीबों, हाशिए पर पड़े हुए लोगों, किसानों, और नौजवानों की आवाज संसद और संसद के बाहर बड़ी मजबूती से उठाई। बेरोजगार नौजवानों के सवालों को लेकर छात्रों ,नौजवानों के राष्ट्व्यापी संघर्षों के आंदोलनों के एक सक्रिय नेता के रूप में हमेशा अगली पंक्तियों में रहे द्य भारत सरकार के मंत्री के रूप में उन्होंने ने अपनी पहचान और धाक बनाई। संकीर्णता और सांप्रदायिकता के खिलाफ वह सदैव बोलते , लड़ते रहे। उक्त विचार व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने कहा कि जीवन के अंतिम समय तक सभी धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी और संविधान में विश्वास रखने वाली शक्तियों को संगठित करने के प्रयास में लगे रहे। शरद यादव के देहांत से सांप्रदायिकता विरोधी संघर्ष और समाजवादी विचारों को स्थापित करने के महान कर्तव्य पथ पर आगे ले जाने के संघर्ष को गहरा झटका लगा है।

# यूनियन बैंक में शाखा प्रबंधकों की हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय रॉंची ने सभी 68 शाखाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्घाटन यूनियन बैंक के उप अंचल प्रमुख विकास कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलन के साथ की। इस अवसर पर यूनियन बैंक के रॉंची क्षेत्र की क्षेत्र प्रमुख सोनालिका, उप क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार, सहायक महा प्रबंधक भास्कर मंडल एवं 68 शाखाओं के शाखा प्रबंधकगण




मौजूद थे। इस बैठक में कारोबार वृद्धि, बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। सभी शाखा प्रबंधकों को संबोधित करने की लिए यूनियन बैंक के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई से महा प्रबंधक सी वी मंजुनाथ वर्चुअल मध्यम से इस बैठक में ऑनलाइन जुड़ें। सभी बेहतरीन प्रदर्शनकर्ता शाखा प्रबंधकों को क्षेत्र प्रमुख सोनालिका के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया। साथ ही यूनियन बैंक के तृतीय पक्ष पार्टनर सुड लाइफ एवं इंडिया फर्स्ट ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता शाखाओं को शील्ड से सम्मानित किया। बैंक के उच्च प्रबंधन ने डिजिटल बैंकिंग को बढ़ाने, गोल्ड लोन अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने पर जोर दिया। उप क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

# बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल के सौजन्य से जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बढ़ती ठंड को देखते हुए बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल के सौजन्य से जरूरतमंदो के बीच सचिव कृषि विभाग झारखंड सरकार अबू बकर सिद्दीकी के कर-कमालों द्वारा एवं सुबोध कुमार, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड तथा संजय कुमार खेमका आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया की उपस्थिति में सामुदायिक भवन मौसी बारी, जगन्नाथपुर, धुर्वा में 350 झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया



गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव कृषि विभाग झारखंड सरकार अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि बढ़ती ठंड में लोगों को अपना ध्यान रखने की जरूरत है और कंबल वितरण एक ऐसा माध्यम है जिससे जरूरतमंदों तक पहुंचा जा सकता है। सभी सक्षम लोग अपने पास पड़ोस के जरूरतमंद लोगों को मदद कर सकते हैं। अगर आप अपने आसपास रहने वाले किसी जरूरतमंद को कम से कम एक कंबल देते हैं तो कई लोगों की मदद हो सकती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में जफर अली, बैंक ऑफ़ इंडिया आंचलिक कार्यालय के अजय कुमार पांडेय, रवि झा, मो. अली हसन, रौशन चौधरी, राजेश यादव और कर्रा सोसायटी फॉर रूरल एक्शन के शाफीन अली, सादिक जहां, गणेश सिंह, सबिहा व निखत ने अहम भूमिका निभाई।

# जंगली हाथी के कुचलने से महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : तमाड़ थाना क्षेत्र के तिलाईपीडी गांव निवासी मंगला देवी(37) को जंगली हाथी ने कुचल दिया। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। शुक्रवार सुबह महिला अपने घर से निकलकर धान कुटवाने मिल जा रही थी। इसी दौरान हाथी महिला को उठाकर पटक दिया। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गयी। किसी तरह गांव के लोगों ने जंगली हाथी को भगाया और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मामले की सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

### कलयुग के त्रिदेव का होगा एक फरवरी को त्रिशक्ति वंदना महोत्सव

**रांचीः** मारवाड़ी भवन में एक फरवरी को कलयुग के त्रिदेव का त्रिशक्ति वंदना महोत्सव होगा। आनंद गोयल ने बताया कि उस दिन खाटूधाम के पूज्य महंत मोहनदास महाराज, प्रख्यात भजन गायक नंदु शर्मा, भजन सम्राट रवि बेरीवाल, सुमधुर गायक जिम्मी शर्मा, रवि रस्तोगी त्रिशक्ति वंदना महोत्सव में भजनों की अमृतवर्षा करेंगे। सेवक किशन गोयल ने कहा कि कलयुग के त्रिदेव श्री बालाजी महाराज, श्री श्याम सरकार और श्रीराणी सती दादी का भव्य दरबार सजेगा और अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

# विधायक इरफान अंसारी नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय, दो सप्ताह का मांगा समय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय नहीं पहुंचे। उनके निजी सचिव अजहरुद्दीन और वकील चंद्रभानु ईडी ऑफिस पहुंचे और मेडिकल आधार पर ईडी से दो सप्ताह का वक्त मांगा। मीडिया से बातचीत के दौरान इरफान के निजी सचिव और वकील ने बताया कि मेडिकल आधार पर ईडी से दो सप्ताह का वक्त मांगा गया है। इससे पूर्व ईडी ने उन्हें



सात जनवरी को समन जारी कर 13 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने कैश कांड में पूछताछ के लिए इरफान अंसारी को 13 जनवरी, कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप को 16 जनवरी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को 17 जनवरी को रांची के क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था। ईडी ने इस मामले में तीनों को मनी लांड्रिंग का आरोपित बनाया है। बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल का बयान ईडी ने 24 दिसंबर को दर्ज कराया था। लगभग 10 घंटे तक ईडी ने सरकार के खिलाफ साजिश मामले में साक्ष्य अनूप सिंह से लिया था।

# सीयूजे में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**

रांची, 13 जनवरी (हि.स.)। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में शुक्रवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, सीयूजे द्वारा आयोजित किया गया था।इस दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशक राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पीएमईजीपी की विशेषताओं और झारखंड में उद्यमी बनने के लिए इस कार्यक्रम का लाभ कैसे उठाया जा सकता है, के बारे में चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भास्कर सिंह द्वारा कार्यक्रम के परिचय से हुई, जिसके बाद सीयूजे की मुख्य प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. डीबी लता ने अतिथियों का



औपचारिक स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिसर्च एवं डेवलपमेंट के डीन प्रो. एके पाढ़ी ने की। उनके साथ डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. मनोज कुमार और डीन स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेज प्रो. एसी पांडे भी थे। प्रो. पाढ़ी ने इस कार्यक्रम के लिए भारत के प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना की। प्रो. कुमार और प्रो. पाण्डेय ने झारखंड में उद्यमिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

आयोजन के दौरान, छात्रों ने कई प्रश्न पूछे जिनका समाधान केवीआईसी के सहायक निदेशक राजीव कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुलदीप बौद्ध ने किया। कार्यक्रम में करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी डीन, प्रमुख, वित्त अधिकारी, निदेशक आईक्यूएसी (आई/सी), संपदा अधिकारी और अन्य फैकल्टी ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. सुदर्शन यादव एवं डॉ. नितेश भाटिया भी उपस्थित थे।

# पतंग महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कांके रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में होसलो की उड़ान कार्यक्रम के तहत पतंग महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम सामाजिक संस्था क्राउड लायंस और भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व के शुभ अवसर पर सैकड़ों बेटियो के बीच लटाई और पतंग का वितरण किया। इस दौरान बेटियों ने स्कूल प्रांगण में पतंग भी उड़ाए। इस अवसर पर मुख्य



अतिथि के रूप में स्कूल के प्राचार्य एके रॉय, भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, विशिष्ठ अतिथि के रूप क्राउड लायंस के अध्यक्ष शुभम चौधरी, सचिव मनप्रीत सिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष अवंतिका अनु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एनके एरिया डकरा वीआईपी सभागार में शुक्रवार को त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक खान सुरक्षा विनीत चौरसिया, हनुमंता राव, एज्जास मोहम्मद, रविन्द्र बैठा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इससे पूर्व एनके एरिया जीएम संजय कुमार ने अतिथियों एवं यूनियन नेताओ का शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया. साथ बैठक में डीडीएमएस ने कई सुझाव भी दिए. जिससे संभावित दुर्घटना को टाला जा सकता है. इस दौरान एरिया के जीएम संजय कुमार ने कहा कि डीजीएमएस द्वारा बताए गए सुरक्षा निर्देशों का एनके एरिया में निरंतर पालन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर एरिया के पांचों सीसीएल के माइंस में कर्मियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए सतत उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है.कहा कि हम सभी के प्रयास से भविष्य में कोई दुर्घटना नहीं हो ऐसा हमारी टीम का प्रयास रहेगा. कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन खान प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने किया. मौके पर केडीएच पीओ जे अब्राहम, पुरनाडीह नरेश सिंह,सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष सहित यूनियन प्रतिनिधियों में ललन प्रसाद सिंह, प्रेम कुमार, गोलटेन प्रसाद यादव, विनय सिंह मानकी, शैलेश कुमार, हरेन्द्र कुमार, आदि मौजूद थे.

**इन मुद्दों पर चर्चा किया गया**

: खान में सुरक्षा के लिए कामगारों को लगातार जानकारी देने है. खदानों में सुरक्षा, घर में सुरक्षा, रास्ते में सुरक्षा सहित हाईवाल की समस्या का निदान करने, प्रत्येक परियोजना में हॉल रोड बनाने, लाइट व्यवस्था करने, पेयजल और प्रदूषण की दुरुस्त व्यवस्था करने आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया.

## शहीद शेख भिखारी व टिकेट उमराव सिंह का 166वां शहादत दिवस आज



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद शेख भिखारी व टिकेट उमराव सिंह का 166वॉ सहादत दिवस 14 जनवरी को भूतनगर में मनाया का निर्णय बैठक कर लिया गया. बैठक की अध्यक्षता तौहीद अंसारी ने किया. शहादत दिवस पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों व गण्यमान्य लोगो से अपील किया गया है कि शहीदों के सहादत दिवस कार्यक्रम में आकर सफल बनायें. बैठक में मुखिया रूप से इस्माइल अंसारी,तौहीद अंसारी,सलामत अंसारी,साबिर अंसारी,मुस्लिम अंसारी, आजाद अंसारी, हाजी नासिर साहब,और अन्या लोग शामिल थे।

## श्मशान काली पुजा की तैयारी जोरों पर, मंदिर परिसर को दिया जा रहा अंतिम रूप



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पोस्ट आफिस के पिछे डुमरटांड़ स्थित श्मशान काली की बार्षिक पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। आगामी 16 जनवरी को होने वाली बार्षिक पुजा के आयोजन के लिए समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव समेत सभी सदस्य जुट गये हैं। श्मशान काली मंदिर परिसर में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे लेकर बैठकों का दौर भी जारी है। समिति के मनोज रजक ने बताया कि बार्षिक पुजा के दिन महाप्रसाद वितरण एवं देर शाम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें धनबाद एवं जमशेदपुर के कलाकार भजन की प्रस्तुति देंगे।

## बेड़ो बजार डाक रद्द करने को लेकर ग्रामीणों का बैठक

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बजारटांड़ में शुक्रवार को डाक बंदोबस्ती को लेकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों का बैठक किया गया। बैठक में बेड़ो हाट का डाक रद्द करने का मांग किया। जिला परिषद राँची कार्यालय द्वारा बेड़ो बजार डाक बन्दोबस्ती हेतु विज्ञप्ती निकाला गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों का बैठक किया गया। बैठक में डाक बंद करने और ग्राम सभा के माध्यम से स्थानीय शुल्क अभिकर्ता चयनित करने का मांग किया गया। डाक बंद नहीं होने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिला परिषद पूर्वी पार्वती कुमारी, मुखिया सुशांति भगत, खद्दी उराँव, प्रदिप भगत, निर्मल तिर्की, विष्णु भगत सहित कई लोग शामिल थे।

## जंगली हाथी ने महिला को कुचला मौत

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ वन व थाना क्षेत्र के कुरकुटा पंचायत अंतर्गत तिलाईपीड़ी गांव में शुक्रवार की सुबह दो महिला 40 वर्षीय मंगली देवी और 80 वर्षीय शांति देवी जिलिंगसेरेंग स्थित जनवितरण प्रणाली के द्वारा संचालित राशन दुकान से राशन लेने के लिए जा रहे थे इसी दौरान गांव के अंतिम छोर में सोतिया के करीब पालास के झाड़ी के पास एक जंगली हाथी ने दोनों महिला को देख लिया और दोनों पर हमला बोल दिया शांति देवी को सुंड से उठाकर पटक दिया जिससे वो आलू लगी खेत पर गिर गई वहीं भागती मंगली देवी को दौड़ाकर कुचलकर दिया जिससे मंगली देवी घटनास्थल पर ही मंगली देवी की मौत हो गई मंगली देवी तिलाईपीड़ी गांव के निवासी सोहराई महतो के दो पत्नियों में से पहली पत्नी थी।इधर इस घायल महिला शांति गांव की ओर भागी और गांव पहुंचकर बेहोश हो गई गांव वाले देखते ही समझ गए ये जंगली हाथी का हमला है परिजन और सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण तत्काल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे जहां मंगली देवी को मृत पाया घटना की जानकारी तुरंत वन विभाग और स्थानीय तमाड़ पुलिस को दी गई।इधर घटनास्थल पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य दीलीप सेठ, विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो,कुरकुटा पंचायत के मुखिया निरंजन सिंह मुंडा पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी वहीं मौके पर वन विभाग के कर्मी और तमाड़ पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचे और जनप्रतिनिधियों के समझ मृतिका के परिवार वालों को सरकारी प्रावधान अनुसार तत्काल 50,000 की आर्थिक सहायता राशि दी गई और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया।

## बुंडू थाना क्षेत्र के युवक के अपरहण कांड में शामिल तीन अपराधकर्मी गिरफ्तार

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू थाना में विगत 2 जनवरी को एक कोड़दा निवासी योगेश्वर महतो के द्वारा शिकायत की गई थी कि उसका बेटा परीक्षित महतो सवारी गाड़ी लेकर चालक फगुवा मुंडा के साथ बुकिंग में खुंटी गया था जो अब तक वापस नहीं आया है।बेटा के मोबाइल से फोन आ रहा है कि रू 5 लाख फिरौती के रूप में दो नहीं तो उसको जान से मार देंगे उक्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए वरीय पदाधिकारी को सूचित करने के तत्पश्चात वरीय पुलिस अधीक्षक (रांची) और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (रांची) के निर्देश में पुलिस निरीक्षक सह बुंडू थाना प्रभारी राय सौमित्र पंकज भूषण के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अपहृत का तकनीकी शाखा से सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण कर छापेमारी किया गया और 3 जनवरी को त्वरित कार्रवाई करते हुए पोस्ताबेड़ा के जंगल से परीक्षित महतो को सकुशल बरामद कर लिया गया तत्पश्चात तकनीकी शाखा से प्राप्त सीडीआर का विश्लेषण एवं आसूचना संकलन कर अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु छापेमारी कर तीन अपराधियों को दशम फॉल थाना क्षेत्र के लोवाहातु के रहने वाले सनिका मुंडा के पुत्र 23 वर्षीय जुरा मुंडा, नामकुम थाना क्षेत्र के कोलाल कतला टोली के रहने वाले सोहना मुंडा के 23 वर्षीय पुत्र सुखराम मुंडा, दशम फॉल थाना क्षेत्र के लोवाहातू के रहने वाले स्वर्गीय मंगल मुंडा के 24 वर्षीय पुत्र महादेव को गिरफ्तार किया गया और साथ ही उनके पास से अपहरण के कांड में प्रयोग में लाए गए काले रंग की की - पैड मोबाइल, काले रंग की अपाची मोटरसाइकिल jh01 3590, एक मोबाइल फोन, कांड में प्रयोग किए गए विवो कंपनी एक मोबाइल फोन साथ ही एक अन्य मोबाइल फोन बरामद किया गया। सभी अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है छापामारी दल में मुख्य रूप से पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार प्रमाणिक (बुंडू थाना), पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार (बुंडू थाना) और बुंडू थाना सशस्त्र बल मुख्य रूप से शामिल थे।

# मैक्लुस्कीगंज में ग्रामीण एसपी ने अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैक्लुस्कीगंज स्थित ड्रीम डेस्टिनेशन (सूचना पर्यटन केंद्र) में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नौशाद आलम की आध्यक्षता में अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. अपराध गोष्ठी कार्यक्रम में राँची जिला ग्रामीण इलाकों से पुलिस उपाधीक्षक व ओ0 पी0 प्रभारी शामिल हुये. कार्यक्रम में बीते एक वर्ष का कार्यकाल पर चर्चा किया गया. साथ ही प्रभारियों को कई बड़े निर्देश दिए है. इस दौरान एएसपी राँची,डीएसपी खलारी अनिमेष नैथानी,बेड़ो डीएसपी रजत मणि बख्ला,बुंडू डीएसपी अजय कुमार,सिल्ली डीएसपी कीस्टोफर केरकेट्टा,डीएसपी हेड क्वाटर प्रवीण कुमार उपस्थित थे.

ग्रामीण एसपी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती में अपराध गोष्ठी कार्यक्रम करने का बड़ा उद्देश्य है. क्योकि आज कल ग्रामीण क्षेत्रों में टीएसपीसी व पीएलएफआई सहित प्रतिबंधित संगठनों का सक्रिय बढ़ गया है. दो दिन पहले ही ठाकुरगांव बुढ़मू क्षेत्र में टीएसपीसी संगठन के साथ मुठभेड़ हुआ,जिसमे कई अपराधियों को गोली लगने की सूचना प्राप्त है,जिसका तलास जारी है. मैक्लुस्कीगंज में कार्यक्रम कर अपराधियों को मैसेज भी दिया गया है,कि पुलिस के हाथ से बच नही सकते है. वही पांच वर्ष से पूर्व का दर्ज केश को जल्द ही जांच पड़ताल कर निष्पादन कर माननीय न्यायपालिका को सौपे.

उधर ग्रामीण थाना क्षेत्रों कांड का अनुसंधान में बेहतर भूमिका निभाने वाले पुलिस पदाधिकारियों व पुलिज़ कर्मियों को गोष्ठी सह सम्मान समारोह में सम्मानित माह दिसम्बर का पुलिस पदाधिकारी / पुलिसकर्मी का पु0अ0नि0 सपन कुमार महथा रातू,रंजय कुमार थाना प्रभारी चान्हों,पु0अ0नि0 दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, तमाड़, पु0अ0नि0 कृष्ण कुमार थाना प्रभारी ठाकुरगाँव,डीएसपी अनिमेष नैथानी खलारी,एसआई कमलेश कुमार राय,बुढ़मू,आरक्षी प्रवीण तिवारी,कृष्णा उराँव,बिनय टेटे, सुरेश मुंडारी को सम्मानित किया गया.

## कुटे में शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट आज से

**ओरमांझी :** शनिवार से कुटे फुटबाल मैदान में राजा अमरू बाबू फुटबाल क्लब कुटे के तत्वावधान में आयोजित शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट शुरू हो रहा है।आयोजन समिति के सचिव बालक महतो ने बताया कि शनिवार को उदघाटन मैच एफसी पेरतोल और कांके एफसी के बीच एक बजे से खेला जाएगा।मैच का उदघाटन झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य व विशिष्ट अतिथि झामुमो के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम करेंगे।फाइनल मैच 22 जनवरी को आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अमीर हमजा अंसारी ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तयारी पूरी कर ली गई है।

## एयरटेल 5जी प्लस अब झारखंड के 2 शहरों में

**रांची :** भारत की अग्रणी टेलिकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज रांची व जमशेदपुर में अपनी अत्याधुनिक 5जी सेवाओं के शुरू करने की घोषणा की। जैसे जैसे कंपनी अपने नेटवर्क का निर्माण और रोल आउट पूरा कर रही है, एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं चरणबद्ध तरीके से ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी। 5जी- सक्षम डिवाइस वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज़ एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का उपयोग तब तक कर सकते हैं जब तक कि रोलआउट अधिक व्यापक न हो जाएं। एयरटेल 5जी सेवाएं वर्तमान में इन शहरों में निम्न स्थानों पर उपलब्ध हैं। कंपनी आने वाले समय में पूरे राज्य में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करेगी।

# डीएवी स्कूल में युवा दिवस पर ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली स्थित महात्मा आनंद स्वामी डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवा दिवस एवं ग्रैंड पेरेंट्स डे (दादा-दादी दिवस) मनाया गया । विद्यालय के कक्षा छठी , सातवीं एवं आठवीं के छात्र - छात्राओं ने हवन कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, कविता - पाठ वाद - विवाद, नृत्य - गान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर हमारे जीवन में दादा - दादी , नाना - नानी का क्या महत्व को दर्शाया। वहीं बच्चों ने अपने प्रस्तुति के माध्यम से इन्हें खुशियों का खजाना एवं सफलता का स्त्रोत बताया। इस मौके पर प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने कहा कि जिन बच्चों अथवा लोगों पर दादा-दादी और नाना-नानी का साया होता है वो सौभाग्यशाली होते हैं। उन्होंने कहा कि आज कल के एकल परिवार फिर से दादा-दादी को साथ रखने का महत्व समझने लगे हैं। बच्चों को संस्कार, सुरक्षा व योग्य व्यक्ति बनाने में दादा-दादी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि वे अपने बुजुर्गों को किस तरह सम्मान दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को ऐसे ही जीवित रखें, क्योंकि बुजुर्ग हमारे समाज और देश की धरोहर हैं इनकी महिमा सिर्फ भारत वर्ष में ही सर्वोपरि है। इस मौके पर दुर्गा देवी, प्राणेश मिश्रा, शंभू नाथ मुखर्जी, ज्योति सिंह, शिप्रा गांगुली असीम गांगुली, त्रिलोचन साहू, विष्णु चरण साहू, गीता रानी चांद एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं समेत अभिभावक उपस्थित थे।

## दो दिवसीय सरना प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** प्रखंड अंतर्गत कुल्ली पंचायत के ग्राम कुल्ली स्थित सरना स्थल मे दो दिवासीय 21वा सरना झंडा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 21 पड़हा सरना प्रार्थना सभा समिति द्वारा किया गया। जिसमे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची एव सरना स्थल मे पानी डाल कर मां सरना को याद किया। इसके उपरांत आयोजन कर्ताओं के द्वारा विधायक को शॉल ओढ़कर स्वागत किया गया। साथ ही साथ विधायक के द्वारा उपस्थित गाँव के पहान, ग्राम प्रधान, पंचायत के मुखिया, सहित आयोजन कर्ताओं को शॉल ओढ़ कर सम्मानित किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक ने मंच के द्वारा सभी लोगों से कहा कि समाज का विकास तभी संभव हो सकता है. जब आदिवासी समाज नशा पान से दूर हो और शिक्षा में अपने आप को पूरी तरह से झोंक दें तभी आने वाला समय में परिवर्तन दिखेगा । मौक़े पर मुखिया विनय उरांव , मुखिया अनीता उरांव,21 पड़हा राजा मदन उरांव, राजेश तिर्की, संदीप उरांव, जतरू उरांव, चारों उरांव, सुधीर उरांव, सुकरा उरांव, बीरू उरांव, जूनियल केरकेट्टा, रंजीत तिग्गा, शंकर, बिरसा उरांव, बिजेंदर उरांव सहित अन्य उपस्थित थे ।

## जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष अरुण सांगा ने की जिसमें मुख्य रुप से शादाब खान खूंटी जिला सह प्रभारी मौजूद थे। उन्होंने युवा कांग्रेस खूंटी जिला कमेटी के विस्तार और संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष अरुण सांगा ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोग सभी खूंटी जिला के हर गांव हर प्रखंड जाकर वहां की समस्याओं को हल करेंगे जिससे संगठन में मजबूती आ सके और लोगों का भला हो सके मौके पर मौजूद विधानसभा उपाध्यक्ष उस्मान खान नगर अध्यक्ष गुलिट मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान नगर महासचिव मोहम्मद शकील अंजुला हंस बहालन बलमूचू मोहम्मद आरफि मोहम्मद आसिफ खान मोहम्मद आमिर मोहित मिश्रा कृष मिश्रा विक्रम नायक रोहित महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल और मारंगहादा पुलिस के द्वारा अवैध अफीम की खेती को किया गया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल स्त्र, कंपनी हूंट और मारंहादा थाना के सशस्त्र बल के साथ मिलकर मरांगहादा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारंगहदा इलाके में भारी मात्रा में लगभग 18 एकड़ अफीम की अबैध खेती का विनस्टी करण किया, इस अभियान के दौरान 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल स्त्र, कंपनी के सहायक कमांडेंट, अजीत कुमार उपाध्याय , सहायक उपनिरीक्षक टी पुंचुक, मखाना राम केदार राम ,मुख्य आरक्षी बिरेंद्र प्रसाद गुप्ता,नीतीश कुमार एसएसबी के सशस्त्र बल तथा मरांगहदा थाना के इंचार्ज अजय कुमार भगत सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद कौसर तथा अन्य सशस्त्र बल शामिल रहे।

## मांडर के डाक बंगला में प्रखंड स्तरीय कांग्रेसी कार्यकर्ता का बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड स्थित डाक बंगला मे प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता बैठक मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार रखा गया। बैठक मे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी उपस्थित रहे। बैठक मे सबसे पहले पूर्व मंत्री ने सभी पंचायत अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। उसके उपरांत फिर सभी पंचायत अध्यक्ष अपने पंचायत की समस्या व स्थिति से अवगत कराया। कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सम्बोधित करते हुए कहा पार्टी को कैसे मजबूत किया जाए। और इस पर आपकी क्या एक्टिविटी होना चाहिए, साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी कैसे लोगो तक पहुँचाना है। उसपर भी कुछ दिशा निर्देश दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील अख्तर, मंगा उरांव, जुएल तिग्गा, समीम अख्तर, आबिद अंसारी, सेरोफिना मिंज, जहीर खान, नसीम अंसारी, होसे उरांव सहित विभिन्न गाँव से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो महीने से जलापूर्ति योजना खराब



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के हाकेदाग पंचायत के टेटेबान्दा गांव के ऊपर टोला में लगाये गए सोलर जलापूर्ति योजना पिछले दो महीने से खराब है। इससे मुहल्ले के करीब 15 घरों को पेयजल संकट हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जलापूर्ति योजना खराब होने से हमें दूसरे जगह से पानी का जुगाड़ करना पड़ता है। इसकी जानकारी मुखिया की भी दे दी गयी है लेकिन अभी तक इसे बनाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है।

# न्यू कागलनगर पार्क का हुआ उद्घाटन 18 उपकरणों के साथ एक ओपन जिम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल शहर के हरित आवरण को बढ़ाने और बनाए रखने के प्रयास के तहत आज न्यू कागलनगर पार्क का उद्घाटन बन्ना गुप्ता, मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और आपदा प्रबंधन, झारखंड सरकार, चितरंजन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि, चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल, धनंजय मिश्रा, सीनियर जनरल मैनेजर (झारखंड बिजनेस), रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष, जेएसयू, वरिष्ठ अधिकारी और सदस्य सोनारी के स्थानीय निवासियों के साथ टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की उपस्थित में किया गया। न्यू कागलनगर पार्क सोनारी गुरुद्वारे के पास स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 4788.0 वर्गमीटर है जिसमें 700 वर्गमीटर का पैदल ट्रैक है। पार्क में एरियल स्टोलर, एब्स बोर्ड डबल, शोल्डर ट्वर्ल डबल, सर्फ बोर्ड, शोल्डर एक्सरसाइजर, डबल पैरेलल बार, ओवेट स्टेपर, लेग स्ट्रेच, एयरो राइडर, लेग एक्सटेंशन, आईपीटी अपग चेस्ट प्रेस डबल, फोरआर्म जैसे 18 उपकरणों के साथ एक ओपन जिम है। ट्वर्ल डबल, हिप ट्विस्टर ट्रिपल, सर्कुलर पुल अप स्टेशन, क्रिस्टल भूलभुलैया, एस ब्रिज लैडर, सेट बोनी एक्सरसाइज बाइक और आईपीटी यूपीजी हैंड रोवर। प्रकाश व्यवस्था के साथ अन्य प्रकाश व्यवस्था के लिए 120 वाट का हाई मास्ट है। पार्क में खेलने के क्षेत्र, वॉशरूम/शौचालय की सुविधा और 15 उद्यान बेंच भी हैं। पार्क मिमुसोप्स एलेंगी (बाकुल), लेगेरस्ट्रोइमिया स्पेशियोसा (जारुल), क्राइसिलेडोकार्पस ल्यूटेसेंस (एरेका पाम), पॉलीसियस बालफोरियाना (बालफोर अरालिया) जैसे विभिन्न प्रकार के पेड़ों से सुशोभित है। न्यू कागलनगर पार्क सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक और शाम को 4:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।



# स्वर्णरिखा आरती घाट बनने की पहल शुरू

**- डीसी के साथ मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया स्थल का निरीक्षण कहा पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज डीसी विजया जाधव और जुस्को के कैप्टन धनंजय मिश्रा के साथ स्वर्णरेखा आरती घाट के निर्माण हेतु दुमुहानी का निरीक्षण कर विशेष दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान स्वर्णरेखा आरती घाट, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था, आरती घाट के साथ विभिन्न इलाकों में विधुत व्यवस्था, रेलिंग के माध्यम से डेन्जर जोन का सीमांकन, नदी के संरक्षण हेतु इको फ्रेंडली जोन, पूजा कीर्तन हेतु जगह की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था,स्थल कों पवित्र रखने हेतु शौचालय की व्यवस्था, आरती हेतु विशेष मंडप, तटीय क्षेत्र में वृक्षारोपण समेत विभिन्न सुरक्षात्मक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, इस दौरान एसडीओ, एडीएम लॉ एन्ड ऑर्डर, जमशेदपुर अशेष के पदाधिकारियों समेत जुस्को के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के उपरांत मंत्री बन्ना गुप्ता ने मीडिया कों बताया कि जमशेदपुर शहर का अस्तित्व स्वर्णरेखा नदी से हैं और इस नदी के आँचल में मैं पला बढ़ा हूँ और आज इस मुकाम पर हूँ, स्वर्णरेखा नदी मेरी माँ हैं और इसका कर्ज उतारने की बारी अब मेरी हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्णरेखा आरती मंडप को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे इसकी ख्याति विश्व स्तर पर पहुंचे साथ ही यह रोजगार सृजन का केंद्र भी बनेगा।



**संजय ठाकुर बने स्वर्णरेखा आरती प्रोजेक्ट के प्रोटोकॉल ऑफिसर:** मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने पीए संजय ठाकुर को प्रतिनिधि के रूप में स्वर्णरेखा आरती मंडप प्रोजेक्ट का प्रोटोकॉल ऑफिसर बनाया है जो प्रशासन और जुस्को के साथ समन्वय स्थापित कर इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाएंगे, गौरतलब है कि श्री ठाकुर कई वर्षो से स्वर्णरेखा बचाओ अभियान से जुड़े है।

**कल होने वाली प्रतीकात्मक आरती में शामिल होंगे मंत्री बन्ना गुप्ता:** मकर सरक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाली स्वर्णरेखा आरती महोत्सव में मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, इसके लिए उन्होंने डीसी को साफ सफाई, लाइटिंग, पार्किंग समेत विभिन्न बिषयो पर कार्य करने का निर्देश दिया है।

## सुरभि शाखा की महिलाओं ने दलमा पहाड़ में किया ट्रेकिंग का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शुक्रवार को महिलाओं के लिए दलमा पहाड़ में ट्रेकिंग का आयोजन किया गया। ट्रेकिंग सुबह 6 से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें 7 किलोमीटर का लक्ष्य पूरा किया गया। ट्रैकिंग में मुख्य अतिथि के रूप में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाली पहली भारतीय महिला बचेंद्री पाल और पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल शामिल थी। अतिथियों ने महिलाओं को प्रोत्साहित कर मनोबल बढ़ाया। शाखा की महिलाओं के मन में कुछ कर दिखाने की जिज्ञासा जगाई। महिलाएं बहुत ही उत्साहित थी। उन्हें ऐसा महसूस हो रहा था जैसे कि अपने दिनचर्या के कार्य से जीवन में कुछ अलग किया। इस ट्रेकिंग कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चैधरी, शालिनी गुप्ता, निधि अग्रवाल, आरती गुप्ता, प्रीति देबूका, रुचि बंसल, वसुंधरा अग्रवाल आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

## कुणाल षाड़ंगी व विमल बैठा ने पटमदा में 400 लोगों के बीच किया कंबल वितरण



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पटमदा मंडल अंतर्गत कॉलेज मोड़ के समीप कामारडीह स्थित मैदान में जरूरतमंद असहाय व बुजुर्गों को इस शीतलहर से राहत दिलाने के लिए करीब 400 कंबल वितरित किया गया। पटमदा प्रखंड प्रमुख सुश्री बालिका सोरेन, भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष निरंजन रजक की उपस्थिति में पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी व अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा ने वितरण किया। इसमें मंडल के पदाधिकारी व बूथ अध्यक्षों द्वारा जरूरतमंदों को चिन्हित करते हुए यह कार्य संपन्न किया गया। इसमें पटमदा बाजार, पटमदा बस्ती, रांगाटांड़, जाल्ला, पाथरडीह, लावा, ब्लॉक कालोनी एवं खेड़ुआ के जरुरतमंदों को कुणाल षाड़ंगी एवं विमल बैठा ने कंबल देते हुए टुसू पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंटू चरण दत्त, इन्द्रनारायण महतो, उपाध्यक्ष प्राणकृष्ण महतो, सुभास माहली, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बिरसानगर जोन नंबर -1 में रामो बिरूवा के नाम पथ का नामकरण



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसानगर जोन नंबर -1 के क्रॉसरोड संख्या -2 में आदिवासी 'हो' समाज द्वारा बिरसानगर संस्थापक सदस्य स्वर्गीय रामो बिरूवा के नाम पर पथ का नामकरण किया गया और उनके नाम पर साइन बोर्ड संकेत चिन्ह् लगाया गया। रामो बिरूवा का देहांत कुछ दिनों पूर्व हो गया था। आज उनकी धर्मपत्नी निरोला बिरूवा के हाथों पथ का उद्घाटन कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी जयपाल सिरका,संतोष कुमार पूर्ति,डॉ गीता सुन्डी,घनश्याम बारी,दीपक बिरुली,हरीश बिरूली,जेम्स जोंको,नरसिंह बिरूली, दिलीप बोदरा, रामो बिरूवा के सुपुत्र सुनील बिरूवा, सुरेश बिरूवा, बेटी जसमीन बिरूवा, प्रियंका सिरका यहां के रैयत कृष्णा लोहार एवं उनका परिवार एवं रामो बिरुवा के रिश्तेदार एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## जेवियर स्कूल के बच्चों ने लिया पिकनिक का आनंद



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेवियर स्कूल गम्हरिया के 12वीं कक्षा के बच्चों की ओर से पारडीह स्थित वेब इंटरनेशनल में पिकनिक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ फादर टोनी राज एसजे समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत सभी बच्चों ने शिरकत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को आगामी 12वीं की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासक ब्रदर अमलराज, शिक्षक विकास कुमार सिंह, सरोज रंजन, वंदना झा, अर्शी, फरहीन,अनामिका, अमित मालाकार,अमित भट्टाचार्य आदि भी मौजूद रहे।

# टाटा पावर देश भर में खोलेगा ईवी चार्जिंग पॉइंट्स सेट अप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ईवी चार्जिंग समाधान प्रदाता टाटा पावर ने ग्रेटर नोएडा में चल रहे ऑटो एक्सपो 2023 में हाई-टेक चार्जिंग समाधानों की विशाल श्रेणी प्रदर्शित की है। टाटा पावर ने पूरे देश भर में फैलाए हुए ईवी चार्जिंग नेटवर्क इज़ी चार्ज का प्रत्यक्ष अनुभव लेने का अवसर ऑटो एक्सपो 2023 के विज़िटर्स को मिल रहा है। कई पुरस्कारों से नवाज़ा गया और एक सबसे ज़्यादा डाउनलोड किया जाने वाला ईवी चार्जिंग का मोबाइल ऐप - टाटा पावर इज़ी चार्ज भी शामिल है। टाटा पावर इज़ी चार्ज यूज़र्स को उनका सबसे नज़दीकी चार्जिंग स्टेशन ढूंढने में, चार्जिंग पॉइंट्स की प्रत्यक्ष उपलब्धता की जानकारी लेने में, चार्जिंग स्टेटस के बारे में अपडेट्स पाने में मदद करता है, इसमें और भी कई विशेषताएं हैं जो ईवी चार्जिंग को काफी सुविधाजनक बनाती हैं।




# वीर शहीद बाबा तिलका मांझी को देश कभी नही भूलेगा : फतेह चंद्र टुडू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झामुमों मानगो नगर समिति के अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू के नेतृत्व में मानगो डिमना चौक स्थित वीर शहीद तिलका मांझी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। मौके पर श्री टुडू ने अपने सम्बोधन में शहीद मांझी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तिलका मांझी का जन्म 11 फरवरी, 1750 को बिहार के सुल्तानगंज में 'तिलकपुर' नामक गाँव में एक संथाल परिवार में हुआ था. इनके पिता का नाम सुंदरा मुर्मू था. उनका वास्तविक नाम 'जबरा पहाड़िया' ही था, तिलका मांझी यह नाम उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा दिया गया था। पहाड़िया समुदाय में ग्राम प्रधान को मांझी कहकर पुकारने की प्रथा है। .श्री टुडू ने कहा कि वीर शहीद तिलका मांझी जैसे क्रांतिकारी को देश वासी कभी भूल नहीं पाएंगे ,हम सदा उनका आभारी रहेंगे। डिमना चौक के अलावा मिर्जाडीह एवं बालिगुमा में भी बाबा तिलका मांझी को श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू के साथ मुख्य रूप से वरिष्ठ झामुमों नेता दीपक मुर्मू, नगर उपाध्यक्ष परमेश्वर दास, नगर कौषाध्यक्ष उज्जबल दास, जिला सदस्य स्नातन टुडू , आदि कई कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।



# घायल मजदूर की मौत के बाद सरला कंपनी गेट पर झामुमो का मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित सरला कंपनी में काम के दौरान घायल मजदूर की मौत के बाद शुक्रवार को झामुमो नेताओं द्वारा कंपनी गेट पर पहुंचकर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया गया। तत्पश्चात प्रबंधन की ओर से मृतक के परिजनों को मुआवजा भुगतान को लेकर वार्ता की गई। उक्त वार्ता में मृतक मजदूर के परिजन को बतौर मुआवजा सात लाख रुपए तथा उसके एक आश्रित को नौकरी देने पर सहमति बनी। उक्त वार्ता में झामुमो नेता अमृत महतो गोंडा बेसरा, शंकर मुखी, परितोष दास, राजेश गोप, सरोज मुखर्जी व मृतक के परिजन शामिल थे। विदित है कि उक्त कंपनी में बीते गुरुवार को कम के दौरान बास्कोनगर निवासी कुंदरा बोदरा नामक एक मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। उसके मित्रों द्वारा इलाज के लिए उसे एमजीएम अस्पताल ले जाया गया था। किन्तु, चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद मृतक का शव अस्पताल में ही छोड़कर सभी भाग गए थे। इसकी जानकारी पाकर झामुमो नेता मृतक के परिजनों के साथ शुक्रवार को कंपनी पहुंचकर काफी हंगामा किया गया।

# जोगा इंटर स्कूल शतरंज चैंपियनशिप सम्पन्न





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जोगा इंटर स्कूल शतरंज चैंपियनशिप आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुई। समारोह के मुख्य अतिथि जेईएम फाउंडेशन के प्रशासक ए एफ मैडन और विशिष्ट अतिथि पूर्वी सिंहभूम जिला शतरंज संघ के महासचिव श्री एन के तिवारी थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में फिरोज खान, वरिष्ठ खेल प्रशासक, टाटा स्टील खेल विभाग भी उपस्थित थे। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। इसके बाद जेएसएसपी के छात्रों द्वारा एक शानदार नृत्य प्रदर्शन किया गया। ए एफ मैडन, प्रशासक जेईएम फाउंडेशन ने पुरस्कार प्रदान किए और पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। जयंत कुमार भुइयां और चंदन कुमार प्रसाद को सफलतापूर्वक प्रतियोगिता आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। सभी 25 भाग लेने वाले स्कूलों को स्मृति चिन्ह और भागीदारी प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

**टूर्नामेंट के परिणाम इस प्रकार है**

एकल जूनियर बॉयज - प्रथम- कुंज कुमार(बाल्डविन स्कूल), द्वितीय -युवराज सिंह (डीबीएमएस कदमा), तृतीय- अनुज प्रकाश ( जेपीएस स्कूल)। एकल सीनियर बॉयज - प्रथम- अनिकेत गुप्ता (एनएमएल -केपीएस एग्रिको स्कूल), द्वितीय -ओम नारायण भुईयां (एसडीएम स्कूल), तृतीय- साहिल कुमार साहा ( केएसएमएस)। एकल जूनियर गर्ल्स - प्रथम- नविका जायसवाल (एमएलजेडएस), द्वितीय -प्रज्ञा भारद्वाज (जेएच तारापोर), तृतीय- अजूनी कौर ( एसएचएससी)। एकल सीनियर गर्ल्स = प्रथम- कौशिका कुमारी (चर्च स्कूल), द्वितीय -सुनिधि सिंह (जेएच तारापोर), तृतीय- साराक्षी पानी (जेएच तारापोर)।

**टॉप 3 चैंपियन स्कूल टीमें**

सीनियर बॉयजः विनर - तारापोर एग्रिको, फर्स्ट रनर अप - केएसएमएस, सेकंड रनर अप - डीबीएमएस कदमा। जूनियर बॉयजः विनर - बाल्डविन फार्म एरिया स्कूल, फर्स्ट रनर अप - डीबीएमएस कदमा, सेकंड रनर अप - केपीएस कदमा। सीनियर गर्ल्सः विनर - जेएच तारापोर, फर्स्ट रनर अप - सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सेकंड रनर अप - बेल्डीह चर्च स्कूल। जूनियर गर्ल्सः विनर - जेएच तारापोर, फर्स्ट रनर अप - सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सेकंड रनर अप - सेंट्रल पब्लिक स्कूल।

# टुसु पर्व व सरस्वती पूजा को लेकर कांड्रा थाना में शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** क्षेत्र का प्रमुख टुसु पर्व और सरस्वती पूजनोत्सव को लेकर शुक्रवार को कांड्रा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद महतो ने टुसु, मकर संक्रांति और सरस्वती पूजनोत्सव सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाने की अपील किया। इस मौके पर उन्होंने पूजा कमेटियों से हुड़दंगियों पर नजर रखने तथा इसकी सूचना तुरंत थाना को देने की बात कही। इस दौरान थाना प्रभारी ने खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया। इसके अलावा उन्होंने बाइक चालकों से भी खुद को सुरक्षित रखने हेतु नशे में वाहन नही चलाने की अपील किया। स्थानीय दुकानदारों से अपनी-अपनी दुकानों में सीसीटीवी लगाने की अपील भी किया। इस मौके पर जिप सदस्य पिंकी मंडल, मुखिया शंकरी सिंह, डुमरा पंचायत मुखिया पियो हांसदा, हुदू पंचायत मुखिया सुगी मुर्मू, फागुन मुर्मू, वार्ड सदस्य अजीत सेन, पंसस मोनू टूडू, पूर्व उप मुखिया अनिल सिंह, जयपाल सिंह, एसआई राहुल कुमार सिंह, संतोष कुमार उरांव, मनोज राय, आदि थे।



# साउथ प्वाइंट स्कूल के बच्चों ने निकाली सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शुक्रवार को पटमदा के सउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी के बच्चों ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली को पटमदा थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिंह, विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा एवं प्राचार्य अरूण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर रवाना किया। चेयरमेन शिव प्रकाश शर्मा ने कहा कि रैली का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करना। प्राचार्य अरूण कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यह कार्यक्रम है। रैली के दौरान बच्चों ने प्ले कार्ड के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। रैली विद्यालय परिसर से होते हुए बामनी मोड़, बेलटांड़ चैक, पटमदा बाजार, पटमदा थाना होते हुए वापस विद्यालय में समाप्त हुई। रैली को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही।



## सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर राजनगर पुलिस एक्शन में

# नशा करके गाड़ी चलाने पर 10 हजार तक होगी फाइन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार के कारण आये दिन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए थाना प्रभारी चंदन कुमार और ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुषमा कुमारी के संयुक्त नेतृत्व में जगह जगह चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं शुक्रवार को एनएच220 मुख्य मार्ग में मुरमडीह पेट्रोल पंप के समीप जबरदस्त वाहन चेकिंग की गई। जहां ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुषमा कुमारी दल बल के साथ इस अभियान में शामिल थी। वहीं भारी वाहनों में ओवरलोड, तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल व कार एवं नशा पान कर वाहन चलाने वालों पर नजर रखी गई। साथ ही ब्रीथ एनेलाजर की मदद से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर चालान काटा गया। थाना प्रभारी ने कहा, अब शराब पीकर या तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों को बक्सा नही जाएगा। पकड़े जाने पर 10 हजार तक का फ़ाईन लगाया जायेगा। और चेकिंग थाना क्षेत्र के कहीं भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर यह अभियान अब लगातार चलता रहेगा।



## कार व बाइक में जोरदार टक्कर, एक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** शुक्रवार की शाम तिरलडीह थाना क्षेत्र के डाटम जंगल मे आर्टिका कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत होने से कार व बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। वही बाइक सवार भी बुरी तरह चोटिल हो गया जबकि कार का एयर बेग खुलने से ड्राइवर बच गया। जबकि सवार लोगो मे एक बच्ची को चोट लग गयी ।बताया जा रहा है कि कार सवार लोग धनबाद से जारगो जा रहे थे। जबकि बाइक सवार कुकडु साप्ताहिक हाट से अपना घर कूदा लौट रहा था।सूचना पाकर तिरलडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुचकर कार व बाइक को कब्जे में ले लिया। जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए टाटा रेफर कर दिया गया।स्थानीय डॉक्टर ने बताया कि घायल बाइक सवार की स्थिति नियंत्रण में है।



## संपादकीय

# राज्यपाल का 'तमिलवाद'

**तमिलनाडु** के राज्यपाल आर. एन. रवि को विधानसभा से बहिर्गमन करना पड़ा। जब यह ख़बर सामने आई, तो देश का संवैधानिक ढांचा अस्थिर होता लगा, क्योंकि यह दुर्लभ परिस्थिति थी। सवाल राज्यपाल की तमिल सोच और सियासत पर भी उठाए जा रहे हैं। उन्हें सदन से बहिर्गमन करना पड़ा, क्योंकि उन्होंने अपने अभिभाषण के कुछ अंश पढ़े नहीं थे। यूं कहें कि वह पढना ही नहीं चाहते थे और आगे बढ़ गए। सत्ता पक्ष ने घोर आपत्ति जताई और राज्यपाल के खिलाफ ही प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कर दिया। अमूमन ऐसा नहीं होता, क्योंकि संविधान में राष्ट्रपति और राज्यपाल को कुछ अतिरिक्त शक्तियां और छूट दी गई हैं। राज्य में राज्यपाल ही सरकार का संवैधानिक प्रमुख होता है। दरअसल राष्ट्रपति या राज्यपाल के अभिभाषण सरकारें ही तय करती हैं और परंपरा है कि उन अभिभाषणों के जरिए वे सदन के सत्र को संबोधित करते हैं। सरकार के नीतिगत ब्लूप्रिंट भी स्पष्ट होते हैं कि सरकार ने क्या किया है और भविष्य के कार्यक्रम क्या हैं। बहरहाल राज्यपाल रवि ने अभिभाषण के वे अंश छोड़ दिए, जो तमिल नेताओं से संदर्भित थे। उन नेताओं में पेरियार, कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री के. कामराज, द्रमुक सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन.अन्नादुरई और करुणानिधि, अंततः डॉ. अंबेडकर आदि के नाम शामिल थे। राज्यपाल ने प्रशासन और सरकार के द्रविड़ मॉडल और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रति द्रमुक गठबंधन की सरकार की प्रतिबद्धता वाला अंश भी, बिना पढ़े, छोड़ दिया। इनमें से किसी भी नाम और संदर्भ को विवादित, असंवैधानिक और साफ तौर पर गलत या झूठा करार नहीं दिया जा सकता। फिर राज्यपाल ने ये अंश क्यों नहीं पढ़े, जबकि तमिलनाडु से इनका गहरा संबंध रहा है? तमिल नेता और राजनीतिक दल इसका कारण स्पष्ट मान रहे हैं। वे राज्यपाल रवि को केंद्र की मोदी सरकार का एजेंट तक मान रहे हैं। यह भी संवैधानिक अपमान की स्थिति है। सितंबर, 2021 में आर.एन. रवि को तमिलनाडु का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तभी से राज्य सरकार के साथ उनके संबंध और समीकरण तनावपूर्ण और खटास भरे रहे हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंह कोशयारी, केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान, पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं मौजूदा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पुडुचेरी की उपराज्यपाल रहीं किरण बेदी आदि के साथ राज्य सरकारों के विवाद और विभाजन चिपके रहे हैं। चूंकि केंद्र में भाजपा सरकार है, लिहाजा यह भी स्वाभाविक है कि राज्यपाल या अन्य संवेदनशील और संवैधानिक नियुक्तियां उसी के जरिए होंगी। यही हमारी संवैधानिक व्यवस्था है, लेकिन राज्यपाल रवि ने अपनी लक्ष्मण-रेखा क्यों लांघी है? वह कई मुद्दों पर राज्य सरकार से असहमत रहे हैं। नीट के सरकारी विरोध को उन्होंने सत्यापित नहीं किया और विधानसभा द्वारा पारित एक दर्जन से ज्यादा बिलों पर कुंडली मार कर बैठे हैं। जाहिर है कि राज्य सरकार भी आरोपित करेगी। फिर राज्यपाल ने 'राजभवन' में एक आयोजन के दौरान टिप्पणी की कि राज्य का नाम 'तमिलनाडु' से बेहतर 'तमिझागम' होगा। इसकी क्या जरूरत थी? द्रमुक ने घोर आलोचना की और कहा कि राज्यपपाल फिजूल ही राज्य की राजनीति में हस्तक्षेप कर रहे हैं। 'तमिलनाडु' अलगाव का प्रतीक है और द्रमुक के राजनीतिक इतिहास के मद्देनजर विवादित भी है।


बहरहाल राज्यपाल रवि ने अभिभाषण के वे अंश छोड़ दिए, जो तमिल नेताओं से संदर्भित थे। उन नेताओं में पेरियार, कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री के. कामराज, द्रमुक सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन.अन्नादुरई और करुणानिधि, अंतत: डॉ. अंबेडकर आदि के नाम शामिल थे। राज्यपाल ने प्रशासन और सरकार के द्रविड़ मॉडल और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रति द्रमुक गठबंधन की सरकार की प्रतिबद्धता वाला अंश भी, बिना पढ़े, छोड़ दिया। इनमें से किसी भी नाम और संदर्भ को विवादित, असंवैधानिक और साफ तौर पर गलत या झूठा करार नहीं दिया जा सकता। फिर राज्यपाल ने ये अंश क्यों नहीं पढ़े, जबकि तमिलनाडु से इनका गहरा संबंध रहा है? तमिल नेता और राजनीतिक दल इसका कारण स्पष्ट मान रहे हैं।


## कुछ अलग

# मंत्रिमंडल की निर्णायक बैठक

**हिमाचल** सरकार अपने वादों की फेहरिस्त से निकल कर अब यथार्थ के धरातल पर कर्मचारियों के साथ लोहड़ी मनाने जा रही है। विभागीय आबंटन व अधूरे मंत्रिमंडल विस्तार के बावजूद सुक्खू सरकार की अहम प्राथमिकताओं में शुमार ओपीएस पर मंत्रिमंडल की निर्णायक बैठक कल होने जा रही है। जाहिर तौर पर यह बैठक शपथ पत्र की तरह कर्मचारियों से ओपीएस और महिलाओं से पंद्रह सौ के भुगतान के वादे को पूरा करेगी। यह पहली ऐसी कसरत है जहां मौका, दस्तूर और दरियादिली का इजहार करती कांग्रेस सरकार सारे देश के सामने नजीर पेश करेगी। इस तरह लोहड़ी त्योहार में मंत्रिमंडल की रेवडियां जब बंटेगी, तो सरकार का आगाज मीठा होगा। दूसरी ओर मंत्रिमंडल के पद और पदक पर अटकी राजनीतिक सांसों के लिए ऐसे ही त्योहार का इंतजार जारी है। मंत्री होने की काबिलीयत में हिमाचल का सियासी परिदृश्य भले ही अपेक्षाओं से भरा रहे, मगर सच यह भी है कि प्रदेश स्तरीय छवि में अधिकांश नेता अब तक अव्वल साबित होने से चूकते रहे हैं। हमें नहीं मालूम कि कल किस मंत्री के पास कौन सा विभाग होगा, लेकिन उम्मीद यह है कि सुक्खू मंत्रिमंडल अपनी छाप तय करे। हिमाचल के परिप्रेक्ष्य में जो विभाग अहम हो सकते हैं या जहां भविष्य तैयार होगा, उन्हें फिर से परखने की जरूरत है। विडंबना यह भी रही कि हिमाचल का बजट अब खिलौना सरीखा होकर खेला जाता है यानी रिसते आर्थिक आधार पर अपनी वित्तीय विपन्नता का सौदागर बनकर सरकारों को करिश्मा दिखाना है, तो कुछ इमारतें, कुछ संस्थान और कुछ कार्यालय खोल दिए जाते हैं, वरना हिमाचल की हैसियत में ये नखरे उठाने की क्षमता कभी रही ही नहीं। बेशक सुक्खू सरकार ने ऐसी घोषणाओं को डिनोटिफाई करके राजनीतिक जवाबदेही की एक तरह से परख शुरू की है, लेकिन इस मुहिम को इसकी भावना में प्रकट करने के लिए कांटों भरा रास्ता तय करना होगा। एक खुशहाल उम्मीदों भरे और ऊर्जावान हिमाचल को कितने विभाग चाहिएं। प्रायः चर्चाओं में गिने चुने विभाग या बजटीय आबंटन में आगे रहने वाले विभागों को बड़ा माना जाता है, लेकिन प्रदेश के भविष्य के लिए शिक्षा, चिकित्सा, युवा एवं खेल, पर्यटन, वन, ग्रामीण व शहरी विकास मंत्रालय सीधा असर रखते हैं। ऐसे में सुक्खू सरकार में इन विभागों के प्रभारी मंत्री ऐसा बहुत कुछ कर सकते हैं, जो इससे पहले हुआ ही नहीं। पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल केवल एक विभाग नहीं, बल्कि हर विभाग के केंद्र में ऐसी गतिशीलता है जो रोजगार व आर्थिक विकास को सुनिश्चित कर सकती है। पर्यटन के मायनों में पीडब्ल्यूडी, जलशक्ति, वन, विद्युत, ग्रामीण एवं शहरी विकास तथा भाषा-संस्कृति विभागों के दायित्व जोड़े जाएं, तो ही दिशा तय होगी, वरना कुछ सरकारी होटल बना कर संसाधन ठिकाने लगाए जा सकते हैं। कायदे से पर्यटन एवं उड्डयन विभाग मुख्यमंत्री के पास होना चाहिए और इसके तहत ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्ज को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हिमाचल ने आज तक युवा एवं खेल विभाग को वांछित अहमियत नहीं दी। विभाग का ताल्लुक हर गांव से शहर तक ही नहीं, बल्कि हर युवा से छात्र तक है। शारीरिक फिटनेस और नशे की चुनौतियों को देखते हुए इस विभाग की क्षमता में युवाओं को प्रेरणा देने का संकल्प लेना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।


विभागीय आबंटन व अधूरे मंत्रिमंडल विस्तार के बावजूद सुक्खू सरकार की अहम प्राथमिकताओं में शुमार ओपीएस पर मंत्रिमंडल की निर्णायक बैठक कल होने जा रही है। जाहिर तौर पर यह बैठक शपथ पत्र की तरह कर्मचारियों से ओपीएस और महिलाओं से पंद्रह सौ के भुगतान के वादे को पूरा करेगी। यह पहली ऐसी कसरत है जहां मौका, दस्तूर और दरियादिली का इजहार करती कांग्रेस सरकार सारे देश के सामने नजीर पेश करेगी।


## पंजाब से विदेशों में पढ़ाई के लिए जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी काफी है

# असंगठित उद्योग का महत्त्व


पीके खुराना


खोमचे वाले, पटरी वाले, घूम-घूम कर सामान बेचने वाले इन लोगों की हम उपेक्षा करते हैं, पर यह भूल जाते हैं कि हमारी रोज़मर्रा की अधिकांश जरूरतें यही लोग पूरी करते हैं। बड़े उद्योग घाटे में जाएं तो सरकारों में हडकंप मच जाता है और उनके लिए राहत पैकेज की बात होने लगती है, जबकि असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए सरकार कुछ नहीं करती। हमारी अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र का योगदान सिर्फ 25 प्रतिशत है, जबकि असंगठित क्षेत्र अर्थव्यवस्था में 70 प्रतिशत तक योगदान देता है। आज आवश्यकता है कि हम इस उद्योग की महत्ता को समझें।

**135** करोड़ की आबादी वाले हमारे देश में युवाओं की संख्या विश्व भर में सर्वाधिक है और हम इस बात पर बहुत गर्व करते प्रतीत होते हैं कि हम विश्व के सर्वाधिक युवा देश हैं। देश में युवाओं की आबादी सर्वाधिक होने के अपने लाभ हैं, लेकिन इसी कारण जो चुनौतियां दरपेश हैं उनकी चर्चा बहुत कम है। युवाओं की बड़ी आबादी का मतलब है कि छोटे से छोटे अवसर के लिए भी युवाओं की बड़ी संख्या उस अवसर का लाभ उठाने की जुगत कर रही होगी। नौकरी की तो बात ही छोड़िए, फीस देकर पढ़ाई करने वालों में भी ऐसी गलाकाट प्रतियोगिता है कि किसी अच्छे कालेज में दाखिला लेना भी एक प्रोजेक्ट हो जाता है। आज हालत यह है कि बड़े शहरों में नर्सरी क्लास में नन्हे-नन्हे बाल-गोपालों के दाखिले के लिए तगड़ी सिफारिश, रिश्वत या डोनेशन आम बात है। पंजाब एक ऐसा प्रदेश है जो हाल ही में युवाओं में फैलते नशे की आदत के कारण बदनाम हुआ जबकि इससे पहले यह कबूतरबाजी के लिए भी बदनाम रहा है। पंजाब से विदेशों में पढ़ाई के लिए जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी काफी है। विदेश जाकर पढ़ाई करने के इच्छुक एक विद्यार्थी से जब मैंने इस बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि भारतवर्ष में उसे अपने मनचाहे कालेज में दाखिला नहीं मिल रहा है, इसलिए उसने विदेश जाकर पढ़ाई करने का निश्चय किया है। जिस देश में नर्सरी क्लास में दाखिले के लिए रिश्वत देनी पड़े, वहां युवकों को नौकरी के कैसे लाले होंगे यह अंदाज़ा लगाना कठिन नहीं है। यही कारण है कि बैंकों में चपरासी तथा रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती के लिए उच्च शिक्षित युवकों में भी होड़ लगी रहती है। सिर्फ एक साल पहले ही यह खबर बहुत चर्चा का विषय बनी थी कि राजस्थान में एक विधायक के उच्च शिक्षित बेटे को चपरासी की नौकरी के लिए चुना गया है। समस्या यह है कि हमारे देश में यह धारणा आम है कि नौकरी देना सरकार का कत्तव्य है। यह समझना आवश्यक है कि सरकारी नौकरियां न केवल सीमित हैं, बल्कि वे हमेशा सीमित ही रहेंगी। सरकार का काम नौकरी देना नहीं है। सरकार का काम है कि वह ऐसे नियम-कानून बनाए कि उद्योग फल-फूल सकें और अधिक से अधिक रोजगार पैदा कर सकें। समस्या यह है कि यह धारणा सिर्फ जनता में ही नहीं है



बल्कि राजनीतिज्ञों में भी आम है कि नौकरी देना सरकार का कत्तव्य है। यही कारण है कि सरकारें बार-बार नई नौकरियां देने की घोषणाएं करती हैं और फिर अपनी ही घोषणाओं के जाल में फंस कर जोड़-तोड़ से नौकरियां बनाने के चक्रव्यूह में उलझ जाती हैं। इसी तरह की एक दूसरी गलतफहमी यह है कि बड़े उद्योग लगने से रोजग़ार के अवसरों में वृद्धि होगी। तकनीक में तेजी से उन्नति के लिए हमें विश्व भर में फैले वैज्ञानिकों का आभारी होना चाहिए, लेकिन तकनीकी उन्नति ने जहां हमारे जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं बड़े उद्योगों में मशीनों, कंप्यूटरों और रोबोट का दखल बढ़ते जाने से इनसानों के लिए रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं। यह सही है कि आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के चलते उद्योगों का विकास हुआ है, लेकिन इससे रोजग़ार के अवसर संकुचित हुए हैं। एक और बड़ी गड़बड़ यह है कि रोजग़ार कार्यालयों में दर्ज बेरोजग़ारों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो कम पढ़े-लिखे तो हैं ही, उनमें कोई तकनीकी योग्यता भी नहीं है। इस कारण उन्हें या तो नौकरी मिलती ही नहीं, और अगर मिलती भी है तो तनख्वाह चिडिया के चुग्गे जैसी होती है। उन्हें रोजग़ार के काबिल बनाना एक बड़ी चुनौती है और इसके बिना मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया जैसी सभी घोषणाएं कागज़ी बन कर रह जाती हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कुछ श्रम शक्ति का एक बहुत छोटा भाग ही संगठित क्षेत्र में कार्यरत है। सच तो यह है कि हमारी बहुसंख्य श्रमशक्ति कृषि, बागवानी तथा अन्य छोटे-छोटे काम धंधों में संलग्न है। आकार के कारण अक्सर हम बड़े रोजग़ारों के प्रति विस्मय, आदर और डर की मिलीजुली भावना से ग्रस्त रहते हैं, जबकि असलियत यह है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था असंगठित क्षेत्र के योगदान के कारण ही ज़िंदा है, वरना हम बहुत पहले ही पाकिस्तान की तरह मदद के लिए फरियाद कर रहे होते। इस तथाकथित असंगठित क्षेत्र के बारे में और भी ऐसे बहुत से तथ्य हैं जिनकी ओर हम ध्यान ही नहीं देते और असंगठित क्षेत्र की अनदेखी की गलती करते हैं। असंगठित क्षेत्र ही एक ऐसा क्षेत्र है जहां उद्यमिता खुल कर पनपती है। असंगठित क्षेत्र ही ऐसा क्षेत्र है जहां औरत, मर्द, बच्चे, बूढ़े और दिव्यांग तक को रोजग़ार हासिल है जबकि संगठित क्षेत्र की बहुत सी सीमाएं हैं। असंगठित क्षेत्र में ठेला लगाने वाले बहुत से लोग मौसम बदल जाने पर प्रोडक्ट बदल देते हैं। सर्दियों में सूप बेचने वाले लोग गर्मियों में कुल्फी बेचने का काम करने लगते हैं। पटरियों पर बैठ कर सामान बेचने वाले लोग होली के समय रंग बेचते हैं, दिवाली क समय पटाखे लगाते हैं, क्रिसमस के समय वे सांता क्लाज की लाल टोपियां बेचने लगते हैं तो पंद्रह अगस्त और छब्बीस जनवरी को वे तिरंगा बेचने में मशगूल हो जाते हैं। ऐसा हर उत्पाद ज्यादा से ज्यादा तीन सप्ताह तक ही प्रासंगिक रहता है और इस समय सीमा के बाद उन्हें हमेशा क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है कि तीन सप्ताह की समय सीमा बीतते ही ये लोग अपना उत्पाद बदल लेते हैं। उल्लेखनीय है कि यह कोई आसान प्रक्रिया नहीं है बल्कि उत्पाद बदलने का मतलब है कि सभी शहरों के सभी पटरी वालों से पुराना सारा सामान वापिस लेना, उसका हिसाब रखना, वापिस लिए गए बचे हुए माल का भुगतान करना या अगले दिए गए सामान की कीमत में उसे एडजस्ट करना एक लंबा काम है जिसे असंगठित उद्योग से जुड़े लोग अत्यंत कुशलतापूर्वक निभाते हैं और उसमें कोई चूक भी नहीं होती। प्रोडक्ट लाइन बदलने का यही काम संगठित क्षेत्र के उद्यमों को करना पड़े तो वे सोच-विचार में ही चार-पांच साल खपा दें। मज़ेदार बात यह है कि असंगठित क्षेत्र अपने अधिकतर काम बिना किस तकनीकी सहायता के निपटाता है, तेजी से निपटाता है और बिना गलती के निपटाता है। उसके पास कोई सैप, कोई ईआरपी नहीं होती, तो भी उसकी कुशलता देखते ही बनती है। बड़े उद्योगों की बात करें तो हर जगह घमंड और सेवा में कमियों की भरमार है।

# जातिगत जनगणना पर सबकी निगाह

**जब** से बिहार में जातिगत जनगणना शुरू हुई है, तभी से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर शुरू हुई यह जनगणना महज राजनीतिक लाभ कमाने की कवायद है या यह पिछड़े तबकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में सचमुच मददगार साबित होगी? सवाल इसके समय को लेकर भी उठ रहा है, क्योंकि लोकसभा चुनाव सिर्फ 16 महीने दूर हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि बिहार की सत्ता में बैठी पार्टियां इससे राजनीतिक लाभ कमाना चाहती हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिनका तर्क है कि बिहार में जातिगत जनगणना क्यों जरूरी है? फिलहाल, यह बता पाना कठिन है कि बिहार की जातिगत जनगणना राजनीति से प्रेरित कोई सियासी खेल है या पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने की सरकार की नेक कवायद? यह तो आंकड़ों के सार्वजनिक होने और उन पर होने वाले विचार-विमर्श से पता चल सकेगा। मगर इससे शायद ही किसी को ऐतराज होगा कि मंशा चाहे जैसी भी हो, उसे पूरा करने के लिए आंकड़ों की दरकार होगी ही। आंकड़े न हों, तो न राजनीति हो सकती है और न ईमानदार शासकीय कोशिश। ऐसे में, जातियों की संख्या पता लगाने और उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति को जांचने के लिए जातिगत जनगणना का यह प्रयास तारीफ के काबिल है। हालांकि, इसे हम आधिकारिक तौर पर जनगणना नहीं कह सकते, क्योंकि यह काम केंद्र सरकार का है, जो हर दस साल पर इसे करती है। बहस इस बात पर भी है कि जब केंद्र सरकार इस तरह की जनगणना को लेकर उत्साहित नहीं है, तब बिहार इसको लेकर इतना आग्रही क्यों है? मेरा मानना है कि ओबीसी की संख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाने में कोई बुराई नहीं है, क्योंकि इससे बिहार में ओबीसी की संख्या, बिहार की आबादी में उनकी हिस्सेदारी जैसी तमाम अटकलों पर विराम लग जाएगा। ऐसे वक्त में, जब ओबीसी की आबादी को काफी ज्यादा बताया जा रहा हो और 1931 की जनगणना के आंकड़ों पर विवाद हो, तब जनगणना ही एकमात्र ऐसा तरीका है, जिससे विश्वसनीय जानकारी हासिल हो सकती है और बिहार सरकार फिलहाल यही काम कर रही है। इसी तरह, जातिगत जनगणना को राजनीति से प्रेरित बताने का आरोप भी सिरे नहीं चढ़ता, क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुरू से जाति आधारित जगनणना के समर्थक रहे हैं। जब एनडीए के भीतर इस मसले पर चर्चा हो रही थी और नीतीश कुमार राजग गठबंधन का हिस्सा थे, तब भी वह इस मुद्दे पर मुखर थे। इसी कारण यह आरोप निराधार लगता है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक मकसद से उन्होंने यह दांव चला है। बेशक अभी आंकड़े एकत्र किए जाने बाकी हैं, क्योंकि घरों की सूची का पहला चरण ही अभी शुरू हुआ है और दूसरे चरण में घरों के मुखिया की गिनती की जाएगी और उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारियां जुटाई जाएंगी, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस गणना से कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। नीतीश कुमार की जद (यू)-राजद-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने साफ संकेत दिया है कि बिहार में ओबीसी के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को संजीदगी से दूर करने की उसकी मंशा है। और, इस तरह के किसी भी प्रयास के लिए सरकार को आंकड़े चाहिए, जिसके लिए यह कवायद शुरू की गई है। संभव है, राजद और जद (यू) को इस प्रयास से कुछ चुनावी लाभ मिले, लेकिन ओबीसी के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि नीतीश कुमार यह संकेत देने में सफल रहे हैं कि वह ओबीसी की परवाह करते हैं। यहां यह ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण होगा कि बिहार में सत्तारूढ़ दोनों मुख्य दलों (राजद और जद-यू) के पास ओबीसी मतदाताओं का अच्छा-खासा समर्थन है। उनके लिए चुनाव बहुत कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि ओबीसी के कितने वोट उनके खाते में जाते हैं। जातिगत जनगणना से इन दोनों पार्टियों ने कम से कम ओबीसी के एक बड़े हिस्से को इसकी जरूरत को लेकर आश्वस्त कर दिया है, और उनमें यह उम्मीद जगाई है (यह छलावा भी साबित हो सकती है) कि इस जनगणना के बाद उनका जीवन कुछ बेहतर होगा। यही वजह है कि जद (यू) और राजद को इससे सियासी लाभ मिलने की उम्मीद है। हमें यहां यह भी आश्चर्य नहीं करना चाहिए कि समाजवादी पार्टी या बीजू जनता दल जैसी पार्टियां, जो पुराने जनता दल से टूटकर अलग हुई हैं, अपने-अपने राज्यों में इस कवायद को आगे बढ़ा सकती हैं या ओबीसी जनगणना के लिए राज्य सरकारों पर अब दबाव बन सकता है। हालांकि, जद (यू) और राजद को मिलने वाले इस फायदे को बांटा जा सकता था, यदि भाजपा ने जातिगत जनगणना का विरोध नहीं किया होता। इसने ओबीसी के एक बड़े वर्ग में संदेह पैदा किया है। ओबीसी जातियों के लोगों को इस बात का जवाब नहीं मिल रहा कि भाजपा आखिर क्यों इसका लगातार विरोध कर रही है? क्या केंद्र सरकार के पास इस बाबत कुछ ऐसे तथ्य हैं, जो वह छिपाना चाहती है? भाजपा को एहसास होना चाहिए कि उसने देश भर के ओबीसी मतदाताओं, विशेषकर निचली ओबीसी जातियों के बीच अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। लोकनीति-सीएसडीएस के आंकडे बताते हैं कि 2009 के आम चुनाव में महज 22 फीसदी ओबीसी वोट पाने वाली भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 44 प्रतिशत ओबीसी मत हासिल किया। ऐसे में, केंद्र सरकार की तरफ से जातिगत जनगणना शुरू की जाती, तो ओबीसी समुदायों में सकारात्मक संदेश जाता, मगर संभव है कि उसके पास कुछ अन्य मजबूरियां रही हों। मुमकिन है, उसकी यह आशंका हो कि जातिगत जनगणना का नतीजा 'मंडल पार्ट-2' के रूप में सामने आ सकता है। उल्लेखनीय है कि 'मंडल-1' ने विशेषकर उत्तर भारत के राज्यों में ओबीसी राजनीति को काफी बदल दिया था। हालांकि, भाजपा नेतृत्व को भरोसा रखना चाहिए कि आज की भाजपा 1990 के दशक से अलग है। केंद्र सरकार द्वारा समर्थित जातिगत जनगणना जैसी कोई भी कवायद शायद ही उसके समर्थन आधार को प्रभावित करती।


आंकड़े न हों, तो न राजनीति हो सकती है और न ईमानदार शासकीय कोशिश। ऐसे में, जातियों की संख्या पता लगाने और उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति को जांचने के लिए जातिगत जनगणना का यह प्रयास तारीफ के काबिल है। हालांकि, इसे हम आधिकारिक तौर पर जनगणना नहीं कह सकते, क्योंकि यह काम केंद्र सरकार का है, जो हर दस साल पर इसे करती है। बहस इस बात पर भी है कि जब केंद्र सरकार इस तरह की जनगणना को लेकर उत्साहित नहीं है, तब बिहार इसको लेकर इतना आग्रही क्यों है? मेरा मानना है कि ओबीसी की संख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाने में कोई बुराई नहीं है, क्योंकि इससे बिहार में ओबीसी की संख्या, बिहार की आबादी में उनकी हिस्सेदारी जैसी तमाम अटकलों पर वरिाम लग जाएगा। ऐसे वक्त में, जब ओबीसी की आबादी को काफी ज्यादा बताया जा रहा हो और 1931 की जनगणना के आंकड़ों पर ववािद हो, तब जनगणना ही एकमात्र ऐसा तरीका है, जिससे वश्विसनीय जानकारी हासिल हो सकती है और बिहार सरकार फिलहाल यही काम कर रही है।


## नागरिक बोध

# हर समाज मे मिलती है लोहड़ी पर्व की झांकी

**सूर्य** हमारे जीवन का आधार है। सूर्य उपासना के आयाम कई रूपो में सामने है। कही पर पोंगल के रूप में है तो कई पर लोहड़ी के रूप में है।सूर्य के साथ ही ऋतू पर्व का आनन्द इन दिनों पर्वो में मिलता है। लोहड़ी का पर्व मस्ती और उमंग का पर्व है। इस पर्व को सभी मिलकर मनाते है।लोहड़ी जलाई जाती है। सूर्य को भगवान विष्णु ने योग का मौलिक उपदेश दिया है। सूर्य का तेज केवल उनके लिए नही है।बल्कि मानव समाज के लिए है। पोष माह में सूर्य शीत को जड़ता से कम करता है। और मकर राशि मे प्रवेश करते है तो लोहड़ी की धूम मच जाती है। यह पर्व परम्पराओ के हिसाब से अलग अलग भले ही मनाया जाता हो,लेकिन इसके नाम अलग अलग है। असम में माघ बिहू,दक्षिण में पोंगल,पंजाब में लोहड़ी,बंगाल में सक्रांति और समस्त उतर भारत मे मकर सक्रांति के नाम से जाना जाता है। राजस्थान में मकर सक्रांति तो गुजरात मे उत्तरायण के नाम से प्रसिद्ध है। वेदों में भी सूर्य को वशिष्ट महत्व दिया गया है। सूर्य सभी राशियों में किसी न किसी रूप में प्रभावित करते है।लेकिन कर्क और मकर में सूर्य का आना विशेष महत्व रखता है। यह क्रिया छह छह माह में होती है।मकर सक्रांति से ठीक फहले लोहड़ी का पर्व विभिन्न संस्कृति का परिचायक है। लोहड़ी पर्व आनन्द और उल्लास का पर्व है। किसी न किसी रूप में नई संस्कृति की झलक इसमें चूपी होती है। रात को लोहड़ी जलाकर भंगड़ा और डांस,बच्चो को आशीष और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने की परंपरा जीवन के उदात्त क्षणों को अभिव्यक्त करती है। लोहड़ी भले ही पंजाबी समुदाय का विशेष पर्व त्योहार है,लेकिन इसकी झांकी हर समाज मे मिलती है।सभी लोग इसमें शामिल होते है। मुख्य रूप से लोहड़ी का पर्व भी सूर्य का ही पर्व है। लोहड़ी के बाद से ही दिन बड़े और राते छोटी होने लगती है। दक्षिणायन रहने से रात्रि बड़ी और दिन छोटे होते है। इस प्रकार से सूर्य ज्योतिष विज्ञान का भी आधार है। वह सभी को पूजनीय है।इस नाते प्रकृति प्रेमियों की और से सूर्य देव की उपासना से दैहिक, दैविक और भौतिक तापो के क्षय होता है। उनकी पूजा से मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। सूर्य की उपासना करने वालो में तेज आता है। और निरोगी रहते है। पंजाब के साथ पूरे भारत मे लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। कड़कड़ाती ठंड में जब बाहर कोहरा हो रहा हो,तब जलती आग के चारो ओर कई लोग शोर मचाते,बड़ो का आशीर्वाद मिल जाए, तो समझ लीजिए कि यह मौका लोहड़ी का है। लोहड़ी का त्योहार पंजाब में धूमधाम से मनाया जाता है। पंजाब के इस त्योहार की खासियत है मन मे उमड़ पड़ता उल्लास।लोहड़ी 13 जनवरी को आज ही के दिन मनाया जाता है। इस दिन के बाद से सूर्य उतरी गोलार्द्ध की और आना शुरू हो जाता है। इसके उतरायन चल पड़ने की घटना को 13 जनवरी की रात लोहड़ी के माध्यम से नांच गाकर और बढ़िया खाना आदि बनाकर मनाया जाता है।वैसे पंजाब जिसे भारत मे रोटी की टोकरी के नाम से भी बुलाया जाता है। लोहड़ी रबी की फसल बढ़ जाती है तब ही आती है। फसलों को काटने का समय होता है। ऐसे में सोना उगने में देर नही लगती,इसलिए पूरे पंजाब में लोहड़ी को खास तौर पर परम्परागत गीतों और गिद्दा करके खुशी के साथ मनाया जाता है।

## देश दुनीया से

# प्रेम एवं भाईचारे की मिसाल कायम करता पर्व 'लोहड़ी'

**उत्तर** भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया।


पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है।

प्रतिबंधित जेपीसी उग्रवादी संगठन के विरुद्ध टंडवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## सीनियर डीएसपी शंभू सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पूरे मामले की दी विस्तृत जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** थाना क्षेत्र के चुंदुरू नदी के समीप से जेपीसी उग्रवादी बालेश्वर भुईयां को टंडवा। पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसे लेकर एसडीपीओ कार्यालय टंडवा में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेस में सीनियर डीएसपी शंभू सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि, जेपीसी संगठन के लोग टंडवा एवं आसपास के सीमावर्ती थाना क्षेत्र में कोल व्यवसायियों एवं कंस्ट्रक्शन से जुड़े ठेकेदारों से संगठन के लिए लेवी वसूलने का प्रयास कर रहे हैं। दिनांक 13 जनवरी 2023 को सुबह 5:30 बजे गुप्त सूचना मिली कि जेपीसी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन का कुछ व्यक्ति चुन्दरू नदी धाम और थापा मोड के आस पास देखा गया है। सूचना के आधार पर एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चूंदरू मंदिर एवं उसके अगल-बगल छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में टंडवा पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई। जिसमें जेपीसी प्रतिबंधित संगठन के सक्रिय उग्रवादी बालेश्वर राम उर्फ बालेश्वर भुईयां को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बालेश्वर राम उर्फ बालेश्वर भुईयां, पिता लखन भुईयां ग्राम मनातू ,थाना केरेडारी जिला हजारीबाग का रहने वाला है। गिरफ्तार व्यक्ति बालेश्वर भुईयां का पूर्व से ही कई अपराधिक इतिहास रहा है। केरेडारी थाना में कई कांडों में संलिप्त होने के कारण कई बार जेल भी जा चुका है। पकड़े गए आरोपी के पास से कई तरह के आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। जैसे केमो फ्लाई वर्दी 06 पीस, केमोपलाई पी कैप 06 पीस, हथियार का गोली रखने वाला केमों प्लाई पाउच 06 पीस, हरा रंग राइफल सीलिंग 3 पीस, पिस्टल पाउच 01 पीस 9,, पिस्टल कवर 01 पीस। इस छापामारी दल के गठित पुलिस टीम में पुलीस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अभिनव आनंद, अशोक कुमार, भोला नाथ दास एवं टंडवा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। गिरफ्तार बालेश्वर भुईयां के खिलाफ टंडवा थाना कांड संख्या 15/23 दिनांक 13/01/ 2023 धारा 385/ 387/120(b)34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## विधायक के भतीजे का कुएं से मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह के लापता भतीजा कृष्णा कुमार सिंह पिता मुंद्रिका सिंह का शव मंगरा स्थित आवास के समीप एक कुएं से बरवाडीह पुलिस ने बरामद किया है। घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह थाना के सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार के साथ धर्मेन्द्र कुमार पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से मृतक कृष्णा कुमार सिंह के शव को बाहर निकाला गया। जहां पंचनामा की प्रक्रिया पुरी करते हुए शव को अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेजा गया। वहीं लातेहार अंत्यपरीक्षण के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया और मृतक को दाह संस्कार किया गया। जहां इस आकस्मिक मौत से घर में मातम पसर गया। इसको लेकर काफी संख्या में लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णा कुमार सिंह पिछले कई महीनों से मानसिक रूप से बीमार थे। बताया जा रहा है कि पिछले तीन दिनों से वे लापता थे। उधर पुलिस टीम घटनाक्रम के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है साथ ही मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## 7 महीनों से खराब पड़ा बीएसएनएल ब्रॉडबैंड इंटरनेट के अभाव में परेशान ग्रामीण



**पत्थलगडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा क्षेत्र प्रखंड पत्थलगड़ा ब्लॉक के मनरेगा आपरेटर रूम में लगा ब्रॉडबैंड करीब सात महीनों से खराब पड़ा है। जिससे ग्रामीण जनता काफी परेशान है। मनरेगा ऑपरेटर, राजन कुमार ने बताया की वीडियो मोनी कुमारी ने ब्रॉडबैंड ठीक करवाने संबंधित उपायुक्त को भी आवेदन दिया पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाया है। राजन कुमार ने बताया की मुझे ग्रामीण जनता का हॉटस्पॉट वाईफाई लेकर काम चलाना पड़ता है। मुझे कई ग्रामीणों का बारी बारी से वाईफाई हॉटस्पॉट लेकर काम चलाना पड़ता है। फिर भी पूरा काम नहीं हो पाता है।

## बालूमाथ में जल्द हो डिग्री कॉलेज का निर्माण : अनीता देवी



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ में डिग्री कॉलेज की शीघ्र स्थापना किये जाने को लेकर जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा है। दिये ज्ञापन में कहा गया है कि बालूमाथ उग्रवाद प्रभावित एवं राज्य के अति पिछड़े प्रखंडों में आता है। यहां के छात्र छात्राएं डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा से वंचित हो जाते हैं एवं अपने भविष्य के प्रति दिग्भ्रमित रहते हैं द्यबालूमाथ आदिवासी बहुल क्षेत्र है द्य यहाँ के छात्र छात्राओं को डिग्री की पढ़ाई के लिए पचास किलोमीटर से भी अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण बड़ी संख्या में लोग बाहर रहकर पढ़ाई करने में भी सक्षम नहीं हैं। खासकर यहां की बच्चियां इंटर करने के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं द्यज्ञात हो कि डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए जमीन आवंटित है एवं नीलांबर पितांबर यूनिवर्सिटी की तकनीकी टीम के द्वारा डिग्री कॉलेज निर्माण हेतु अनुशंसा भी की जा चुकी है द्य इसके बाद इसपर कार्रवाई नहीं होना दुःखद है। उपाध्यक्ष ने बताया कि डिग्री कॉलेज का निर्माण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में उन्होंने बालूमाथ की जनता से भी सहयोग की अपील की है।

## एसपी राकेश रंजन के सूचना के आधार पर करीब दो एकड़ में लगी अफीम के खेत को किया गया नष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिले में सक्रिय अफीम की खेती करनेवालों के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। डीसी अबू इमरान और एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर वन विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर पुलिस अफीम के उत्पादन व ट्रांसपोर्टिंग के गैर-कानूनी काले धंधे से जुड़े गिरोह के सदस्यों पर शिकंजा कस रही है। सदर थाना पुलिस ने अभियान के तहत वन विभाग के सहयोग से थाना क्षेत्र के बरैनी पंचायत अंतर्गत तिलैया गांव से सटे वनक्षेत्र में अफीम माफियाओं के संरक्षण में वन भूमि पर लगाए गए पोस्ते के अवैध फसल को अभियान चलाकर विनष्ट किया। थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार चौधरी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने करीब दो एकड़ से अधिक वन भूमि में लगे अवैध पोस्ते के फसल को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया है। साथ ही ग्रामीणों को बहकावे में आकर गैरकानूनी कृत्यों में संलिप्त होकर अपना व अपने बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने की अपील की है। मौके पर थाना प्रभारी ने अफीम व पोस्ते से होने वाले नुकसान के साथ-साथ कानूनी उलझनों के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया। थाना प्रभारी ने पुलिस के बजाय जागरूकता अभियान के बावजूद अफीम तस्करों का साथ देने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। अभियान में एएसआई शशिकांत ठाकुर व वन विभाग के कर्मियों समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बालूमाथ यादव समाज ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कारवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** सोशल मीडिया पर यादव समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर यादव महासभा बालूमाथ इकाई ने बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन देकर दोषी पर कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में कहा है कि कृष्णा सिंह पिता सौदागर सिंह ग्राम कोमर थाना बालूमाथ ने दो-तीन दिन पूर्व फेसबुक पर यादव जाति पर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे यादव समाज को ठेस पहुंचा है। इससे पूर्व यादव महासभा के वीरेंद्र यादव आवास में यादव महासभा के बैनर तले एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शोशल मीडिया पर अभद्र टीप्पणी की कड़ी नींदा की गई। यादव समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने कहा कि हमलोग बालूमाथ थाना को आवेदन देकर अभद्र टिप्पणी करने वाले को गिरफ्तार करने की मांग किये है। अगर पुलिस उसे गिरफ्तार नही करती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक के बाद एक जुलूस के शक्ल में कई लोग बालूमाथ थाना पहुंचे और आवेदन देकर कारवाई की मांग की ।वही यादव महासभा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। मौके पर बिहारी यादव, बीरेंद्र यादव, मनोज यादव, प्रितलाल यादव, दीपक यादव, शेखर यादव, प्रिंस यादव, गंगेश्वर यादव, रामलाल यादव,दिलमनी यादव, प्रकाश यादव, बबलू यादव, चंद्रमोहन यादव, निर्मल यादव, जगरनाथ यादव, विनोद यादव, संतोष यादव, मुकेश यादव, विपिन यादव, अजय यादव, केदार यादव, मुनेश्वर यादव, रेवालाल यादव, तपेश्वर यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा पंडालों की तैयारी जोरों से, इस वर्ष तेतरिया के युवाओं द्वारा प्रकृतिक सौंदर्य की कलाकृतियां बिखेरीगी



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नोनगांव पंचायत के तेतरिया में सरस्वती संगम क्लब के द्वारा हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी पूजा पंडालों की त्यारी जोरो सोरो से चल रही है जिसमे ऊंचाई 70 फीट और लागत करीब 100000 दस लाख से 1200000 बारह लाख के बीच अभी पूजा पंडाल का निर्माण कार्य चल रहा है। 2023 मॉडल महेश मती थीम पर लिया गया है। जिसमें इस पंडाल का ढांचा तैयार करने में करीब 2 माह बीत चुके है। यहां झरना, शिवलिग, मंदिर व अन्य प्रकृतिक सौंदर्य की आकृतियां बनाई जा रही हैं। मां सरस्वती की प्रतिमा पहाड़ों एवं पौधों के साथ घिरा होगा। सरस्वती संगम क्लब तेतरिया पूजा समिति के दुर्गेश कुमार ने बताया कि सरस्वती संगम क्लब तेतरिया पूजा समिति की स्थापना 2005 में हुई थी। उस समय पूजा के लिए मात्र 4000 रुपये से पूजा प्रारंभ की गई। परंतु आज यह आयोजन बृहद रूप ले चुका है। इसमें यहां के युवाओं के साथ समाज के लोगों की भी भागीदारी होती है। पूजा पंडाल सजने के बाद कई कलाकार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत और जागरण के माध्यम से भगति गाने प्रस्तुत किया जाता है इस बार के पूजा पंडाल में बांस के लकड़ी के बने हुए वीणा, ढोलक एवं सरोवर में स्नान करते पक्षी भी दिखाई देंगे। यहां की पूरी सजावट के लिए स्वयं युवा समिति के लोग भागीदारी निभाते हैं। इस मौके पर दुर्गेश कुमार, पिंटू कुमार, संतन कुमार, पुंकेश कुमार, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शरद यादव की आकस्मिक निधन पर यादव समाज बालूमाथ ने किया शोक सभा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** जदयू के वरिष्ठ नेता शरद यादव की आकस्मिक निधन पर बालूमाथ यादव महासभा के बैनर तले एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जहाँ यादव समाज ने बैठक आयोजित कर शरद यादव के फ़ोटो पर पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। यादव समाज के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव ने कहा कि शरद यादव यादव समाज को राजनीतिक क्षेत्र में आगे ले जाने में उनका अहम योगदान था। इनकी आकस्मिक निधन से पूरा समाज हतप्रत है। वही संजय यादव ने कहा कि शरद यादव की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया है इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, वीरेंद्र यादव, मनोज यादव, गंगेश्वर यादव, नंदकिशोर यादव, राम लाल यादव, शेखर यादव, विजय यादव, नंदकिशोर यादव, गोविंद यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

गारू में शिक्षकों की लापरवाही के कारण बच्चों की जिंदगी अंधकर में

## मीटिंग के बहाने रहते हैं शिक्षक विद्यालय से नदारद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गारू :** गारू प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में इन दिनों दिख रहा है घोर लापरवाही। शिक्षकों की मनमानी के कारण विद्यार्थियों का जीवन अंधकार में लगभग तय ही है।बताते चलें कि गारू प्रखण्ड के रुद, पंडरा, विजयपुर, हुरहुरकर्चा आदि विद्यालय के शिक्षकों ने गारू बीआरसी ऑफिस में मीटिंग के नाम पर लगभग एग्यारह बजे ही विद्यालय से भाग निकले। ये सिर्फ शुक्रवार की मामला नहीं है बल्कि ऐसा बहाना बना कर प्रखंड के लगभग कई शिक्षक विद्यालय से नदारत रहते हैं। जिसके कारण विद्यालय में बच्चों का पठन पाठन की कार्य ठप ही रहती है। ऐसे में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षक खेलवाड़ कर रही है। गारू प्रखंड मूल रूप से आदिवासी बहुल क्षेत्र है। जिसके कारण सरकारी विद्यालय में ज्यादातर आदिवासी बच्चे ही पढ़ने के लिए जाते हैं। कई विद्यालयों में एक ही शिक्षक प्रतीनियुक्त हैं, जिसके कारण पठन पाठन के कार्य के साथ साथ विद्यालय के सारा कार्य की जिम्मेवारी एक ही शिक्षक पर टिकी हुई रहती है। लेकिन हमेशा मीटिंग या फिर कोई काम का बहाना बना कर विद्यालय से नदारत होने के कारण आदिवासी बच्चों का भविष्य बनने की जगह बच्चों का भविष्य बिगड़ रहा है।जिसका आलम ये है की छठी से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को अपने विद्यालय का नाम तक पता नहीं है। **मध्याह्न भोजन में भी किया जा रहा है घोटाला :** प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के नाम पर भी खाना पूर्ति किया जा रहा है।मध्याह्न भोजन मेन्यू के हिसाब से नहीं दिया जा रहा है।शुकवार के दिन अंडा देने की प्रावधान है लेकिन अधिकांश विद्यालयों में शुक्रवार के दिन भात दाल और सब्जी ,तो भात दाल और टमाटर की चटनी दिया जा रहा है। रुद विद्यालय में नामांकित एक सौ पचास बच्चे हैं।लेकिन वहां बेयासी उपस्थित बच्चों के बीच मात्र आठ से दस अंडे से बने अंडा भुजिया दिया गया।विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा मध्याह्न भोजन में भारी घोटाला किया जा रहा है।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मुखिया ने गरीब असहाय के बीच वितरण किया चूड़ा तिलकुट एवं गुड़



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के मुखिया बेबी देवी एवं समाजसेवी मुकेश कुमार साव ने 200 गरीब असहाय लोगों के बीच चुड़ा तिलकुट एवं गुड़ का वितरण शुक्रवार को किया। इनके साथ दे रहे पंचायत के अनेकों वार्ड सदस्य भी सम्मिलित हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर मुखिया एवं समाजसेवी के द्वारा दी गई चूड़ा तिलकुट का गरीबी यसहाय खूब प्रशंसा कर रहे हैं। एवं दुआएं दे रहे हैं। कुछ गरीबों का कहना है कि आदि समाज में आप लोगों के जैसा लोग रहे तो समाज में कभी भी कृर्तियां नहीं फेलेगी। एवं लोगों का हित होता रहेगा। मौके पर उपस्थित प्रदीप राम कुलदीप साव शंभू शरण यादव हेमंत प्रजापति भोला पासवान व सैकड़ों गरीब असहाय लोग सम्मिलित हैं।

## कांग्रेस पार्टी चतरा सचिव आभा ओझा को विश्रामपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के एक छोटा सा गांव कुरकुटा से उभरते सितारे की तरह चमक आगे बढ़ रही है। प्रखंड से ले जिला तक सभी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली एवं सभी वर्ग के महिलाओं की मदद करने वाली आभा ओझा हैं। एवं सभी की दुआएं उनके साथ हैं। बताते चलें कि विस्तारित प्रदेश कांग्रेस समिति की बैठक 12 जनवरी को लालगुटवा बैंक्वेट कटहल मोड़ रांची हुई। जहां सभी प्रदेश के पदाधिकारी और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शामिल हुए। दिल्ली से चलकर आए हुए झारखंड प्रभारी आदरणीय अविनाश पांडेय देश के जाने-माने नेता राजू जी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर गुजरात से चलकर आए अर्जुन मोढवाडिया दिपक और झारखंड कांग्रेस के सभी मंत्री शामिल थे। झारखंड में बहुत जल्द ही पंचायत सचिव की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। नियोजन निती और बहुत ऐसे जनमानस के हित के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। जिसकी जानकारी मंत्री आलम गीर आलम द्वारा प्रस्तावित किया गया है। और सभी पदाधिकारियों के बीच पलामू जिला का विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी आभा ओझा को नियुक्त किया गया है।

## समय के साथ सभी को सड़क सुरक्षा तथा ट्रैफिक नियमों के प्रति सचेत व जागरूक रहने की जरूरत : एसडीपीओ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने परिवहन विभाग के कर्मियों के साथ सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शहर के डीएवी स्कूल में बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर एसडीपीओ के साथ परिवहन विभाग के प्रतिनिधि के अलावे डीएवी स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षक उपस्थित रहे। अभियान के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि आज सड़क दुर्घटना आपदा का रूप लेती जा रही है। समय के साथ सभी को सड़क सुरक्षा तथा ट्रैफिक नियमों के प्रति सचेत व जागरूक रहने की जरूरत है। मौके पर उन्होंने परिवहन विभाग के कर्मियों के द्वारा बच्चों को ट्रैफिक पीटी का अभ्यास भी कराया। एसडीपीओ ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व व वाहन संचालकों की लापरवाही से आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं के नुकसान से भी अवगत कराया। साथ ही गैर जिम्मेवार तरीके से वाहन चलाने से परहेज करते हुए जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाने के लिए अपने परिजनों को भी जागरूक करने व सड़क सुरक्षा तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। वहीं अभियान के दौरान परिवहन विभाग के कर्मियों ने बच्चों को यातायात नियम और सड़कों पर सुरक्षित सफर के बारे में बताया। साथ ही प्रतिज्ञा दिलाई कि वाहन चलाते समय हमेशा यातायात के नियमों का दृढ़ता के साथ पालन करें ताकि दुर्घटना से होने वाली क्षति को रोका जा सके। अभियान के दौरान विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में शामिल होकर एसडीपीओ ने बच्चों का हौसला भी बढ़ाया।

## भाजपा के अजजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने आश्रितों को श्राद्ध कर्म के लिए चावल देकर किया मदद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गारू :** प्रखण्ड के अंतर्गत कोटाम पंचायत के कोटाम नीवासी रूपचंद सिंह का विगत पांच तारीख को ठंड के कारण मौत हो गई थी। जिसे लातेहार जिले के भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री मंगल उरांव ने मृतक रूपचंद सिंह के आश्रितों को चावल देकर मदद किया।बतादें की कोटाम निवासी रूपचंद सिंह बुधवार को गारू प्रखंड मुख्यालय में साप्ताहिक हाट बाजार में बाजार करने के लिए गए हुए थे।और उस वक्त कड़ाके की ठंड और शीतलहरी चरम सीमा पर थी।जिसके कारण बाजार गए रूपचंद सिंह का शाम हो चुका था जिसके बाद वह अपने घर गया लेकिन उसका ठंड के कारण तबियत बिगड़ चुका था और रात तक तबियत बिगड़ और भी बिगड़ गया जिसे सुबह नजदीकी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने ले गया था। और वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। लेकिन मृतक रूपचंद सिंह के बारे में किसी ने सुध नहीं लिया। जब इसकी जानकारी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल उरांव को मिली तो वे फौरन परिजनों को मदद करने के लिए चावल बोरा खुद अपने निजी वाहन से उठा कर पहुंच गए।और परिजनों को भरोसा दिलाया कि सभी सरकारी लाभ को दिलाने की प्रयास किया जायेगा। दिलाया कि सभी सरकारी इस संबंध में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल उरांव ने बताया की लातेहार जिला क्षेत्र के उन्तर्गत किसी आदिवासी समाज के साथ में किसी भी तरीके से कोई समस्या या परेशानी होती है तो मैं अपने खर्चे से मदद करने के लिए हमेशा खड़ा हूं। और उनलोगों को उचित मुवावजे मिलने तक लड़ाई लड़ता रहूंगा। मौके पर धनदेव सिंह, योगेंद्र सिंह, कमली देवी, वीरा उरांव मौजूद थे।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष में बलबल में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला सज धज कर हुआ तैयार

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में बल बल में मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला सज-धज कर तैयार हो चुका है।मेला का उद्घाटन आज 14 जनवरी को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के हाथों फीता काटकर उद्घाटन किया जाएगा। जो मुख्य अतिथि होंगे।साथ ही साथ पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता भी सम्मिलित रहेंगे। आगे बताते चलें कि मकर संक्रांति के उपलक्ष में बल बल में लगने वाला मेला में झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार उड़ीसा के साथ-साथ अनेको राज्यों से लोग मेला देखने पहुंचते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी ने किया बादम में 180 लोगों के बीच कंबल का वितरण

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम बादम में नेहाल सगीर के नेतृत्व में एनटीपीसी के सौजन्य से 180 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। कंबल का वितरण 20 सुत्री सदस्य सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता जमाल सगीर के हाथों दिया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कल्याण के तहत क्षेत्र के जरूरतमंदों को उपेक्षा नहीं किया जाएगा। बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में सहयोग हो ,यही हमारा प्रयास रहेगा। एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के असिस्टेंट जीएम शिव प्रसाद चौधरी, एजीएम श्रीकांत सिन्हा ने भी सहयोग किया। शिव प्रसाद चौधरी ने कहा कि एनटीपीसी कोल ब्लॉक बादम द्वारा यहां के लोगों को किसी तरह परेशानी नहीं होने दी जाएगी। नेहाल सगीर ने बताया कि बढ़ती ठंड में महिलाएं और बुजुर्ग व्यक्तियों को काफी परेशानी हो रही थी इसीलिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। बादम पंचायत में लगभग 300 लोगों को कंबल बांटने का लक्ष्य है।

### भाकपा माले जन संकल्प सभा 16 जनवरी को बगोदर में आयोजित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले के द्वारा आगामी 16 जनवरी को बगोदर में कांमरेड महेंद्र सिंह के 19वीं शहादत दिवस को जन संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से माले के राष्ट्रीय महासचिव कांमरेड दीपांकर भट्टाचार्य, विशिष्ट अतिथि मासस कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड अरूप चटर्जी, महासचिव कांमरेड हलधर महतो समेत कई दिग्गज शिरकत करेंगे। सर्वप्रथम कामरेड महेंद्र सिंह को गांव खंभरा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिसके बाद लोकतंत्र बचाओ, शहीदों के सपनों का भारत बनाओ, जनता गोलबंदी, फासीवाद मिटाने और 15 फरवरी से 20 फरवरी तक के 11वें महाधिवेशन पटना (बिहार) को लेकर तैयारी बातें होगी। इसकी जानकारी शुक्रवार को भाकपा माले झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त, माले जिला रामगढ़ सचिव भुनेश्वर बेदिया ने दिया।

### जिला प्रभारी बनें अजय सिंह, कांग्रेसियों ने दी बधाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा अजय सिंह को जिला प्रभारी बनाए जाने पर जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग ने बधाई दी है । ज्ञात हो उनके छात्र राजनीति से लेकर दलीय राजनिति तक उत्तम सफर, उज्जवल व्यक्तित्व एंव अनुभव का भरपूर लाभ जिला संगठन को मिलने की स्थिति बनने पर हर्ष व्यक्त किया गया। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव,पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, साजिद हुसैन, मकसूद आलम, सदरूल होदा, अशरफ अली, राजू चौरसिया, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, भैया असीम कुमार, अशोक देव,मीडिया प्रभारी निसार खान, रविन्द्र प्रताप सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, दिगम्बर प्रसाद मेहता, मनोज नारायण भगत, सुरेन्द्र कुमार सिंह, बिनोद यादव, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, राजेन्द्र सिंह, उपेन्द्र कुमार राय, लाल बिहारी सिंह, बाबु खान, रवि सिंह, गुड्डु सिंह, डॉ. दीपक बंधू, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज आलम, बेबी देवी समेत कई अन्य शामिल थें।

### सड़क दुर्घटना में सीसीएल कर्मी विनोद नायक की घटना स्थल पर हुई मौत

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर रेलवे ब्रिज के समीप रजरप्पा जाने वाली फोरलेन सड़क पर सड़क दुर्घटना में एक सीसीएल कर्मी की हुई मौत बताया गया कि पीडीएफ का चावल से भरा ट्रैक्टर जा रहा था इसी क्रम में हौंडा पैशन मोटरसाइकिल संख्या (छ्॥ स्न 1136) चितरपुर निवासी सीसीएल कर्मी विनोद नायक रजरप्पा प्रोजेक्ट सीसीएल से ड्यूटी करने के पश्चात अपने घर वापस आ रहे इसी क्रम में ट्रैक्टर ने कर्मी को सीधे टक्कर मार दिया और अपने चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही विनोद नायक की मौत हो गई। इस मौके पर ट्रैक्टर चालक वाहन को छोड़कर भाग निकला परंतु बाजार टांड़ के समीप ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया फिर उसकी जमकर धुनाई हुई ।दुर्घटना की सूचना मिलने पर रजरप्पा पुलिस सदल बल घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा करने के बाद सीसीएल कर्मी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। उधर मृतक की सूचना से पूरे चितरपुर नायक टोला निवासी सहित पास पड़ोस के तमाम क्षेत्र में मातम छाया हुआ है। एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है इस मौके पर घटना के बाद सीसीएल के कई पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया और परिजनों से मिलकर मदद करने की बातें कही गई।

## पूर्व विधायक निर्मला देवी हाईकोर्ट से बेल मिलने पर होटवार जेल से हुई रिहा

# वर्षों बाद पूरा हुआ हमारा परिवार, इससे अच्छी खुशी कोई नहीं : अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** शुक्रवार को बड़कागांव की पूर्व विधायक निर्मला देवी हाई कोर्ट से बेल मिलने के पश्चात रिहा हुई। पूर्व विधायक को बेल मिलने पर निर्मला देवी के पति पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पुत्री बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पुत्र अंकित राज, छोटी पुत्री अनुप्रिया समेत परिजनों ने होटवार जेल पहुंचकर निर्मला देवी का स्वागत व अभिनंदन किया। एनटीपीसी से बड़कागांव वासियों को उचित हक एवं अधिकार दिलाने के लिए हुए आंदोलन में हुई गोलीबारी मामले में पूर्व विधायक निर्मला देवी को रांची एमपी एमएलए की कोर्ट ने सजा सुनाई थी। झारखंड हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए विगत दिनों बेल दिया था एवं कोर्ट ने उन्हें निचली अदालत में बेल बांड भरने के बाद रिहा करने का निर्देश दिया था। जेल से निकलने पर पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कहा कि माननीय न्यायालय पर पूरा भरोसा और विश्वास था कि मुझे एवं मेरे पूरे परिवार को न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार एवं कंपनी के अधिकारियों ने साजिश के तहत मेरे परिवार को फसाने का कार्य किया है। इस मौके पर योगेंद्र साव ने कहा कि बड़कागांव वासी हमारे परिवार हैं और उनके लिए कुछ भी करना पड़े उसके लिए मेरा परिवार कभी पीछे नहीं हटा है। मेरी पत्नी निर्मला देवी जैसी एक साधारण महिला को भी कंपनी एवं पूर्ववर्ती सरकार की मिलीभगत से जेल की सजा झेलनी पड़ी। बड़कागांव वासियों के लिए एवं उनके हक एवं अधिकार रोजगार मुआवजा इत्यादि के मामले पर बड़कागांव वासियों की आवाज बनने पर कंपनी के अधिकारियों ने मेरी पत्नी पर झूठा केस कर बड़कागांव वासियों के आवाज को कुचलने का प्रयास किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि वर्षों के बाद हमारा परिवार पूरा हुआ है, इससे अच्छी खुशी कुछ नहीं हो सकती। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्रवासियों के हक एवं अधिकार के लड़ाई में मेरे पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं माता पूर्व विधायक निर्मला देवी ने बगैर अपनी व परिवार की परवाह किए क्षेत्रवासियों के लिए जेल गए, कई वर्षों तक उन्हें जेल की यातनाएं झेलनी पड़ी। विधायक ने कहा कि मेरे माता पिता के कदमों पर मैं भी बड़कागांव विधानसभा वासियों की सेवा में मेरा जीवन विधानसभा वासियों के लिए समर्पित है।

## सड़क दुर्घटना में साइबर डीएसपी घायल, मेदांता अस्पताल में भर्ती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ के ब्याग गांव के पास शुक्रवार को बाइक और कार की बीच जोरदार टक्कर होने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल गया। बाइक सवार की पहचान धनबाद साइबर डीएसपी सुमित लकड़ा के रूप में हुई है। दरअसल, साईबर डीएसपी रांची से बाइक से धनबाद ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बोकारो से रांची आ रही कार से बाइक की टक्कर हो गई। वहीं, इस हादसे में डीएसपी सुमित लकड़ा के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गया। इसके साथ ही उनके कमर में भी चोट आई है। घटना की सूचना पर दुलगी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश घटनास्थल पहुंचे और अपनी गाड़ी से इलाज के लिए मेदांता अस्पताल रांची में भर्ती कराया। इस दौरान आर्यन कुमार, रुकेश कुमार, भोला महतो, रितेश कुमार आदि शामिल थे। घटना रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलमी प्रखंड के ब्याग गांव की है।

## जिला जदयू सदस्यों ने दिया दिवंगत शरद यादव को श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार को जिला जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के कार्यालय में जदयू के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष दिवंगत शरद यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सभा में दो मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। संवेदना व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि देश की राजनीति ने एक महान समाजवादी नेता खो दिया, जो पार्टी एवं परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। लोहिया एवं कर्पूरी के विचारों को इन्होंने जमीन पर उतारा ।

शोक व्यक्त करते हुए पूर्व अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल ने कहा आज देश की राजनीति में उनके जाने से जो शून्य पैदा हुआ उसे भरना असंभव है ।शोक व्यक्त करने वालों में जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जदयू के वरिष्ठ नेता राकेश गुप्ता, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव रोमी सलूजा, यासीन अंसारी ,परवेज अंसारी, खुशबू कुमारी ,अविरल बिहारी लाल, गुलशन राज, नरेश यादव, जिला सचिव संजय राम,जिला महासचिव प्रेमचंद राम ,राजू खंडेलवाल सहित अन्य गणमान्य शामिल थें।

## इंदिरा गांव में धूमधाम से मनाई तीन दिवसीय सोहराय पर्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड स्थित नापोखुर्द पंचायत अंतर्गत अतिसुदूर ग्रामीण क्षेत्र इंदिरा गांव में तीन दिवसीय सोहराय पर्व काफी धूमधाम के साथ मनाई गई। पाहन टेन्था मांझी के द्वारा पूजा पाठ कर की गई। इस दौरान लोगों ने ढोल मांदर के थाप पर झूमते नजर आए। लोगों ने भगवान से गांव में अमन चैन शांति बरकरार रखने की कामना की। जीप प्रतिनिधि दीपक करमाली ने कहा कि हम आदिवासी झारखंडी लोग अपनी संस्कृति की पूजा करते हैं। पूर्वजों के बताए हुए मार्ग पर चल रहे हैं। सोहराय पर्व हम सबों को एकजुट रहने पर संदेश देता है। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य गीता देवी, प्रतिनिधि दीपक करमाली, वार्ड सदस्य जैकब सोरेन, पाहन टेन्था मांझी, शिवचरण सोरेन, उमेश सोरेन, किशोर हंसदा, नागदेव हंसदा, राजू मुरमू ,हीरालाल सोरेन, ठेना मांझी, रामचरण मांझी, तिलका मांझी, मंगरा मांझी, झरी मांझी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर, बाल-बाल बचा मोटरसाइकिल सवार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा बिरसा मोड़ पर शुक्रवार अपराह्न करीब 3ः20 बजे नईसराय से सिरका की ओर जा रही महिंद्रा लाल ट्रैक्टर से बजाज सीटी बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार कैथा निवासी देव कुमार महतो बाल बाल बच गए। लोगों ने बताया कि अरगड्डा-सिरका सड़कों पर तेज रफ्तार में अवैध बालू ढुलाई में लगे ट्रैक्टर रात दिन चला कर रहें। जिसे रोकने वाला कोई नहीं हैं। इससे राह में चलने वाले बाइक सवार, चार पहिया वाहन, राहगीर भी काफी भयभीत रहते हैं। अवैध बालू की ढुलाई की होड़ में अनियंत्रित ढंग से बालू लदे ट्रैक्टर काफी गति से दौड़ते हैं। ट्रैक्टरों के चलने से सिरका अरगड्डा की सड़कें भी जर्जर होती जा रही हैं। सूत्र बताते हैं कि मिलीभगत से अवैध बालू की ढुलाई कर सरकार को लगातार चूना लगाने का काम किया जा रहा हैं। वहीं रामगढ़ पुलिस करवाई के नाम पर लकीर पीटने में लगा हुआ।

## मुखिया उत्तम महतो ने जलसहिया को सौंपी जिम्मेदारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारुकुदर मुखिया सह विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सारूकुदर पंचायत भवन में पंचायत के सभी जल सहिया के साथ बैठक किया गया । बैठक में मुखिया उत्तम महतो ने जल सहिया को उनकी जिम्मेदारी का एहसास करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान,और जल जीवन मिशन राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है,इसे सफल बनाने में जल सहिया की भूमिका अहम होनी चाहिए। स्वच्छ भारत का उदेश्य है,गली सड़क अधोसरंचना को साफ-सुथरा रखना खुले में शौच की समस्या से मुक्त करना। ठीक इसी प्रकार जल जीवन मिशन योजन के द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने हैं,लोगों में जागरूकता लानी है। घर-घर स्वच्छ जल देना है, जल सहिया के उपर स्वच्छ जल हरघर देने को लेकर बड़ी जिम्मेदारी सरकार ने सौंपी है । जल संचय भी जरूरी है। अंत में मुखिया उत्तम महतो ने खेद प्रकट करते हुए जलसहिया ने मानदेय पर चिन्ता जताई !मुखिया ने कहा मानदेय भुगतान की बात आला अधिकारियों तक पहुँचाने का काम मैं जरूर करूँगा । सभी जलसहिया को अपने-अपने खाता एवं रजिस्टर का संधारण ठीक से करने की बात कही गई। उत्तम कुमार महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि सारूकुदर पंचायत में कुल 63 जलमीनार लगने है,जिसका युद्धस्तर पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है । बैठक में सारूकुदर जलसहिया दुलारी देवी,चिहूंटिया से सावित्री देवी,फाराचांच से मालती देवी, मंगरो से सोनी गुप्ता,नावाडीह से सावित्री देवी इस बैठक में उपस्थित रही ।

## सीसीएल सिरका बिजली विभाग के अधिकारी है बेलगाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका के अधिकारी पुनः अपने बेलगाम क्रियाकलापों से सुर्खियों में हैं। अबकी बार बिजली विभाग के एक एमटी अधिकारी ने कंपनी हित और बिजली कार्य विकास से जुड़ी बातों पर पत्रकारो के द्वारा पूछे सवालों के जवाब में उन्हें ही कटघरे में खड़ाकर दिया हैं। साथ ही अशोभनीय बातों से जवाब देने से साफ इंकार कर दिया। इससे पत्रकारों और कामगारों में रोष व्याप्त हैं। इसकी सूचना अरगड्डा क्षेत्र के ईएंडएम विभाग के पदाधिकारी को दे दी गई हैं। घटना के जवाब में पदाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया हैं। लेकिन अभी निगाहें प्रतिक्रिया पर बनी हुई हैं। इसे लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अरगड्डा क्षेत्र सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा, झारखंड मजदूर यूनियन नेता दिलीप भुईयां ने शुक्रवार को साफ शब्दों में कहां है कि कंपनी व मजदूर हितो से जुड़े सवालों को लेकर यदि पत्रकार किसी भी अधिकारी से सवाल पूछते हैं, तो जनहित के लिए उन्हें जवाब देना जरूरी हैं। अशोभनीय व्यवहार करने वाले अधिकारियों पर कंपनी को लगाम लगाने की जरूरत हैं। यदि प्रबंधन इस प्रकार के क्रियाकलापों को नहीं बदलता हैं, तो आगे यूनियन आंदोलन को मजबूर होगीं। बतलादे कि इससे पूर्व सिरका ईसी जांच में पहुंचे टीम के समक्ष पत्रकारों को तस्वीर खींचने, समाचार संकलन करने से भी यहां के मैनेजर ने रोकने का प्रयास किया था।

## भाजपा नेता बाबूलाल से मिला गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ का प्रतिनिधिमंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार को होटल पैराडाइज में गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिल कर जिले में लंबित चल रहे फुटपाथ वेंडिंग जोन के बाबत बात की।प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि झारखंड के लगभग हर जिलों में वेंडिंग जोन फुटपाथ दुकानदारों को बनाकर दे दिया गया है।लेकिन यहां गरीब फुटपाथ दुकानदारों के साथ छ्ल कपट करके गुमराह किया जा रहा है और कहा जाता है कि आप लोगों का वेंडिंग जोन 6 जगह पर चिन्हित कर लिया गया है। यह खेल सालों से चल रहा है । प्रतिनिधि मंडल में भारतीय कर्मचारी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार वाल्मीकि फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,रविंद्र महतो, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता,संतोष गुप्ता, कुंती देवी, कर्मी तिर्की,जय मंगल पांडे ,गीता देवी, प्रदीप साहू, अनीता देवी, मीना देवी,शहादत अंसारी, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, प्रतिमा देवी एवं मो मासूम शामिल थे।

## मुरली पहाड़ शिवलिंग मंदिर में मकर संक्रांति मेला आज, तैयारी पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर ऐतिहासिक व प्राकृतिक सौंदर्य की धनी नापो खुर्द स्थित मुरली पहाड़ में मेले की तैयारी पूरी हो गयी है। चिकनी चट्टान विशाल पहाड़ में 30 फीट ऊंची शिवलिंग मंदिर है,जो हजारीबाग जिले में सबसे ऊंची है। संरक्षक चंद्रिका साव ने बताया कि मकर संक्रांति की पूजा सुबह 8ः00 बजे से प्रारंभ होगी। मेले का उद्घाटन पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव तथा बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद करेगी। इसके बाद मुरली पहाड़ में डीप बोरिंग एवं हैंड वास सिस्टम का भी उद्घाटन करेगी। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे के बाद आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर मुरली पहाड़ मेला समिति अध्यक्ष द्वारका साव, महासचिव पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, सचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष गणेश साव, उपसचिव पिंटू कुमार, उप कोषाध्यक्ष, संयोजक चंदर साव, संरक्षक चंद्रिका साव, रक्षा मंत्री सोना साव, संगठन मंत्री राजू साव, सक्रिय सदस्य प्रमोद कुमार, लक्ष्मण कुमार, देवनाथ कुमार, महावीर मुंडा, शंकर मुंडा, दिलीप साव, मोहन साहू ,राजू साहू, नरेश कुमार ,छोटेलाल मुंडा, देवीलाल साहू ,दीपक साहू, मुना मुंडा, संदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में होगा चौमुखी विकास : बजरंग महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत रामगढ़ छावनी क्षेत्र में पूर्व विधायक ममता देवी के अनुशंसा के उपरांत रामगढ़ छावनी क्षेत्र के माताओं एवं बहनों एवं भाइयों के द्वारा दिए गए आवेदन के उपरांत जारा बस्ती में फेवर ब्लॉक एवं विकास नगर में पीसीसी रोड एवं किसान नगर किसान नगर बिजुलिया तालाब में 20 सूत्री के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष, रामगढ़ जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी बजरंग महतो कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान स्टेट चीफ कोऑर्डिनेटर जोहार बाल मंच के तारिक अनवर राजकुमार यादव संजय साव एवं वहां के ग्रामीण माताओं बहनों के द्वारा रोड का उद्घाटन किया गया जिसमें 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा ने कहा कि हमारी विधायक का ममता देवी ने जेल जाने से पूर्व आप लोगों से जो वादा किया था उन वादों को हम धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं एवं लगातार जन समस्याओं का समाधान कांग्रेस पार्टी करती रहेगी कांग्रेस पार्टी शुरू से जनता के हित का कार्य करती आई है आज पूर्व विधायक का ममता देवी के द्वारा रामगढ़ जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े सदर अस्पताल के 100 बेड का हॉस्पिटल विधानसभा में आवाज उठाने के उपरांत मुख्यमंत्री के द्वारा 8 करोड़ की राशि सुकृति कर रामगढ़ जिले को 100 बेड का अस्पताल दिया गया एवं उनके द्वारा प्रयास कर रामगढ़ जिले में ऑक्सीजन प्लांट डायलिसिस सेंटर ट्रामा सेंटर का निर्माण विधानसभा में आवाज उठा कर विधानसभा से पारित कर रामगढ़ जिले में बनवाने का कार्य किया गया आज उनके अथक प्रयास के बाद भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े सिद्धू कानू मैदान के अंतर्गत स्टेडियम को उनके अथक प्रयास से आज युवाओं को खेल प्रेमियों को बनवाकर 26जनवरी को सुपुत्र करवाने का काम पूर्व विधायक ममता देवी के प्रयास से किया गया विधायक का ममता देवी शुरू से जनकल्याण कारी योजनाओं के लिए तत्पर रही हैं आज उन्हें एक षड्यंत्र के तहत जन मुद्दों के आंदोलन करने झूठे केस में फंसा कर गवाहों को खरीद फरोश कर 4 माह के दूध पीते बच्चे को मां से अलग कर चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा षड्यंत्र के तहत 5 साल की सजा दिलवाने का काम यहां के पूर्व सांसद एवं विधायक के द्वारा किया गया ।

## सदर विधायक का ई-रिपोर्ट कार्ड-2022 का हुआ विमोचन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा शुक्रवार को शहर के द पैराडाइज रिसोर्ट परिसर में कार्यकर्ता वार्षिक मिलन-सह- ई रिपोर्ट कार्ड-2022 विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक दल के नेता सह झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, नगर निगम अध्यक्ष रोशनी तिर्की, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रो केपी शर्मा, कटकमदाग जिप सदस्य जीतन राम, कटकमसांडी जिप सदस्य मंजू नंदिनी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए । शुरूआत भाजपा विधायक दल के नेता सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित अन्य अतिथियों का पारंपारिक रीति- रिवाज से क्षेत्र की आदिवासी बहनों की नृत्य टोली द्वारा सामुहिक नृत्य एवं स्वागत गान के साथ किया गया। जिसके बाद सभी अतिथियों का सामूहिक रूप से सभी सदर विधायक प्रतिनिधियों और सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों के द्वारा सामूहिक रूप से 51 किलो का विशाल माला पहनाकर स्वागत किया गया।बाद इसके बाबूलाल मरांडी ने कंप्यूटर से क्लिक कर विधायक मनीष जायसवाल के साल- 2022 के सेवा कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत करती सेवा पुस्तिका 2022 के ई- रिपोर्ट कार्ड का विमोचन विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया। जिसे उपस्थित हजारों लोगों ने बड़े ही बारीकी से अवलोकन किया। अपना रिपोर्ट कार्ड रखते श्री जायसवाल ने कहा कि साल की शुरुआत कोरोना के आखिरी लड़ाई के साथ हुई जिसमें हमने पूरी तन्मयता से कार्य किया। जिसके बाद लगातार 80 दिनों तक निरंतर हजारीबाग में ध्वस्त बिजली व्यवस्था के विरुद्ध सड़क से सदन तक आंदोलनरत रहा, बरही के स्व.रूपेश पांडेय और दुमका की स्व.अंकिता सिंह के न्याय की लड़ाई लड़ी, रामनवमी और सरहुल जुलूस की अनुमति की मांग को लेकर सड़क से सदन तक मशक्कत किया, रामनवमी के अखाड़ा धारियों के बीच झंडा लाठी और तलवार भेंट किया, हर एक जरूरतमंद के लिए दिन हो या रात सदैव तत्पर रहा, हजारीबाग सहित प्रदेश के अन्य प्रभावित जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए आंदोलनरत रहा, सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए सावन माह में प्रत्येक शिवालयों में रुद्राभिषेक कराया, राष्टीयता की भावना को हर जन्म में जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाया और क्षेत्र के हर एक दर तक तिरंगा पहुंचाया ।

## 89 लाख की लागत से गोबरदरहा में बना पीसीसी पथ

**रामगढ़ :** रामगढ नगर परिषद क्षेत्र के हुहुवा में 89 लाख की लागत से बने एनएच 33 फोरलेन से गोबरदरहा निंगार खेत तक पीसीसी पथ का उदघाटन संयुक्त रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो एंव वार्ड पार्षद रोशन कुमार,देवधारी महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया।

मौके पर मनोज़ कुमार महतो ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सड़कों का श्रृंखला बन रहा है और वे क्षेत्र के सभी गांव को जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए कृतसंकल्पित हैं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मुस्कान की ओर से नन्हें बाल लेखकों के लिए मुस्कान लिटफेस्ट फॉर चाइल्ड ऑथर्स का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महानगर की गैर-लाभकारी संस्था प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) की ओर से मुस्कान पहल के तहत देश के कुछ प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक, कॉर्पोरेट और साहित्यिक संगठन को लेकर पहली बार एक अनोखे साहित्य उत्सव - मुस्कान लिटफेस्ट फॉर चाइल्ड ऑथर्स का आयोजन किया गया। प्रभा खेतान फाउंडेशन और एजुकेशन फॉर ऑल ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से तीन दिवसीय इस साहित्यिक उत्सव का आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) परिसर में किया गया।इस मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ मुंजापारा महेंद्रभाई कालूभाई ने देश भर से इस कार्यक्रम में मौजूद 30 स्कूल जानेवाले युवा लेखकों के साथ बातचीत की। इस दौरान मंत्री ने कहा, मुस्कान, प्रभा खेतान फाउंडेशन की ओर से एक ऐसा सुव्यवस्थित और विख्यात मंच हैं, जहां युवा प्रतिभाशाली लेखक अपने काम को प्रदर्शित कर अपना भविष्य और उज्वल कर सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने युवा लेखकों को सर्टिफिकेट देकर सभी का हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम में बच्चों के बीच सबसे लोकप्रिय और सम्मानित लेखक रस्किन बॉन्ड ने, एक संदेश में मुस्कान पहल के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के सराहनीय प्रयासों के लिए प्रभा खेतान फाउंडेशन के इस पहल की काफी सराहना की।10 से 12 जनवरी तक चलनेवाले तीन दिवसीय लिटफेस्ट का आयोजन आईजीएनसीए के सहयोग से और ज्ञान भागीदार के रूप में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और साहित्य अकादमी के सहयोग से संपन्न हुआ। श्री सीमेंट ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत इस आयोजन का समर्थन किया।

## विष्णुगढ़ पुलिस ने चोरी के तार समेत अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ थाना की पुलिस द्वारा 11 हजार वोल्ट के तार की कटाई कर अवैध तस्करी हेतु टेंपो वाहन में लोड कर ले जाने के क्रम में कृष्णा कुमार कसेरा उर्फ फेकू पिता मिथिलेश कसेरा,ग्राम विष्णुगढ़,कसेरा मोहल्ला,थाना विष्णुगढ़,जिला हजारीबाग को रंगे हाथ पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 4 /23 दिनांक -13.01.2023 धारा-379/ 414 भा0द0वि0 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## खैरा पंचायत की मुखिया ने किया अपने निजी खर्च से कंबल वितरण

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के खैरा पंचायत के नावाडहर, नरायणपुर ,बेडमक्का समेत अन्य गांव में ठंड से बचाव को लेकर वृद्ध बुजुर्ग गरीब असहाय बेसहारा परिवार के बिच पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी द्वारा अपने निजी खर्च से लगभग 120 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के दौरान उन्होंने लोगों से ठंड से बचने की आग्रह किया । जरूरत मंद लोगों ने कंबल मिलने पर बहुत ही खुशी जाहिर करते हुए पंचायत की मुखिया को आशीर्वाद देते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर उपमुखिया सुलोचना देवी,मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कु.वर्मा , सुरेश प्रसाद,महेंद्र प्रसाद कुशवाहा,सौरभ कु.सिंह समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी युथ क्लब सतकड़िया द्वारा सीसीएल गिद्दी सी स्टेडियम में आयोजित प्राइज मनी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाड़ी प्रखंड के आदिवासी युथ क्लब सतकड़िया द्वारा सीसीएल गिद्दी सी स्टेडियम में आयोजित प्राइज मनी फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब पर हज़ारीबाग की एकता क्लब भुरकुंडुवा की टीम ने कब्जा कर लिया है।फाइनल में एकता क्लब ने एफसी सेनेगढा की टीम को 2-1गोल से पराजित कर दिया। विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता टीम को डेढ लाख रुपये का नगद ईनाम दिया गया।फाइनल मैच में नाईजीरियन खिलाड़ी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे।फाइनल मैच देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक पहुँचे थे।मुख्य अतिथि झामुमो के जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू, और अरगड्डा एरिया के जीएम सुधांशू पांडेय उपस्थित थे।

## भेंडर द्वारा राशि हड़प लेने की लिखित शिकायत उपायुक्त से किया

**रानीश्वर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुलबोना पंचायत के एक लाभुक केराम हेम्ब्रम के नाम पर निर्माणाधीन सिंचाई कूप का कार्य अधूरा हैं।वर्ष 2014-15 मे मनरेगा के तहत कूप निर्माण कार्य की एकरारनामा करा कर निर्माण कार्य के लिए एक लाख 27 हजार रुपये निकासी कर लिया और पिछ्ले सात साल से कार्य बंद हैं लाभुक केराम ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर अग्रिम राशि पूर्व उप मुखिया सह मनरेगा के भेंडर आलम अंसारी के द्वारा कूप निर्माण कार्य का बिचौलिए बनकर राशि हड़प लेने की लिखित शिकायत किया हैं।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिया श्रद्धांजलि

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो नगर परिवार दुमका की ओर से कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा तिलका माँझी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि बाबा तिलका माँझी ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध सन् 1784 ई. मे आंदोलन आरंभ किया । इस मौके पर नगर प्रभारी रवि यादव, असीम मंडल, विजय मल्ला,सुमंत यादव, पराक्रम शर्मा, शान सिंह राजपूत कुणाल थापा,मो आरिफ,मो मेहबूब, साकेत गुप्ता,चंदन भुवनिया, राजीव हेतमपुरिया,मधु अली खान,अमर यादव, रंजीत साह, सौरभ बैरा,अमन सिंह, गीता देवी, लक्ष्मी दास इत्यादि समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गणेश अधीर साह का निधन

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी दुमका के मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूर्व जिला अध्यक्ष गणेश अधीर साह का निधन हो गया आज प्रातः उनके निधन का सूचना प्राप्त हुई।उन्होंने दुमका जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक भारतीय जनता पार्टी का पहुंच बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था और लंबे समय तक पार्टी संगठन को मजबूत करने का कार्य करते रहे।दुमका जिला भारतीय जनता पार्टी परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिजनों को दुख सहने की शक्ति। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने गणेश अधीर जी के प्रति अपनी शोक संवेदना की बाबूलाल ने कहा कि भाजपा दुमका के पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश अधीर साह जी के निधन की दुःखद सूचना मिली।एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में संगठन की सेवा करने वाले गणेश जी का योगदान स्मरणीय रहेगा।ईश्वर इनकी आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

## तिलका मांझी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंकते हुए अंग्रेजो को नाकों चने चबवाने वाले महान योद्धा अमर शहीद वीर जबरा पहाड़ियां उर्फ तिलका मांझी के शहादत दिवस पर सिविल सोसायटी दुमका तथा केन्द्रीय पहाड़ियां आदिम जनजाति संघ के संयुक्त तत्वावधान में दुमका के तिलका मांझी चौक पर स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।उक्त अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय पहाड़ियां आदिम जनजाति संघ के केंद्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह पहाड़ियां, दुमका जिला अध्यक्ष राजू पुजहर, संतोष पुजहर, सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,सचिव संदीप कुमार जय,संयुक्त सचिव अखिलेश झा, राजेश कुमार राउत,कामेश्वर मंडल, जयकांत जयसवाल,सुनील पुजहर आदि उपस्थित होकर श्रद्धेय जबरा पहाड़ियां उर्फ तिलका मांझी को माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग केंद्रीय कारा पहुंचकर राजीव जायसवाल से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी एवं हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शुक्रवार को हजारीबाग केंद्रीय कारा पहुंचकर जेल में बंद बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल से मुलाकात की. मरांडी जी लगभग 11 बजे जेल पहुंचे ओर जेल में बंद में पार्टी के नेता राजीव जायसवाल से करीब आधे घंटे तक बातचीत की ओर बाहर निकले. विदित हो कि बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा क्रांतिकारी नेता राजीव जायसवाल लगभग 1 माह से हजारीबाग केंद्रीय



कारा में बंद है. मालुम हो की झारखंड के चार्चित आईपीएल गोला गोली कांड के मामले में उन्हे 5 वर्ष की सजा सुनाई गई है. बताते चलें कि 2016 में नागरिक चेतना मंच के बैनर तले तत्कालीन झाविमो के जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में बीजेपी नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों की विभिन्न मांगो को लेकर आईपीएल प्लांट में आंदोलन किया गया था. फैक्ट्री के आस पास के विभिन्न गांव की समस्या को लेकर यह आन्दोलन किया गया था जिसमें आंदोलनकारियों पर पुलिस द्वारा फायरिंग कर दी गई.जिसमे 2 आंदोलनकारियो की मौत हो गई थी. वही इस केस को लेकर प्लांट प्रबंधन ओर जिला प्रशासन के द्वारा आन्दोलन के नेतृत्वकर्ता राजीव जयसवाल सहित सैकड़ों लोगों पर 1 ही आंदोलन का 4 केस दर्ज किया गया था।

## धोबघट समेत आस-पास के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता : किशुन यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रानीचुआ के धोबघट गांव में शुक्रवार को जीप सदस्य सह जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव की अध्यक्षता में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। ग्राम सभा में जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव के अलावा स्थानीय मुखिया मूर्ति देवी, मुखिया प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र टुडू मौजूद थे। आम सभा में कई विषयो पर चर्चा हुई। जहां जीतपुर से धोबघट होते हुए परसातरी तक वन विभाग द्वारा तत्काल मरम्मती कार्य, जंगल क्षेत्र होने के कारण धोबघाट नरसिघ्वा, परसातरी, पिंडवाटोला एवं गिधाटोला तक जगह जगह सोलर लाइट की व्यवस्था, पेयजल समस्या को देखते हुए धोबघट नरसिघवा, परसातरी, बिजली की व्यवस्था में सुधार करने सहित शिक्षा व्यवस्था के कई विषयो पर चर्चा हुई।

## झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा अपने परिवार के साथ बासुकीनाथधाम पहुंच कर की बाबा की पूजा अर्चना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा शुक्रवार को अपने परिवार के साथ विश्व प्रसिद्ध बासुकीनाथधाम पहुंच कर बाबा की पूजा अर्चना की है।पूजा अर्चना से पहले डीजीपी को बासुकीनाथ वन विभाग गेस्ट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जानकारी के अनुसार डीजीपी देवघर के बैद्यनाथ धाम में पूजा अर्चना के बाद बासुकीनाथ धाम पहुंचे थे। डीजीपी नीरज सिन्हा ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना के बाद डीजीपी सीधे वेस्ट बंगाल के तारापीठ के लिए निकल गए। डीजीपी के आगमन को लेकर दुमका जिला की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत अटल बिहारी वाजपेई बस पड़ाव में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत अटल बिहारी वाजपेई बस पड़ाव दुमका में जिला परिवहन पदाधिकारी दुमका द्वारा फीता काटकर कर स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी दुमका,फिलबियूस बारला ने बताया कि बस चालक एवं ऑटो तथा टोटो चालक का स्वास्थ्य जांच अति आवश्यक है परिवहन पदाधिकारी द्वारा अनुरोध किया गया कि सभी वाहन चालक अपने नेत्र जांच के उपरांत ही वाहन का परिचालन करें जिससे सड़क




दुर्घटना में कमी लाई जा सकती है । मौके पर उपस्थित डी.सी. एल.आर दुमका विनय मनीषा आर लकड़ा ने बताया कि चालक तथा कंडक्टर का स्वास्थ्य जांच निरंतर किया जाना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। मौके पर उपस्थित नेत्र सहायक राज हंस एवं स्वास्थ्य कर्मी तथा सड़क सुरक्षा कोषांग दुमका से दीपक कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, मनोज शाह, तथा अन्य मौजूद थे।

## अरगड्डा क्षेत्र के कोलफील्ड मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल सीएमडी से मिलकर नववर्ष की बधाई एवम शुभकामना दी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा क्षेत्र के कोलफील्ड मजदूर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल यूनियन के केंद्रीय महामंत्री राघवन रघुनंदन के नेतृत्व में अरगड्डा क्षेत्र क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय एवम क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय ने सी सी एल सीएमडी पी एन प्रसाद से मिलकर नववर्ष की बधाई एवम शुभकामना दी । तत्पश्चात दोनो ने अरगड्डा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवम प्रबंधन की ओर से बरती जा रही लापरवाही पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमडी साहब को बताया गया की वार्ता कर मिनट्स देने के उपरांत भी जिन चीजों पर प्रबंधन एवं यूनियन की सहमति बनी उसका रिमाइंडर देने के बात भी निस्पादन नही कर क्षेत्रीय प्रबंधन औधोगिक शान्ति में खलल डाल रही है अतः आग्रह है की आपका हस्तक्षेप हो ताकि औधोगिक शान्ति बनी रहे।

## पीटीपीएस में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में हुई। जिसकी अध्यक्षता अंचल मंत्री मनोज कुमार महतो द्वारा किया गया। पतरातू पश्चिमी क्षेत्र में संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की गई। जिसमें पार्टी सदस्यता व नवीनीकरण नए सदस्यों को पार्टी में जोड़ने,क्षेत्र में कोष संग्रह करने,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सभा करने पर रणनीति तैयार की गई वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री कॉमरेड विष्णु कुमार बैठक में शामिल हुए उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में आए दिन अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है अपराधी बेलगाम होकर अपराध कर रहे हैं जिससे क्षेत्र की जनता में डर का माहौल है जिसको लेकर पार्टी गंभीर है वही दूसरी ओर पतरातू प्रखंड के अंदर बालू का अवैध कारोबार चरम सीमा पर फल फूल रहा है जिसके कारण से सरकार को करोड़ों का राजस्व घाटा हो रहा है जिसे प्रशासन को अविलंब रोक लगानी चाहिए। वही एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलकर इन मुद्दों को लेकर अवगत कराएगी।मौके पर विष्णु कुमार मनोज कुमार महतो रमेश महतो संतोष मुंडा मनोज मुंडा राहुल कुमार किशोर कुमार सनोज आदि उपस्थित थे ।

## साईं परिवार द्वारा विशाल भण्डारा कल,तैयारी पूरी आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** साईं परिवार निबंधन संख्या 8188 के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ तालाब के बगल में स्थित साईं मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा।उक्त बातें मंगलवार को बैठक में सदस्यों के द्वारा बताई गई।इससे पूर्व में भी मुनका बगीचा। स्थित शिर्डी के बाबा द्वारा प्रवचन कार्यक्रम के साथ विशाल भण्डारा किया जा चुका हैं।साईं बाबा की सुबह की आरती के बाद विशाल भण्डारा का कार्यक्रम कराया जाएगा।

## अंगीठी तापने के दौरान 54वर्षीय महिला की झुलस कर मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोपीकांद :** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के खरौनी बाजार पंचायत के आमलादही गांव में शुक्रवार की सुबह अंगीठी तापने के दौरान एक 54 वर्षीय महिला झुलस गई और कुछ घंटे बाद महिला ने दम तोड़ दी। बता दें कि मृत महिला विधवा है मृतिका की सालोमी टुडू 54 वर्ष ग्राम अमलादही है आज शुक्रवार की सुबह आग तापने के दौरान अंगीठी से आग उनके कपड़ों में लगने के कारण महिला पूरी तरह से जल गई थी परिवार के लोगों के द्वारा जब तक आग बुझाया गया तब तक महिला बुरी तरह से झुलस चुकी थी। मौके पर खरौनी बाजार पंचायत की मुखिया एनोसेंट हेंब्रम ने मृतिका के परिवार से मिलकर पूरी घटना की जानकारी प्राप्त कर बीडीओ सह अंचलाधिकारी अनंत कुमार झा घटना की सूचना दी साथ गोपीकांदर थाने को भी सूचना दी गई सूचना मिलने पर गोपीकांदर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस ने झारखंड के रामगढ़ जिले में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस ने झारखंड के रामगढ़ जिले की महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कमजोर वर्गों की महिलाओं को आर्थिक अवसरों के प्रति जागरूक करना था। रामगढ़ की लगभग 70 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के विषय में पूरी जानकारी दी गई। फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस देश की दूसरी सबसे बड़ी एनबीएफसी माइक्रो फाइनेंस संस्था है जो अब तक 32 लाख आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सशक्त और स्वाधीन बनाने में मददगार रही है।

# पेंशनरों ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा दुमका के तत्वावधान में आज शुक्रवार को नव वर्ष पेंशनर मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर निश्शुल्क चिकित्सा जांच का आयोजन भारती मेडिकल हॉस्पिटल दुमका के सौजन्य से किया हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतपूर्व कल्याण मंत्री डॉक्टर लुईस मरांडी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अमिता रक्षित इस समारोह में उपस्थित होकर नव वर्ष की शुभकामना दिया ।समारोह की अध्यक्षता समाज के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी कांत ठाकुर ने सर्वप्रथम पुष्प गुछ देकर अतिथियों का स्वागत किया जिला सचिव तारनी प्रसाद कामत उपस्थित



अतिथियों का स्वागत किया तथा नववर्ष के मंगल कामनाएं की ।तत्पश्चात पूर्व मंत्री ने सभा को संबोधित किया और कहा की हम पेंशनरों को सहयोग देते रहेंगे और हमें आशीर्वाद की अपेक्षा है। अमिता रक्षित ने भी पेंशनर्स को नव वर्ष के शुभकामना देते हुए भविष्य में हमेशा सहयोग एवं स्वास्थ्य संबंधी जांच करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर शाह भोज का आयोजन पेंशनर समाज के सदस्य रामानंद मिश्र के द्वारा सौजन्य से किया गया का कार्यक्रम को सफल बनाने में दादा स्टार सपोर्ट क्लब के सदस्यों ने भी पूर्ण सहयोग इसमें दिया मुख्य रूप से मनोज कुमार मिश्र कुंदन झा सीताराम जाधव हरिशंकर प्रसाद श्यामा देवी वासुदेव प्रसाद चंद्र मोहन झा अरविंद मिश्र माधव सिंह बालेश्वर राय आदि सदस्यों ने आदि सदस्यों में पुरजोर सहयोग एवं समर्थन किया अंत में जिला अध्यक्ष के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगत अतिथियों से अनुरोध किया की पूर्व के तरफ से नए वर्ष में भी आपका सहयोग बना रहे समाज के द्वारा शनिवार 14 जनवरी को 1ः00 अपराह्न में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने अधिक से अधिक साथियों को उपस्थित होने का अनुरोध भी किया।

## ग्रामीण क्षेत्र के पशुओं को बीमारियों से बचाव को लेकर पशु सखी मंडल की दीदीयां को दी गई जिम्मेवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** ग्रामीण स्तर पर पशुओं में होने वाली कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए सखी मंडल की दीदियों द्वारा पीपीआर वैक्सीन एवं डिवर्मिंग दिया जाएगा। जिससे पशुओं में बीमारियां कम हो पशु स्वस्थ रहें और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले दीदियों एवं किसानों का आजीविका में वृद्धि होते रहे। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को बरसोत कलस्टर के पशु सखी मंडल की दीदीयो को धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने वैक्सीन किट व आइस बोटल का वितरण किया। जिससे पशु सखी मंडल की दीदी गण पूरे पंचायत में भ्रमण कर पशुओं का उपचार आसानी से कर सकेंगी। इस बाबत धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा



कि सखी मंडल की दीदीयां संगठन से जुड़कर समाज में कई सकारात्मक बदलाव कर रही है, अब इनको क्षेत्र के पशुओं को बीमारियों से बचाने का जिम्मा मिला है, जिसके लिए सखी मंडल के सभी दीदीगण बधाई के पात्र हैं। मौके पर बरसोत कलस्टर की अध्यक्ष रंजना देवी, सचिव बविता देवी, लेखापाल ममता देवी, एपीएस किरण देवी, सरिता देवी, एडब्लू बिना देवी, एकेएम खुशबू देवी, कंचन देवी, भीओए प्रीति देवी, एडब्लू मोनिका कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# बरही पुलिस ने नौ मवेशी लदा पिकअप वैन पकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** पुलिस ने गुरुवार की देर रात को गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप वैन पर लदा नौ मवेशी को पकड़ा है। इस सम्बंध में बरही थाना काण्ड संख्या 16/23, धारा 414/34 भादवि 11 (1) (डी) एनिमल क्रुएलिटी एक्ट × 12 (2) झारखण्ड बोवाइन एनिमल प्रोहबिशन ऑफ स्लॉटर एक्ट 2005 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वरीय पुलिस पदाधिकारी को प्राप्त गुप्तसूचना के आधार पर रात्रि गस्ती के पुलिस पदाधिकारी पुअनि रवि कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा वाहन चेकिंग के क्रम में पिकअप भान नम्बर डब्लूबी 37 ई 1788 में अवैध रुप से बिना किसी वैध कागजात के क्षमता से अधिक पशुओं को क्रूरता पूर्वक वाहन में लोडकर परिवहन कर ले जाते समय पकड़ा गया। पकड़ाये पिकअप भान नम्बर के चालक विशाल पासवान उम्र 21 वर्ष पिता पप्पु पासवान साकिन निन्या निचे सेन्टर, थाना



जमुरिया जिला वर्धमान (पश्चिम बंगाल ) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया एवं उक्त पिकअप भान में लोड कुल 09 (नौ) गोवंशीय पशुओं को विधिवत जप्त कर सुरक्षार्थ कोलकत्ता पिजरा पोल सोसाइटी, सितागढा हजारीबाग भेजा गया है।

# बोलबा प्रखंड अंतर्गत नकटीकछर में चेकडैम का शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी द्वारा किया गया

➲जल संसाधन के कारण हमारे क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी : विधायक कोलेबिरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बोलबा अंतर्गत नकटीकच्छर नाला में जल संसाधन विभाग राज्य योजना स्वीकृत चेकडैम का शिलान्यास नारियल फोड़ व फीता काट कर किया। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि हमारे क्षेत्र में खेती कर किसानों का रोजगार होता है उसी को देखते हुए आज मेरे अनुसंशा के मध्यम से इस क्षेत्र में जल संसाधन विभाग के द्वारा चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है। झारखण्ड एक कृषि प्रधान प्रदेश है। कृषि के उत्पादन हेतु जल संसाधनों का होना अति आवश्यक है परंतु यहां का मानसून अनिश्चित है। झारखंड में अक्सर सूखा की संभावना बनी रहती है। ऐसे में जल का उचित प्रबंधन एवं जल के अन्य स्त्रोतों का विकास किया जाना आवश्यक है जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सके। जल संसाधन के कारण हमारे क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। जल संसाधन के उचित प्रबंधन से कृषि उत्पादन बढ़ेगा एवं उद्योगों को पर्यास मात्रा में कच्चा माल प्राप्त होता है जिससे उद्योगों का विकास होता है और हमारे क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। जल प्रकृति की अक्षय देन है। किन्तु बढ़ती हुई मांग तथा जल संसाधन के वर्तमान उपयोग से आने वाले वर्षो में मानव कल्याण, विकास, जीविका तथा स्वयं जीवन को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। भविष्य में विकास के लिए आवश्यक उपयुक्त पानी की कमी हो सकती है। कमी के साथ पानी की गुणवत्ता भी तेजी से गिर रही है। जल की मांग और पूर्ति में संतुलन होने के बावजूद देश में जल संसाधन की क्षेत्रीय विभिन्नता और ऋतुगत आवश्यकता गंभीर स्थिती पैदा कर रही है जिसके लिए अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है जल संसाधन जल के वे स्रोत हैं जो मनुष्यों के लिए उपयोगी होते हैं। अधिकांशतः लोगों को ताजे जल की आवश्यकता होती है। जल की उपस्थिति के कारण ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। में हमेशा से हमारे क्षेत्र में जल की मांगों पर विशेष ध्यान देते आ रहा हूं ताकि हमारे क्षेत्र में जल की कमी ना हो। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि समी आलम जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रदेश अल्पसंखयक सचिव जमीर अहमद, बीस सूत्री अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, जमीर हसन, अब्दुल वाहिद, प्रखंड अध्यक्ष प्रेमदाश विधायक प्रतिनिधि एंथोनी टेटे, अमित टोप्पो, ममता केरकेट्टा, पुराण प्रधान, सहदेव सिंह, विजय प्रताब सिंह, फल्गू नायक, अल्बर्ट डुंगडुंग, बिपिन सिंह, प्रफुल बिलुंग, वार्ड अनीता कुमारी, आदि उपस्थित थे ।

# युवा सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं इन्हें विकसित करने की आवश्यकता है : इंद्रजीत कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ युवा एजुकेशन टिको कुडू लोहरदगा के राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा गया की युवाओं को सही दिशा प्रदान किया जाना अत्यावश्यक है। हमे स्वामी जी के जीवन से सीखना चाहिए कि कैसे अपनी संस्कृति पर गर्व के भाव से आगे बढ़ना चाहिए और चारित्रिक उन्नयन, भय त्याग, स्त्री सम्मान, आदि अत्यावश्यक है। युवाओं को नशा, व्यभिचार से दूर रह कर अपने जीवन को सार्थक बनाने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की पदाधिकारी कुंदन गिद्ध और सांस्कृतिक सेल इंचार्ज रेणुका महतो द्वारा कई प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया जिसमे भाषण में खुशनुमा प्रथम, द्वितीय कौसर, तृतीय स्थान पर श्रेया रहीं। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम अर्चना, द्वितीय नेहा, तृतीय श्वेता रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरविंद, द्वितीय आलिया, तृतीय चंदा को मिला, युवा मानवीय संसाधन विषय पर वाद विवाद में पक्ष और विपक्ष में जोरदार मुकाबला रहा जिसमे पक्ष से प्रथम स्थान अर्चना, द्वितीय खुशनुमा, तृतीय श्रेया, विपक्ष से प्रथम स्थान संजना, द्वितीय आलिया, तृतीय स्थान कंचन को प्राप्त हुआ। सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शुभम के द्वारा विवेकानंद जी का रूप धारण किया गया और उनकी शिक्षाओं को बताया गया। इस अवसर पर डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, पंकज, आफताब, जंगबहादुर, ममता, ऋतु, पवन, बिनोद, मनु, चिनिबास, आदि उपस्थित थे।

# लीड्स संस्था द्वारा स्वच्छ ऊर्जा समाधान पर पंचायत लेबल वर्कशॉप का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचुवां पंचायत के पंचायत सभागार में लीड्स संस्था द्वारा यूरोपियन यूनियन के सहयोग से रेस परियोजना के अन्तर्गत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लीड्स के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनीष कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ में परियोजना के उद्देश्य को पूरे विस्तार पूर्वक बताया गया। डीपीएम नरेंद्र मिश्रा द्वारा स्वच्छ ऊर्जा आधारित सरकारी योजना कुसुम योजना, उज्ज्वला योजना, पर्यावरण संरक्षण संबंधित चर्चा किया गया। साथ में युवाओं का टेक्निकल प्रशिक्षण, धुंवा रहित चूल्हा निर्माण, बायोगैस प्लांट की स्थापना के बारे में जानकारी दिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ग्लॉमिंग वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा रहा है स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करके ही उक्त समस्या से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बंदरचुवां पंचायत के मुखिया बिलियम समद ने परियोजना को सराहा एवं अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में उप मुखिया मुलियानी दांग ,वार्ड सदस्य, किसान, और ग्राम स्वच्छ उर्जा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आकाश, सुजाता , उत्तम एवं दिव्य अंकित की मुख्य भूमिका रही।

# कोलेबिरा के बोंगराम में धूमधाम के साथ नए चर्च का हुआ उद्घाटन

## चर्च में प्रार्थना करने से प्रभु ईसा मसीह के नजदीक जाते हैं लोग : सन्देश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के बोंगग्राम में नवनिर्मित चर्च का पवित्र संस्कार का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहे। इस मौके पर विधि विधान के साथ विशेष मिस्सा पूजन के पश्चात नवनिर्मित चर्च का पवित्र संस्कार किया गया।सन्देश एक्का ने कहा यह ऐतिहासिक क्षण प्रभु यीशु की कृपा से मिला है। ईश्वर की ओर से यह सुंदर सा स्थान प्रदान किया गया है। इस पवित्र जगह पर आकर ईश्वर की आराधना करें और उनका अशीष प्राप्त करें। प्रभु येशु के वचनों को सुने और उसे अपने जीवन में आत्मसात करें। परम पिता परमेश्वर आप सभी पर कृपा बनाए रखे। ईश्वर की ही योजना से यह गिरजाघर बनकर तैयार हुआ है। वही उन्होंने गिरजाघर बनाने में आर्थिक सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा कि चर्च के माध्यम से ईश्वर के हम करीब आते हैं।इसकी पवित्रता को बनाये रखना हम सबकी जिम्मेवारी है ईश्वर को प्राप्त करने का सबसे उत्तम और सरल उपाय भी प्रेम ही है। प्रेम भक्ति का प्राण भी होता है। प्रेम के बिना इंसान चाहे कितना ही जप, तप, दान कर ले, ईश्वर को प्राप्त नहीं कर सकता है। दुनिया का कोई भी साधन प्रेम के बिना जीव को ईश्वर का साक्षात नहीं करा सकता है। इस मौके पर हजारों की संख्या में मसीह समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# दिशा कार्यक्रम के तहत जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नालसा, नई दिल्ली एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निर्देश पर लोहरदगा जिले के सभी प्रखण्डों में दिशा योजना के तहत गहन जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के निर्देशन में बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा के प्रांगण में शिक्षक-शिक्षिकाओं, अन्य कर्मियों एवं छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गई। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार, पैनल अधिवक्ता सी.पी. पाठक, पीएलभी गौतम लेनिन एवं दीपक कुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला भारत देश के उन 112 जिलों में शामिल है जो विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। मानव विकास सूचकांक को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि हम और आप विभिन्न कानूनों व योजनाओं को न सिर्फ जाने अपितु इसका लाभ लेकर सशक्त समाज का निर्माण करें। छात्राओं को पोक्सो एक्ट, जुवनाइल जस्टिस एक्ट के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षिकों द्वारा पूछे गये कई सवालों का जवाब पैनल अधिवक्ता द्वारा दिया गया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि दिनांक 14 एवं 15 जनवरी 2023 को विभिन्न प्रखण्डों में गहन जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन के सहयोग से लोगों को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

# शंकर उरांव ने छात्र-छात्राओं के बीच निशुल्क नोटबुक कॉपी का किया वितरण



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य ने कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय विश्रामगढ़ में छात्रों के बीच नोटबुक कॉपी का वितरण किया। वहीं कॉपी मिलने से बच्चों में काफी खुशी देखने को मिला। राज्य सरकार के द्वारा चलाए गए योजना में से एक महत्वपूर्ण योजना विद्यालय कीट द्वारा निशुल्क वितरण किया गया। प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने कहा कॉपी में चार पन्ने राज्य सरकार के नाम रहेगा राज्य सरकार की योजनाएं भी प्रिंट की हुई रहेगी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्रों की किताब और कॉफी के जरिए योजनाओं की जानकारी अब लोगों तक पहुंचेगी। बच्चों ने झारखंड सरकार को धन्यवाद कहा और प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार भारती ने कहा कि बच्चों को नोटबुक कॉपी मिलने से पढ़ने लिखने में काफी मददगार होगा। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार भारती, सहायक शिक्षक सुरेंदर प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

# मेला को लेकर आयोजन समिति के सौजन्य से जर्जर पथ का हुआ मरमती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला में आने जाने के दौरान पथ पर बने गढ़े से दर्शकों को में कठिनाई का सामना न करना पड़े जिसको लेकर चितरी घाघ मेला आयोजन समिति के सौजन्य से पथ की मरमती किया गया। मकर संक्रांति पर लोहरदगा जिला का ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत चितरी ग्राम में कोयल नदी तट पर 15 जनवरी को भव्य मेला का किया जाता है। वही मेला आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया है। साथ ही मेला स्थल का निरीक्षण प्रखंड प्रशासन द्वारा किया गया था। साथ ही समिति को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया था। प्रखंड प्रशासन के अनुसार एवं मेला आयोजन समिति के पहल से त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के समीप से चितरी घाघ मेला तक जर्जर पथ की मरमती कार्य आरम्भ किया गया है। समिति अध्यक्ष सुबोध वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर जिला व ग्रामीण क्षेत्र के अलावे अन्य जिला से लोग परम्परा के अनुसार मेला का आनन्द उठाने आते है। और कोयल नदी में स्नान कर भगवान शंकर जी का पूजा अर्चना करने उपरान्त दही गुड़ चुडा तिलकुट एवं तरह तरह के व्यंजन का खरीदारी कर मेला का लुप्त उठाते है। दर्शकों को यातायात में परेशानी उतपन न हो जिसको लेकर पथ पर बने गढे का मरमती कराया जा रहा है। और मेला की तैयारी में कमिटी अपना बहुमूल्य समय देकर निर्णय ली गई योजना और प्रखंड प्रशासन द्वारा दिया गया निर्देश पर कार्य पूर्ण करने के दिशा में काम कर रही है।

# मोटर दुर्घटना के घायलों व मृतक परिवारों के बीच पहुँचा जिला विधिक सेवा प्राधिकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निर्देश पर लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने डालसा सचिव राजेश कुमार को सेन्हा थाना अन्तर्गत कंडरा चौक के पास हुई मोटर दुर्घटना को लेकर आपात बैठक की। बैठक के पश्चात सेन्हा थाना व सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त पीएलवी के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकर, लोहरदगा ने मृतकों के आश्रितों व घायलों की विस्तृत जानकारी ली एवं घायलों एवं मृतकों के आश्रितों को आपदा सहायता कोष से मदद करने हेतु परिवारों से संपर्क किया है। दोनों मृतको के परिवार की आर्थिक हालात अच्छी नहीं है जिसे देखते हुए पीएलवी- दीपक साहू, मंजू खाखा को प्रतिनुक्त किया गया है ताकि घायलों एवं मृतकों के परिवारों को सरकार के माध्यम से सहायता राशि मिल सके। स्थिति सामान्य होने के पश्चात मृतकों के आश्रितों को मोटरवाहन दुर्घटना अधिनियम एवं अन्य बीमा का लाभ पाने के लिए विधिक सहायता मुहैया कराई जाएगी।

# हिंडालको ने चलाया वाहन चालकों के स्वास्थ्य जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत आज तीसरे दिन हिंडाल्को के साइडिंग में भारी और कमर्शियल वाहन चालकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें हिंडाल्को और परिवहन विभाग का प्रमुख योगदान रहा। कुल 75 वाहन चालकों की जांच की गई जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर और आंख की जांच प्रमुखता से की गई। इस मौके पर रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, आईटी सहायक दुलार कुजूर, सदर अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अजीत कुमार, कुमार, एएनएम, जीएनएम, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्म्मन समेत अन्य उपस्थित थे।

# बोलबा के ओंकारेश्वर धाम में मकर संक्रांति मेले में पैंकी नाच होगा आकर्षण का केंद्र

**बोलबा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अलिंगुड़ ओंकारेश्वर धाम में मकर संक्रान्ति का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पिछले कई वर्षो से मेले का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें राजेश सिंह मजदूर नेता मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया है। वहीं विशिष्ट अतिथि में क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष टी पी सिंह, बीडीओ उषा मिंज, सीओ बलिराम मांझी, थाना प्रभारी मनीष कुमार, जिला परिषद,प्रमुख, सभी मुखिया एवं पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया है। ओंकारेश्वर धाम के समिति अध्यक्ष शान्ति प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी अतिथियों को अपराह्न 2:00 बजे पहुंचने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में पैंकी नाच विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। साथ ही पूर्वाहन 10:00 बजे से विधिवत रूप से शंकर भगवान की पूजा अर्चना की जाएगी।

# दो प्रखंडों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण पथ का निर्माण होने से क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : आलोक साहू

➲एक दशक से पचमबा बांध टूट जाने के कारण जनता पगडंडी में चलने को थे मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू एवं किसको प्रखंड को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पथ सलगी से रिजीटांड,रोचो, अंबाटोली, काशी टांड तिसिया किस्को प्रखंड तक पथ का आज कार्य शुभारंभ हुआ। कार्य शुभारंभ से पूर्व गांव के कुचवा पाहन के द्वारा विधिवत आदिवासी परंपरा के तहत पूजा अर्चना किया गया तथा नारियल फोड़कर कार्य शुभारंभ हुआ। मौके पर उपस्थित लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि यह कुडू एवं किसको को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पथ है ।विगत एक दशक पूर्व इस पथ में पड़ने वाले पचमबा बांध ध्वस्त हो गया था जिसके कारण एक दशक तक जनता पगडंडी होकर आवागमन करते थे तथा वर्षा के मौसम में आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो जाता था। पचमबा बांध में पुल निर्माण का कार्य लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है। यह सड़क काफी जर्जर अवस्था में है। सड़क का निर्माण हो जाने से जनता को आवागमन में काफी सुविधा भी होगा तथा कृषि उपज को एक-दूसरे प्रखंड में ले जाने में काफी सुविधा होगी। श्री साहू ने कहा कि सड़क एवं पचमबा बांध में पुल निर्माण हो जाने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। झारखंड की यूपीए सरकार में विकास तीव्र गति से हो रहा है। श्री साहू ने मौके पर उपस्थित संवेदक को समय से मजदूरों का भुगतान करने एवं गुणवत्ता के साथ कार्य करने की बात कहें। मौके पर कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव मुखर्जी, सलगी पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल उराव, ललकु बैठा, संवेदक राजेंद्र शर्मा, लव कुमार, चेतन साहू, कर्मदयाल उरांव, सुरेश उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज दिनांक 13 .01. 2023 को कक्षा चतुर्थी एवं पंचम के भैया बहनों के अभिभावकों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें 60 की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ सुरेश चंद्र पांडे सरिता देवी एवं लीला देवी ने संयुक्त रूप से मां भारती भारत मां एवं ओम के चित्र के समक्षदीप प्रज्वलित एवं पुष्पा अर्चन करके किया। इस अवसर पर आए हुए अभिभावकों ने अपनी बातें रखें ।इस क्रम में श्रीमती लीला ने कहा कि मेरा बच्चा शिशु मंदिर में पढ़ करके राष्ट्र की सेवा का संकल्प लिया था। आज वह सैनिक के रूप में कार्य कर रहा है और परिवार के प्रति उसकी निष्ठा है और हम सब की सेवा कर रहा है। सरिता ने कहा कि शिशु मंदिर में पढ़ने वाले बालक आज्ञाकारी एवं परिश्रमी होते हैं हमें सोच समझकर अपने बालक बालिकाओं का नामांकन ऐसे संस्थान में कराना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। भैया आशीष सिंह के पिताजी ने इस अवसर पर कहा कि हम तो एकदम सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं किंतु जब मैं 2008 में लोहरदगा में आया तो उस समय मैंने लोगों से पूछा कि किस विद्यालय में अपने बच्चा का नामांकन कराऊं उस समय लोगों ने कहा कि शिशु मंदिर में आप अपने बच्चों का नामांकन कराओ वहां पर अच्छी शिक्षा प्राप्त होती है। आज हमारे भैया बहन इसी विद्यालय से पढ़कर विद्या मंदिर में पढ़ रहे हैं और हमें यहां के पढ़ाई एवं संस्कार से पूर्णरूपेण संतुष्टि है । विजय महतो ने भी विचार प्रकट किए। विद्यालय के आचार्य नंदकिशोर साहू ने आए हुए सभी अभिभावकों का आभार प्रकट किया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर जय श्री राम समिति ने किया गहरा शोक प्रकट

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंडरा चौक के समीप कुंडगड़ी जंगल मोड के पास दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों की मौके पर मौत को लेकर जय श्री राम समिति ने गहरा दुख व्यक्त किया। ज्ञात हो कि पूजा से लौट रहे स्कॉर्पियो गाड़ी एवं बाइक की टक्कर में हापामुनी निवासी सुरेश मणि पाठक का एकलौता पुत्र अभिषेक मणि पाठक एवं गम्हरिया निवासी की मौत एवं 6 लोग घायल हो गए थे। लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जय श्री राम समिति के जिला संरक्षक राजू गुप्ता,अजय सोनी,अनूप गुप्ता,राम नारायण प्रसाद,पूर्व अध्यक्ष गुंजन वर्मा जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो,निलेश पाठक,शैलेश पाठक समेत अन्य लोग मौजूद थे। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार के ऊपर पहाड़ सा गिरने के बराबर था लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था परिवार को एक चिंता और सता रही थी अभिषेक मणि पाठक का एकलौती पुत्री 3 महीना जिसके सर से पिता का साया हट गया उसे देख हर किसी के आंख भर आई। इस घटना का समिति ने दुख व्यक्त किया दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक मुख्य संरक्षक रमेश उरांव,सुषमा सिंह, राजू गुप्ता, अजय सोनी,अनूप गुप्ता,राम नारायण प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष गुंजन वर्मा, कन्हैया करवा, संजय नायक, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, दयाशंकर सिंह, हेमंत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, अनिल उरांव, विक्की कसेरा,अनुज कुमार, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, शैलेश कुमार, दीपक कुमार साहू, संजय पासवान, समेला भगत, मीना बाखला, बिंदिया देवी, गौरी देवी, संगीता देवी, रेनू देवी, रेखा अग्रवाल, प्रभादेवी, भारती देवी समेत समस्त समिति के लोग शामिल है।

## चलते चलते एक नजर

### सेवा भारती का किसान मेला 29 जनवरी को

**रांची** : सेवा भारती जोन्हा स्थित गुड़ीडीह सेवा धाम में 29 जनवरी को किसान मेला का आयोजन करेगी। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर, सेवा समर्पण दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। आरोग्य सेवा केंद्र प्रभारी जीपी पांडेय ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

### आरडीसीआईएस सेल का आईआईएम रांची के साथ हुआ समझौता

**रांची।** आरडीसीआईएस, सेल, रांची और आईआईएम, रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया7 इसका विषय वस्तु इस्पात बनाने की सिंटरिंग प्रक्रिया में बेस मिक्स तैयार करने और प्रक्रिया के गुणवत्ता उत्कृष्टता में सहयोगात्मक कार्य के लिए है । समझौता के तहत एक डेटा एनालिटिक्स मॉडल संयुक्त रूप से विकसित किया जाएगा जिसका सिंटर गुणवत्ता के मानक विचलन को कम करने के उद्देश्य से बेस मिक्स और लौह अयस्क सिंटरिंग प्रक्रिया के अनुकूलन के लिए लागू किया जाएगा7 इसके परिणामस्वरूप अंततः कोक दर, लागत तथा ग्रीन हॉउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी। यह डेटा एनालिटिक्स सघन मॉडल उद्योग 4.0 के लिए सही कदम होगा। सेल, आरडीसीआईएस द्वारा यह पहल श्री निर्विक बनर्जी, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस), सेल के मार्गदर्शन में की गई है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर आईआईएम रांची की ओर से प्रोफेसर एस बेरा तथा आर.डी.सी.आई.एस की ओर से एस गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक (आयरन) ने किया7 इस अवसर पर निदेशक आईआईएम, रांची श्री डीके श्रीवास्तव और कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआईएस, निर्विक बनर्जी मौजूद थे7 कार्यक्रम के दौरान प्रोफ़ेसर रोजर्स, प्रभारी एमडीपी, आई.आई.एम् और पी पाठक, मुख्य महाप्रबंधक(रोलिंग),एन चक्रवर्ती जीएम (पी.सी.) ए मल्लिक, महाप्रबंधक (एमई एंड ए) भी उपस्थित थे।

### 16 जनवरी को पेंटिंग प्रतियोगिता विजेता का नाम प्रधानमंत्री को भेजा जायेगा

**रांची ।** सांसद संजय सेठ ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल देश के सभी परीक्षार्थी जो क्लास 9 से 12 तक के छात्र हैं वो परीक्षा तनाव नहीं बल्कि वो सब उत्सव के माहौल में परीक्षा लिखें। इसी के निमित आगामी 27 जनवरी को प्रधानमंत्री देश के करोड़ों छात्रों के साथ संबाद करेंगे । इसी के निमित परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए राँची में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सांसद संजय सेठ के द्वारा गुरुनानक स्कूल में 16 जनवरी को आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में रांची के सभी स्कूल के बच्चे क्लास 9 से 12 तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय एवं बेस्ट 10 बेस्ट 25 को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगी को सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जो भी प्रतिभागी चुनें जाएंगे उसका नाम प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा। यह प्रतियोगिता एक घंटे का होगा । प्रतियोगिता का थीम प्रतियोगिता स्थल पर दिया जाएगा । यह कार्यक्रम पूरे देश भर के सांसद द्वारा आयोजित की जा रही है। आधिक जानकारी के लिये कुमार विवेकानंद 9431101226 एवं धनंजय कुमार 7091091066 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# 14 जनवरी : मकर संक्रांति आज

## खगोल, ज्योतिष, मौसम और धर्म से है मकर संक्रांति का संबंध

एजेंसी

**नई दिल्ली** : आज 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व अपने आप में बहुत महत्व रखने वाला होता है। इसका संबंध खगोल से भी, ज्योतिष से भी, मौसम से भी और धर्म से भी है। मकर संक्रांति को उत्तरायण भी कहा जाता है। इस दिन का धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व है। क्योंकि इस दिन सूर्य उत्तर दिशा की ओर बढ़ता है और मकर राशि में प्रवेश करता है। वेदों में, भगवान सूर्य को पिता के रूप में जाना जाता है और उनका मार्ग हमारे जीवन के चरणों और ऋतुओं के परिवर्तन को निर्धारित करता है। ऐसा माना जाता है, यदि आप एक नया व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रहे हैं, कार्यालय में एक नया पद ग्रहण कर रहे हैं, आदि तो यह शुभ दिन है। मकर संक्रांति पूरे भारत में कई नामों से मनाई जाती है- असम में माघ बिहू, पंजाब में माघी, हिमाचल प्रदेश में माघी साजी, जम्मू में माघी संग्रांद या उत्तरायण (उत्तरायण), हरियाणा में सकरत, मध्य भारत में सुकरत, तमिलनाडु में पोंगल, गुजरात और उत्तर प्रदेश में उत्तरायण, उत्तराखंड में घुघुटी, ओडिशा में मकर संक्रांति, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, पश्चिम बंगाल (जिसे पौष संक्रांति भी कहा जाता है), उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश (जिसे खिचड़ी संक्रांति भी कहा जाता है) या आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में संक्रांति के रूप में। इस दिन भक्त सूर्य को अर्घ्य देते हैं, भगवान विष्णु




और देवी लक्ष्मी की पूजा करते है। धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों ही दृष्टियों से मकर संक्रांति के पर्व का अपना महत्व है। ऐसा माना जाता है कि मकर संक्रांति वह दिन है जब गंगाजी राजा भागीरथ का पीछा करते हुए सागर में कपिल मुनि के आश्रम से मिली थीं। इसलिए इस दिन को गंगा स्नान के लिए बहुत पवित्र माना जाता है। इसके साथ ही इस दिन को उत्तरायण का विशेष दिन भी माना जाता है क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है कि उत्तरायण वह समय होता है जब देवताओं का दिन होता है। इसलिए इसे बहुत ही पवित्र और सकारात्मक माना जाता है। यही कारण है कि यह दिन दान, स्नान, तप, तर्पण आदि के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन किया गया दान अन्य दिनों की अपेक्षा सौ गुना अधिक फलदायी होता है। इस विषय से जुड़ा एक बहुत प्रसिद्ध श्लोक है, जो इस दिन के महत्व को बताता है।

**माघे मासे महादेवः यो दास्यति घृतकम्बलम।**
**स भुक्त्वा सकलान भोगान अन्ते मोक्षं प्राप्यति॥**

इस श्लोक का अर्थ है जो व्यक्ति मकर संक्रांति के दिन शुद्ध घी और कम्बल का दान करता है, वह इस जीवन-मरण के बंधन से मुक्त होकर मृत्यु के बाद मोक्ष को प्राप्त करता है।

### साल 2027 तक लसीका फाइलेरिया से देश को मुक्त करने का लक्ष्यः मांडविया

**नई दिल्ली** : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि साल 2027 तक लसीका फाइलेरिया (एलएफ) को देश से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। एलएफ को खत्म करने का वैश्विक लक्ष्य साल 2030 है। उन्होंने कहा कि नए भारत में लसीका फाइलेरिया बीमारी इतिहास होनी चाहिए। इसके लिए सभी लोगों को मिलकर काम करने के साथ संकल्प करना होगा। डॉ. मांडविया ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में लसीका फाइलेरिया को खत्म करने के लिए भारत के रोडमैप पर राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

## अपूरणीय क्षति है शरद यादव का निधन : राकेश पासवान

झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुखद घटना सुनकर दिल भर आया।



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : भारत के वरिष्ठ समाजवादी नेता शरद यादव के निधन से अपूरणीय क्षति इस देश और राजनीति पार्टियों के लिए हो गई है। झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुखद घटना सुनकर दिल भर आया। ऐसे समाजवादियों को चले जाना राजनीति पार्टी ही नहीं पूरे भारत का क्षति है। ऐसे राजनेता का भरपाई होना बहुत मुश्किल है,जो समाजवादियों के लिए यह दुख का विषय है। मेरे पिता स्वर्गीय जोरावर राम 1989 में इनके साथ जनता दल से सांसद थे। वह मंत्री इस बीच कई बार उनसे मिलना जुलना और बिहार सरकार के द्वारा उनकी राजनीति में हिस्सा लेना लालू प्रसाद यादव के आवास पर मुलाकात होती थी। पैर छूकर प्रणाम करता था। वह आशीर्वाद दिया करते थे। जोरावर का बेटा हो हम कहते थे जी गार्जियन और पिता से भी अच्छा नाम कमाओ।आशीर्वाद देते थे। इस दुख की घड़ी में भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को शक्ति भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

### सांसद विष्णु दयाल राम का सफल रहा प्रयास

## बरवाडीह-चिरिमीरी-अंबिकापुर रेलवे लाईन निर्माण हेतु सर्वे का कार्य शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास के फलस्वरुप बरवाडीह-चिरिमीरी-अंबिकापुर रेलवे लाईन निर्माण हेतु डीपीआर बनाने के लिए सर्वे का कार्य शुरू हो गया। सांसद श्री राम ने बताया कि उक्त रेलवे लाइन के निर्माण के लिए वर्ष 2014 से ही उक्त मामले को लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत उठाते रहने, रेलवे जोन एवं मंडल की बैठकों में उठाने, विभिन्न स्तरों पर पत्राचार करने एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत मुलाकात कर अनुरोध किया था। सांसद ने कहा कि पलामू प्रमंडल के लिए बरवाडीह-चिरिमीरी-अंबिकापुर रेलवे लाइन परियोजना के लंबित रहने के कारण उक्त क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विदित है कि कई किलोमीटर तक उक्त रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इस रेल परियोजना पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुके हैं, परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो



गया था। उक्त रेल परियोजना के पूर्ण होने से न केवल पलामू प्रमंडल के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी।

## मैक्लुस्कीगंज में अपराध गोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम ने मैक्लुस्कीगंज थाना अंतर्गत ड्रीम डिस्टेनेशन मैक्लुस्कीगंज स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक /पुनि एवं थाना/ओपी प्रभारी उपस्थित हुए ।

गोष्ठी के प्रारंभ में क्रिसमस पर्व एवं नव वर्ष को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया, जिसके लिए सभी को धन्यवाद दिया गया, साथ ही सभी को आगामी 26 जनवरी को देखते हुए ग्रामीण थाना क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राइम चेकिंग करने तथा अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु दिशा निर्देश दिया गया। विगत माह में दिए गए निर्देशों की समीक्षा बारी- बारी सभी थाना प्रभारी से की गई।



**अपराध नियंत्रण में** : विगत 5 से 10 वर्षो से लंबित विशेष एवं अविशेष कुल 173 कांडों का निष्पादन 31/12/22 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 145 कांडों का निष्पादन हो चुका है, शेष बचे 28 कांडों का निष्पादन समय पर करने, हेतु सभी को दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही पिछले 02 वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ/ शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी, सी.सी.टी.एन.एस-आई आईएफ 2 फार्म को समय पर अपलोड करने अनुसंधान नियंत्रण में यूडी कांडों की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक करवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

**सम्मानित किया गया** : गोष्ठी के उपरांत वैसे पुलिस पदाधिकारी जिन्होंने पिछले महीना में विशेष कांडों के उद्भेदन में महत्वपूर्ण निभाने तथा 12जनवरी23 को बुढ़मू थाना अंतर्गत चेनगड़ा गांव के लुकिया गढ़ जंगल में टीपीसी के नक्सलियों एवं पुलिस के बीच हुए मुठभेड़ में महत्वपूर्ण भूमिका वाले निम्नांकित पुलिस पदाधिकारी/ पुलिसकर्मी अनिमेष नैथानी, पुलिस उपाधीक्षक खलारी, पुनि सपन कुमार महथा, थाना प्रभारी रातु रांची, पुअनि कृष्ण कुमार थाना प्रभारी ठाकुरगांव, पुअनिकमलेश कुमार राय थाना प्रभारी बुढ़मू, पुअनि रंजय कुमार थाना प्रभारी चान्हो , पुअनि दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, तमाड़,पुअनि मनीष कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी, बेड़ो, आरक्षी 3550 प्रवीण तिवारी 9. आरक्षी 3625 कृष्णा उरांव 10. आरक्षी 1669 विनय टेटे एवं चाआ 3368 सुरेश मुण्डरी, क्वार्टी टीम को प्रशस्ति पत्र के साथ डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया।

### शरद यादव के निधन पर बिहार में एक दिन राजकीय शोक की घोषणा

**पटना** : पूर्व केंद्रीय मंत्री और समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर बिहार में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने पत्र जारी किया है। पत्र सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त और जिला पदाधिकारियों को भेजा गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं समाजवादी नेता शरद यादव का 12 जनवरी को निधन हो गया है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में 13 जनवरी को राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है। इस अवधि में पूरे राज्य में उन सभी भवनों जिन पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज लगाए जाते हैं, आधा झुका रहेगा। इस अवधि में राजकीय समारोह और मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

## 17 जनवरी से खातियानी जोहार यात्रा शुरू करेंगे मुख्यमंत्री : पांडेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के आम जन-मानस का झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रति लगाव एवं अभूतपूर्व उत्साह के कारण खातियानी जोहार यात्रा का प्रथम चरण ऐतिहासिक रूप से सफल रहा।

खातियानी जोहार यात्रा के द्वितीय चरण में 17 जनवरी 2023 को कोडरमा, 18 जनवरी 2023 को गिरिडीह, 23 जनवरी 2023 को सिमडेगा, 24 जनवरी 2023 को पश्चिम सिंहभूम, 31 जनवरी 2023 को सरायकेला-खरसावां एवं दिनांक 31 जनवरी 2023 को पूर्वी सिंहभूम जिला में कार्यक्रम आयोजित है।

इसी क्रम में खातियानी जोहार यात्रा के तैयारी हेतु पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक 13 जनवरी 2023 को रांची के हरमू स्थित पार्टी



के केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला के जिला समिति के पदाधिकारियों, केंद्रीय समिति के सदस्यों ने अपनी बात रखी तथा खातियानी जोहार यात्रा के सफलता के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से माननीय विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, समीर मोहंती, सरायकेला-खरसावां जिला अध्यक्ष डॉ.शुभेंदु महतो सहित कई नेता/कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## इसरो ने जोशीमठ की सैटेलाइट तस्वीरें जारी की





एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के हैदराबाद स्थित नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर ने पहली बार जोशीमठ की भूगर्भीय हलचल (भू-धंसाव) की सैटेलाइट तस्वीर जारी की हैं। यह प्रारंभिक तस्वीरें काटरेसैट-2एस सैटेलाइट से ली गई हैं। जोशीमठ समुद्र तल से करीब 6000 फीट की ऊंचाई पर बसा है। यह धार्मिक, एतिहासिक और सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। जोशीमठ भूकंप जोन 5 में वर्गीकृत है। इसरो की इन तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि जोशीमठ का कौन सा हिस्सा धंसने वाला है। इसरो ने अपने सैटेलाइट से जोशीमठ की आपदा का जायजा लिया है। इसकी तस्वीरें डराने वाली हैं। इन तस्वीरों पर पीला रंग सेंसेटिव जोन है। इस पीले घेरे में पूरा शहर आता है। इसरो ने आर्मी हेलीपैड और नरसिंह मंदिर की तस्वीर भी जारी की है। सैटेलाइट तस्वीरों में दिख रही लाल रंग की धारियां सड़कें हैं। नीले रंग का घेरा जोशीमठ के नीचे का ड्रेनेज सिस्टम है। जोशीमठ के मध्य भाग को लाल रंग के गोले में दशार्या गया है। यह सबसे ज्यादा भू-धंसाव प्रभावित है। इस धंसाव का ऊपर हिस्सा जोशीमठ औली रोड पर मौजूद है।

## शरद की कर्मभूमि रही बिहार, निभाई किंगमेकर की भूमिका

एजेंसी

**पटना** : प्रखर समाजवादी वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव ने जन्म तो मध्य प्रदेश में लिया लेकिन बिहार उनकी कर्मभूमि रही। उन्हें बिहार की राजनीति का भीष्म पितामह भी कहा जाता है। ये शरद यादव की स्वीकार्यता ही थी कि मध्य प्रदेश के होने के बावजूद भी उन्होंने बिहार में लालू और नीतीश दोनों को ना केवल मुख्यमंत्री बनाया, बल्कि जब लालू यादव की लोकप्रियता शिखर पर थी तब उन्हें सियासी पटखनी दी थी। वो साल 1999 का था।



लालू यादव को तब हराया जब वे अपने राजनीतिक कद के सबसे ऊंचे मुकाम पर थे

इसके बाद शरद यादव का कद बिहार में बढ़ता चला गया। मधेपुरा से शरद यादव चार बार सांसद चुने गए।जिस मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से शरद यादव ने लालू यादव जैसे दिग्गज को हराया उसी सीट से इन्हें पप्पू यादव जैसे युवा नेता से हार का भी मुंह देखना पड़ा। साल 2014 में जब देश में नरेन्द मोदी की लहर थी तो जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शरद यादव मधेपुरा से मैदान में थे। उनके सामने राजद से युवा चेहरा पप्पू यादव थे। इस चुनाव में पप्पू यादव ने उन्हें पटखनी दे दी। मधेपुरा से अपना आखिरी लोकसभा चुनाव शरद यादव ने राजद के टिकट से लड़ा। इस आखिरी लोकसभा चुनाव में उन्हें जदयू के ही नेता दिनेश चंद्र यादव से हार का मुंह देखना पड़ा।

वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार के मुताबिक, लालू प्रसाद यादव को सीएम बनाने में शरद यादव की सबसे बड़ी भूमिका रही। 1990 में केंद्र में वीपी सिंह की सरकार गिर चुकी थी। बिहार में नई सरकार का गठन होना था। रामसुंदर दास रेस में सबसे आगे चल रहे थे। रघुनाथ झा भी मैदान में थे।

ऐसे में केंद्रीय टीम में शामिल शरद यादव ने लालू यादव के नाम पर सहमति जुटाई और लालू यादव को मुख्यमंत्री बनाया गया। इसी तरह 2005 के विधानसभा चुनाव में एनडीए के संयोजक रूप में गठबंधन से लेकर सीट बंटवारे तक और चुनावी कूटनीति से एनडीए को जीत दिलाने में शरद यादव की अग्रणी भूमिका रही। इसी जीत के बाद नीतीश कुमार के सिर सीएम का ताज सजा।

वरिष्ठ पत्रकार राजीव रंजन का कहना है कि 2003 में जॉर्ज फर्नांडिस की अगुआई वाली समता पार्टी का शरद यादव की अगुआई वाल जदयू में विलय हुआ। शरद पार्टी में सबसे कद्दावर नेता के रूप में चुने गए। 2005 में इनकी पार्टी सत्ता में आई। इसके बाद इनका कद बड़ते चला गया लेकिन 2015 आते-आते नीतीश कुमार और शरद यादव में दूरियां बड़ने लगी। हालात ऐसे बन गए कि शरद यादव का नीतीश और उस जदयू का दामन छूट गया, जिसे उन्होंने खड़ा किया था।

2018 में उन्होंने अपनी पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल का गठन किया लेकिन सफल नहीं रहे। 2019 में वे लौटकर राजद में आए। मधेपुरा से चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। इसके बाद से वे लगातार बीमार रहने लगे थे। राजीव रंजन ने कहा कि शरद यादव आखिरी बार 21 सितंबर, 2022 को बिहार लौटे थे। तब वे लगभग तीन साल बाद पटना आए थे। यहां उन्होंने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं से मुलाकात की थी।

उल्लेखनीय है कि शरद यादव का गुरुवार की देर शाम गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया।